राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran






12 केरल के स्कूलों में पढ़ाए जाएंगे राज्यपाल के अधिकार........

लॉस एंजिलिस हिंसा के लिए जेडी वेंस ने डेमोक्रेट्स को ठहराया...... 12


वर्ष : 16 | अंक : 48 | नई दिल्ली, रविवार, 22 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# देश-विदेश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे मनोयोग से किया गया योगाभ्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। देश और विदेश में शनिवार को पूरे मनोयोग के साथ 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के हमारे प्रस्ताव के साथ आज 175 देश खड़े है और योग आज करोड़ों लोगों की जीवन शैली बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केन्द्रीय मंत्रियों ने योगाभ्यास किया। मुर्मु ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस लाइन में योगाभ्यास किया और कामना की कि योग के प्रयोग से समस्त विश्व के निवासी स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। उन्होंने कहा कि योग पूरी मानवता के लिए सांझी धरोहर बन चुका है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर 11वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य रखी गयी है। उन्होंने कहा कि योग का अर्थ जोड़ना है। योग का अभ्यास व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा को जोड़ना तथा स्वस्थ बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में सामूहिक योग कार्यक्रम का नेतृत्व किया जिसमें तीन लाख से अधिक लोगों के साथ योगासन किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व भर में योग के प्रचार प्रसार के लिए इसमें निहित विज्ञान को आधुनिक अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने का प्रयास चल रह है। श्री मोदी ने कहा, राष्ट्रीय




आयुर्वेद मिशन के जरिए भी योग और वेलनेस के मंत्र को आगे बढ़ाया जा रहा है और इसमें डिजिटल प्राद्योगिकी की भी कारगर मदद ली गयी है। योग को जन आंदोलन बनाने की अपील करते हुये श्री मोदी ने कहा आईये हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाये एक ऐसा आंदोलन जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और समरसता की ओर से ले जाये जहां हर व्यक्ति दिन की शुरूआत योग से करे और जीवन में संतुलन पाये। जहां हर समाज योग से जुड़े और तनाव से मुक्त हो जहां योग मानवता को एक सूत्र में पिराने का माध्यम बने और जहां योग फॉर वनअर्थ, वन हैल्थ (एक धरती एक स्वास्थ्य के लिए योग) एक वैश्विक संकल्प बन जाये। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने 2500 कर्मियों के साथ योगाभ्यास समारोह में भाग लिया। उन्होंने यहां सेना के जवानों से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर में उनके प्रयासों की सराहना की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में राष्ट्रीय राजधानी में संसद परिसर में योग सत्र में भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, हमको अपने जीवन में योग अपनाना होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इसको शामिल किया है। एम्स में भी आयुष विभाग को शामिल किया है। एम्स दिल्ली में भी इंटेग्राटेड सेंटर चलाया जा रहा है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संक्षिप्त खबरें

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश-विदेश में लाखों लोगों ने किया योग

नई दिल्ली। देश और विदेश में शनिवार को पूरे मनोयोग के साथ ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग का मुख्य समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केन्द्रीय मंत्रियों ने योग किया। मुर्मु ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस लाइन में योग किया। उन्होंने कामना की कि योग के प्रयोग से समस्त विश्व के निवासी स्वस्थ और प्रसन्न रहें। उन्होंने कहा कि योग पूरी मानवता के लिए सांझी धरोहर बन चुका है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य रखी गयी है। उन्होंने कहा कि योग का अर्थ जोड़ना है। योग का अभ्यास व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर उसे स्वस्थ बनाना है। श्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में सामूहिक योग कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जिसमें तीन लाख से अधिक लोगों के साथ योग किया।

# प्रधानमंत्री ने विशाखपत्तनम में 3 लाख लोगों संग किया योग, दिया हील इन इंडिया का भी मंत्र

विशाखापत्तनम, एजेंसी

विशाखापत्तनम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों संग योग किया। इस भव्य आयोजन में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू भी शामिल हुए। इस बार की योग की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। मंच से पीएम मोदी ने दुनिया को योग को मानवता की भलाई के लिए उठाया गया सामूहिक प्रयास करार दिया। पीएम मोदी ने कहा कि योग का मतलब होता है- जोड़ना। और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, आज की दुनिया में ऐसी एकता और ऐसा समर्थन सामान्य बात नहीं है। ये सिर्फ एक प्रस्ताव का समर्थन नहीं था। बल्कि मानवता के भले के लिए दुनिया का सामूहिक प्रयास था। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से दुनिया तनाव, अशांति और अस्थिरता से गुजर रही है। कई क्षेत्रों में यह स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में योग हमें शांति का रास्ता दिखाता है। योग उस ह्यपॉज बटनह्न की तरह है जिसकी इंसानियत को जरूरत है- ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को लेकर हो रहे रिसर्च की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा, विश्व में योग के प्रसार के लिए भारत योग की साइंस को आधुनिक रिसर्च से और अधिक सशक्त कर रहा है। देश के बड़े-बड़े मेडिकल संस्थान योग पर रिसर्च पर जुटे हैं। योग की वैज्ञानिकता को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान मिले, ये हमारा प्रयास है। एम्स के सराहनीय कदम को रेखांकित करते हुए कहा, ह्व हम योग के क्षेत्र में प्रमाण आधारित थेरेपी को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इस दिशा में दिल्ली एम्स ने सराहनीय काम किया है। एम्स के शोध में यह सामने आया है कि कार्डिएक और न्यूरोलॉजिकल संबंधी बीमारियों के इलाज में योग की अहम भूमिका है। इसके साथ ही, महिलाओं के स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य में भी योग का महत्वपूर्ण योगदान पाया गया है। पीएम मोदी ने हील इन इंडिया का जिक्र करते हुए कहा, आज हील इन इंडिया का मंत्र भी दुनिया में काफी पॉपुलर हो रहा है। भारत बेस डेस्टिनेशन बन रहा है। योग की इसमें बड़ी भूमिका है। योग के लिए कॉमन प्रोटोकाल बनाया गया है। साढ़े लाख ट्रेंड वॉलेंटियर 130 संस्थानों में एक होलिस्टिक ईको सिस्टम तैयार कर रहे हैं। दुनियाभर के लोगों को भारत के इस वेलनेस ईको सिस्टम का फायदा मिले इसके लिए ई-आयुष वीजा दिए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने इस बार की थीम को सच दशार्ने वाली बताया। उन्होंने कहा कि इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम है- ह्यएक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग। यह थीम एक गहरी सच्चाई को दशार्ती है: धरती पर मौजूद हर चीज का स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। मनुष्य की भलाई उस मिट्टी की सेहत पर निर्भर है जिसमें हमारा भोजन उगता है, उन नदियों पर निर्भर है जो हमें पानी देती हैं, उन जानवरों पर जो हमारे इकोसिस्टम का हिस्सा हैं, और उन पेड़ों-पौधों पर जो हमें पोषण देते हैं। योग हमें इस आपसी जुड़ाव का एहसास कराता है, हमें दुनिया से एकात्मता की ओर ले जाता है और सिखाता है कि हम अकेले अस्तित्व में नहीं हैं, हम प्रकृति का हिस्सा हैं।









**योगांध्र 2025: विशाखापत्तनम में पीएम मोदी बोले, दुनिया तनाव के दौर से गुजर रही, मेरी अपील योग को ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बनाया जाए**

विशाखापत्तनम। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में विशाल योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम में आयोजित विशाल योग कार्यक्रम का नेतृत्व किया। योगांध्र 2025 में प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी शामिल हुए। मंच से प्रधानमंत्री ने योग की बढ़ती महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल देश में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बन गया है। पीएम ने कहा, दुर्भाग्य से दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। अशांति अस्थिरता बढ़ रही है ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। मैं विश्व समुदाय से आज के इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक आग्रह करूंगा कि जहां योग सिर्फ पर्सनल प्रेक्टिस न रहे बल्कि ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बने। योग को लोकनीति का हिस्सा बनाएं। जब जनता लक्ष्य को थाम लेती है तो उस लक्ष्य की प्राप्ति से हमें कोई रोक नहीं पाता। आपके प्रयास यहां इस आयोजन में नजर आ रहे हैं। मी टु वी का भाव भारत की आत्मा का साथ है। जब व्यक्ति अपने हित से ऊपर उठकर समाज की सोचता है तभी पूरी मानवता का हित होता है। भारत की संस्कृति हमें सर्वे भवंतु सुखनः रही है। इस दौरान पीएम मोदी बोले- अभी नेवी के जहाज में भी योग कार्यक्रम चल रहा है। चाहे ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों या एवरेस्ट की चोटियां या समुंदर का विस्तार हो एक ही संदेश आता है कि योग सभी का है और सभी के लिए है। विशाखापट्टनम के लोगों ने इतना अच्छा आयोजन किया है कि सीएम चंद्रबाबू और पवन कल्याण गारू को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने योग का अर्थ दुनिया को जोड़ना बताया। पीएम मोदी ने कहा- देश और दुनिया के सभी लोगों को इंटरनेशनल योग डे की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आज 11वीं बार पूरा विश्व 21 जून को एकसाथ योग कर रहा है। योग का सीधा सादा अर्थ होता है जुड़ना और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व का जोड़ा है। आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं। वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं। गांव-गांव में युवा साथी योग ओलिंपियाड में भाग लेते हैं। बता दें, इस कार्यक्रम में 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और योग प्रेमी भाग ले रहे हैं, जिससे भारत का योग संदेश वैश्विक पटल पर और सशक्त हो रहा है। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियाँ की गई थीं, जिसमें सुरक्षा, तकनीकी और व्यवस्थात्मक पहलुओं का विशेष ध्यान रखा गया। आरके बीच पर एक साथ 3.19 लाख लोगों के योग करने की व्यवस्था की गई है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, राज्य, देश और दुनिया भर के आठ लाख स्थानों से प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है।

## योग शारीरिक अनुशासन ही नहीं, वह गहन मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास भी : नड्डा



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और केंद्रीयमंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली के कर्तव्य पथ पर योग किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए योगाभ्यास को जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शब्द 'योग' का अर्थ है 'एकजुट होना' या 'संक्षेप में प्रस्तुत करना' - जो शरीर, मन और आत्मा के मिलन का प्रतीक है। यह न केवल एक शारीरिक अनुशासन है, बल्कि एक गहन मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास भी है। नड्डा ने कहा कि योग दिवस की कल्पना और योग दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाए, इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में की थी। 2014 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की सभा में कहा था कि योग दिवस मनाया जाना चाहिए और लगभग 170 से अधिक देशों ने इसका समर्थन किया । उसके बाद दिसंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने ये घोषणा की कि 21 जून को हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रस्ताव को प्रधानमंत्री ने रखा था, उसको संयुक्त राष्ट्र ने सर्वसम्मति से पारित करके 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाना शुरू किया। नड्डा ने योग के लाभ पर जोर देते हुए कहा कि योग हमारे भारत की प्राचीन प्रथा है। योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है। यह एक ऐसा मार्ग है जिसके माध्यम से हम अपनी आंतरिक चेतना से जुड़ने का प्रयास करते हैं। अकसर ध्यान जैसी प्रथाओं के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को भी ठीक क्या जा सकता है।

## योग आत्मा की शुद्धि, चित्त की स्थिरता और जीवन के हर पहलू में संतुलन स्थापित करने की चिर पुरातन भारतीय परंपरा : ओम बिरला

नई दिल्ली, एजेंसी




नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देश-दुनिया में लोग योगाभ्यास करते दिख रहे हैं। इस बार की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। इस विशेष दिन की लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। ओम बिरला ने योग को तन ही नहीं बल्कि मन के लिए भी जरूरी बताया है। ओम बिरला ने एक्स पोस्ट पर लिखा, न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम ही नहीं, अपितु यह आत्मा की शुद्धि, चित्त की स्थिरता और जीवन के हर पहलू में संतुलन स्थापित करने की चिर पुरातन भारतीय परंपरा है। यह हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज सम्पूर्ण विश्व को स्वास्थ्य, शांति और समरसता की ओर ले जा रही है। योग आज एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है, जिसे विश्वभर में करोड़ों लोग अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना चुके हैं। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो हमारे लोकवाक्य सर्वे संतु निरामयाः की भावना से प्रेरित होकर मानव और पृथ्वी के सामूहिक कल्याण की समग्र दृष्टि को अभिव्यक्त करता है। उन्होंने आगे कहा, इस अवसर पर आइए, हम स्वयं और समाज के लिए योग की भावना को आत्मसात करें, स्वयं योग से जुड़ें और अपने आस-पास के लोगों को भी इस दिव्य पथ पर प्रेरित करें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त मानव जाति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक निरामय के साथ वैश्विक शांति एवं कल्याण की मंगलकामना करता हूं। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी एक्स पर एक वीडियो क्लिप (योग करते दिख रहे हैं) पोस्ट करते हुए लिखा, योग सिर्फ कसरत नहीं है यह एक अभ्यास है। सांस, संतुलन और गति के जरिए हम खुद से जुड़ते हैं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि योग को अपने जीवन का एक हिस्सा बनाएं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी मानसिक और आध्यात्मिक उन्नयन के लिए इसे जरूरी बताते हुए एक्स पर लिखा, सभी प्रदेशवासियों एवं योग साधकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। भारत की ऋषि परंपरा ने मानसिक और आध्यात्मिक उन्नयन के साथ शरीर को भी स्वस्थ रखने के लिए योग विद्या प्रदान की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व कल्याण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग की अलख जगाकर विश्व बंधुत्व की भावना को प्रबल बनाया है। आइए, हम सब योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और स्वस्थ भारत समर्थ भारत की दिशा में योगदान दें।

**योग दिवस** | पहला सुख निरोगी काया। शरीर स्वस्थ रहना जरूरी है........

# रोज योग करें, स्वस्थ रहें : शिवराज सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकासमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधिकारियों- कर्मचारियों तथा लखपति दीदियों के साथ आज नई दिल्ली स्थित पूसा कैंपस में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग किया। सिंह ने कहा कि शरीर को स्थिर और स्वस्थ रखना ही आसन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारे सामने उदाहरण स्वरूप हैं, जो 24 घंटे, सातों दिन और 12 महीने सक्रिय रूप से काम में व्यस्त रहते हैं। बिना थके, बिना रुके एक देश से दूसरे देश और एक राज्य से दूसरे राज्य का दौरा करते हैं। यह योग का ही चमत्कार है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्राणायाम के जरिए यदि श्वास पर नियंत्रण किया जाए तो चमत्कारी परिणाम मिलते हैं। हमारे यहां कहा गया है- पहला सुख निरोगी काया। शरीर स्वस्थ रहना जरूरी है, तभी आप काम कर पाएंगे नहीं तो कुछ भी संभव नहीं। हमें याद रखना होगा ह्यशरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्!ह्न यानी शरीर माध्यम है सभी धर्मों का पालन करने का। शरीर को मंदिर मानते हुए, शरीर की भी पूजा और साधना कीजिए। अस्वस्थ शरीर के साथ ना तो इहलौकिक सुख ना ही पारलौकिक सुख की प्राप्ति हो सकती है, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी फिट इंडिया की बात करते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्ष 1998 में एक भयानक दुर्घटना के कारण मैं गंभीर रूप से घायल हो गया था। शरीर के आठ हिस्सों में चोट आई थीं। मैं कल्पना भी नहीं कर पा रहा था कि मैं दोबारा सामान्य रूप से कभी चल भी पाऊंगा, तब योग ने ही मेरे जीवन में परिवर्तनीय भूमिका निभाई। योग के लाभ से ही आज सामान्य रूप से स्वस्थ जीवन व्यतीत कर रहा हूं। पुरानी चोट का कोई प्रभाव महसूस नहीं होता। चौहान ने आह्वान किया कि बाकी चीजों की तरफ ना भी जाएं तो स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए ही सही, योग को सिर्फ एक दिन औपचारिकता मात्र नहीं बल्कि अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। योग जीवन का अंग बने, इस प्रयास की ओर बढ़ें। उन्होंने कहा कि योगासन करते वक्त थोड़ी सतर्कता भी रखें। सही प्रशिक्षक और विशेषज्ञ की देखरेख में ही आसन करने को प्राथमिकता दें। उचित जानकारी के अभाव में कोई विपरीत प्रभाव ना पड़े, इसका ध्यान रखें। शिवराज सिंह ने कहा कि किसान भाई-बहन भी स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, खेती भी तभी ठीक से हो पाएगी, जब शरीर स्वस्थ होगा। योग के कई आसन ऐसे हैं, जो कृषि कार्यों में भी मददगार हैं। लखपति दीदियों पर अपने जीवन के साथ-साथ परिवार की बागडोर का दायित्व है, जिसके लिए उन्हें भी योग को महत्व देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक छोटा सा सूत्र देना चाहूंगा- क्रिकेट में बात होती है 20-20 शृंखला की। मैं 20-20-20 का सूत्र देना चाहूंगा। पहले 20 मिनट आसन करिए, फिर 20 मिनट प्राणायाम और अगले 20 मिनट अपनी पूरी दिनचर्या के बारे में विचार करें, तय करें कि पूरे दिन क्या करना है। प्रातः में दिनभर की कार्ययोजना बनाना और रात्रि में तय योजना के अनुसार कितना लक्ष्य अर्जित कर पाए इस पर विचार कर लिया, जो जीवन सफल और सार्थक बन सकता है। आयोजन में कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट ने भी भाग लिया।



## सशक्त और सांस्कृतिक पहचान गढ़ रही दिल्ली: रेखा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली आज विकास और विरासत के संगम से अपनी एक नई, सशक्त और सांस्कृतिक पहचान गढ़ रही है। श्रीमती रेखा गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज उन्होंने यमुना तट पर सोनिया विहार में योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने एक्स पर कहा दिल्लीवासियों का हृदय से धन्यवाद। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजधानी के 11 स्थलों पर आयोजित भव्य योग उत्सव में आपकी उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि जब सरकार और समाज एक साथ चलते हैं, तो संस्कृति जन-जन का संकल्प बन जाती है। उन्होंने कहा दिल्ली के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सेवाभावी संगठनों और समर्पित योग साधकों को विशेष धन्यवाद, जिनके सहयोग और भागीदारी से यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक बना। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक परंपराएँ आज वैश्विक गौरव प्राप्त कर रही हैं। योग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने का श्रेय उन्हीं को जाता है। उनके मार्गदर्शन में दिल्ली में सरकार और समाज मिलकर योग, स्वच्छता और जीवन मूल्यों को एक जन-आंदोलन का स्वरूप दे रहे हैं ह्व उन्होंने कहा दिल्ली आज विकास और विरासत के संगम से अपनी एक नई, सशक्त और सांस्कृतिक पहचान गढ़ रही है। आइए, हम सभी मिलकर दिल्ली को संस्कार, संस्कृति और स्वस्थ जीवनशैली का पथ-प्रदर्शक बनाएं। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने छत्रसाल स्टेडियम में योग में शामिल होने के बाद पत्रकारों से कहा कि योग जीवन के लिए महत्वपूर्ण अंग है। हमारे अनुशासन के लिए, सामाजिक समरसता के लिए यह बहुत मतवपूर्ण है। कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने त्यागराज स्टेडियम में योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा ह्लदिल्ली को पिछले कई सालों से योग व यमुना से दूर रखा गया मगर अब दिल्ली ने योग व यमुना से जुड़ने के लिए जनादेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत हमारी सरकार यमुना की स्वच्छता के लिए संकल्पित है।

## ऑपरेशन सिंधु: 290 भारतीयों को लेकर तीसरी विशेष फ्लाइट दिल्ली पहुँची

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। ईरान-इजरायल संघर्ष के बीच केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंधु ने शनिवार को एक और अहम पड़ाव पार कर लिया। तेहरान से रवाना हुई तीसरी विशेष उड़ान तड़के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारी गई, जिसमें 290 भारतीय नागरिक सवार थे। ईरान से वतन वापसी पर टर्मिनल से बाहर निकले यात्रियों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारों से आसमान को गुंजायमान कर दिया। भारत लौटे इन यात्रियों में सबसे अधिक 190 लोग केंद्र-शासित जम्मू-कश्मीर से हैं; शेष हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों के निवासी हैं। विदेश मंत्रालय में सचिव (सीपीवी एवं ओओआईए) अरुण कुमार चटर्जी ने हवाई अड्डे पर मीडिया को बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे लिए भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऑपरेशन सिंधु शुरू हुए अभी तीन दिन ही हुए हैं और हम पहले ही 500 से अधिक नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश पहुँचा चुके हैं। इस अवसर पर चटर्जी ने आर्मेनिया और तुर्कमेनिस्तान का विशेष आभार जताते हुए कहा कि इन देशों ने भारतीयों की निर्बाध आवाजाही में अमूल्य सहयोग प्रदान किया है। युद्ध की दहशत के बीच वतन लौटे यात्रियों ने भारत सरकार के प्रबंधों की सराहना की है।

## संक्षिप्त समाचार

### गाय को राजमाता का दर्जा देने की मांग

**रुद्रपुर, एजेंसी।** गाय को राजमाता का दर्जा देने सहित सात सूत्री मांग के लिए बृजवासी गो रक्षक सेना भारत ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। बृहस्पतिवार को संगठन के जुड़े लोगों ने कलक्ट्रेट में एडीएम पंकज उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सभी बेसहारा गोवंशीय पशुओं को सरकारी गोशाला में भिजवाने, गोवंशीय पशुओं की अकस्मात मृत्यु होने पर उनकी अंत्येष्टि सरकार की ओर से कराने की मांग की। इसके अलावा सांसद, विधायकों की पेंशन बंद कर गोमाता की सेवा में लगाने, राज्य की चार धाम की यात्रा के लिए स्थित तीर्थ स्थल पर पर्यटकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रॉली की व्यवस्था करने, पर्यटकों की सुरक्षा की व्यवस्था करने के साथ गोमाता को लावारसि छोड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय सचिव प्रेम किशोर गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, पवन गुप्ता, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, हितेंद्र त्रिपाठी, रामाधारी गंगवार, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव आदि थे।

### गुरुग्राम और बैकुंठपुर की टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**शक्तिफार्म, एजेंसी।** गुरुग्राम में आयोजित जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मैच में गुरुग्राम ने बमनपुरी को नौ रन से और बैकुंठपुर ने सिसौना को चार रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले खेले गए मैच में बल्लेबाजी करते हुए गुरुग्राम ने तीन विकेट पर 126 रन बनाए। पलास ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बमनपुरी की टीम 117 रन ही बना पाई। पलास ने चार विकेट चटकाए। वह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वहीं दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बैकुंठपुर ने सात विकेट पर 150 रन बनाए। अभिषेक ने 43 रनों का योगदान किया। प्रशांत ने चार विकेट लिए। दूसरी पारी में सिसौना की टीम 146 रन ही बना सकी। रचित ने सर्वाधिक 47 रन बनाए और अभिषेक ने चार विकेट झटके। अभिषेक प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। मैच में प्रदीप विश्वास और लक्ष्मण राय अंपायर, प्रमोद राय और देवाशीष बाला स्कोरर, मनोज खान, अमित बैरागी और शुभम नंदी कमेंटेटर रहे।

### विकसित राष्ट्र बनाने का दिलाया संकल्प

**बाजपुर, एजेंसी।** गांव बेरिया दौलत स्थित शक्ति केंद्र पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि के रूप में गन्ना विकास सलाहकार समिति सह अध्यक्ष मंजीत सिंह राजू और भाजपा के नैनीताल जिला प्रभारी राजेश कुमार ने केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। वहां भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, गो रक्षा दल के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, बबलू गौतम, प्रमोद राजहंस, राजू बाल्मीकि, संजय सिंह, गौरव, रूपेंद्र आदि रहे।

### तीन अलग-अलग पदों पर सात ने किया नामांकन, 21 को होगा चुनाव

**जसपुर, एजेंसी।** मुस्लिम छीपी वेलफेयर सोसाइटी की शहर कमेटी के पदाधिकारियों के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। तीन अलग-अलग पदों के लिए सात लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। 21 जून को चुनाव होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी अतीकुर्रहमान रहबर ने बताया कि बुधवार की रात नामजदगी के दिन नायब सदर के लिए खादिम अली नूरी एवं शाहिद अली ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसी तरह शहर सेक्रेटरी के लिए इस्लाम हुसैन सहारा, हाजी बाबू रहमतुल्लाह एवं खजानची पद के लिए मो. सलीम, हाजी मो. अकरम व मोबीन अहमद ने नामांकन पत्र दाखिल किए। 21 जून को मोहल्ला जटवारा के मदरसा दारुल उलूम में रात 9ः30 बजे से 11ः30 बजे तक चुनाव होगा। इसी दिन चुनाव के बाद मतगणना होगी। शहर कमेटी के नवनिर्वाचित मेंबर, सेक्टर चौधरी एवं सेक्रेटरी की 60 सदस्य टीम मतदान के जरिये अपने पदाधिकारियों का चुनाव करेगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार रात नाम वापसी कार्यक्रम के बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। मुस्लिम छीपी वेलफेयर सोसाइटी की शहर कमेटी के नायब सेक्रेटरी पद पर मोहल्ला चौहान निवासी मास्टर मुबीन अहमद को निर्विरोध चुना गया। मुख्य चुनाव अधिकारी अतीकुर्रहमान रहबर ने इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि बीती 21 मई को हाजी नफीस अहमद ने पूर्व अध्यक्ष को 258 मतों से हराकर जीत हासिल की थी।

## खुलेंगे रोजगार के द्वार- ताज समूह खोलेगा कौशल विकास केंद्र, महेंद्रा, टाटा व हीरो समूह कराएंगे ट्रेनिंग

**देहरादून, एजेंसी।** राज्य के युवा मानव संसाधन को दक्ष श्रम में बदलने के अभियान के तहत राज्य सरकार देश के नामी औद्योगिक समूह के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने जा रही है। होटल और आतिथ्य के क्षेत्र में मशहूर ताज समूह कुमाऊं विवि में एक कौशल विकास केंद्र खोलेगा तो वहीं महेंद्रा, टाटा और हीरो समूह अपनी-अपनी विनिर्माण औद्योगिक इकाइयों में राजकीय औद्योगिक संस्थान (आईटीआई) के छात्रों को प्रशिक्षण कराएंगे ताकि उनके रोजगार प्राप्त करने की अधिक से अधिक संभावनाएं बन सकें। स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एंपावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड (सेतु) आयोग की पहल पर हो रहे ये एमओयू के तहत सभी समूहों की ओर से सहमति प्राप्त हो चुकी है। कुमाऊं विवि में कौशल विकास केंद्र खोलने के लिए ताज समूह के साथ एमओयू हो रहा है। आतिथ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षण देगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में से 70 प्रतिशत को ताज समूह अपने यहां रोजगार उपलब्ध कराएगा। मोटर निर्माण के क्षेत्र में देश के नामी औद्योगिक समूह से भी सरकार एमओयू करने जा रही है। सेतु की पहल पर ये एमओयू प्रदेश की आईटीआई में पढ़ रहे विद्यार्थियों को नौकरी के लिए प्रशिक्षण देने के संबंध में होगा।

# मानसून की दस्तक के बीच कल लौटेंगी सभी हेली कंपनियां, 5400 से टिकट हो चुके रद्द

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।**
इस वर्ष 2 मई से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में यूकाडा और डीजीसीए ने थंबी एविएशन, हिमालयन हेली एविएशन, ग्लोबल वेक्ट्रा, एरौ, क्रिस्टल, आर्यन हेलीएविएशन, ट्रांस भारत और पवन हंस हेली एविएशन को हेलिकॉप्टर उड़ान की अनुमति दी गई थी। हेलिकॉप्टर हादसे के छठवें दिन भी केदारघाटी के अलग-अलग हेलिपैड से छह कंपनियों के हेलिकॉप्टर ने केदारनाथ के लिए उड़ान नहीं भरी। इस कारण यहां केदारघाटी और केदारनाथ हेलिपैड पर सन्नाटा पसरा रहा। छह दिनों में 5400 से अधिक यात्रियों के टिकट रद्द किए जा चुके हैं। यहां बार-बार मौसम बदल रहा है। अब मानसून की दस्तक के साथ ही कल 22 जून रविवार को सभी हेली कंपनियां लौट जाएंगी। इस वर्ष 2 मई से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में यूकाडा और डीजीसीए ने थंबी एविएशन, हिमालयन हेली एविएशन, ग्लोबल वेक्ट्रा, एरौ, क्रिस्टल, आर्यन हेलीएविएशन, ट्रांस भारत और पवन हंस हेली एविएशन को हेलिकॉप्टर उड़ान की अनुमति दी गई थी। 2 मई से 14 जून तक हेलिकॉप्टर से 56044 यात्री केदारनाथ पहुंचे और 54209 यात्री बाबा केदार के दर्शन कर लौटे। मगर 15 जून को आर्यन हेली कंपनी का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट सहित सात लोगों



की मौत के बाद डीजीसीए ने तत्काल प्रभाव से दो दिन के लिए हेलिकॉप्टर सेवा पर रोक लगा दी थी तब से यहां किसी हेलिकॉप्टर ने उड़ान नहीं भरी है। इन छह दिनों में 5400 से अधिक यात्रियों के टिकट रद्द किए जा चुके हैं। नोडल अधिकारी हेलिकॉप्टर सेवा केदारनाथ यात्रा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे का कहना है कि हेलिकॉप्टर का संचालन न होने के कारण प्रतिदिन 850 से 900 के बीच टिकट रद्द हुए हैं। अब मानसून की दस्तक के बीच रविवार 22 जून को सभी हेली कंपनियां लौट जाएंगी। बरसात का मौसम खत्म होने पर 15 सितंबर के बाद हेली कंपनियों का दूसरा चरण शुरू होगा।

## नगर निगम के चार मंजिला ग्रीन भवन की डीपीआर तैयार

**रुद्रपुर, एजेंसी।** नगर निगम के प्रस्तावित नए ग्रीन भवन की कवायद की जा रही है। शासन से सैद्धांतिक स्वीकृति के बाद निगम ने 16 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार की है और उसे परीक्षण के लिए जिला स्तर की तकनीकी असेसमेंट कमेटी को भेज दिया है।

कमेटी से हरी झंडी के बाद डीपीआर मंजूरी के लिए शासन को भेजी जाएगी। दरअसल नगर निगम के भवन वर्ष 1952 के बने हुए हैं। नए निर्माण के नाम पर कुछ साल पहले दो मंजिला भवन बना है और उसमें ऑडिटोरियम हॉल व कुछ कक्ष बने हुए हैं लेकिन स्टाफ के लिए कक्षों की कमी है।

इसके चलते लोगों को भी काम कराने में दिक्कतें होती हैं। इसको देखते हुए शासन को नगर निगम के नए ग्रीन भवन का प्रस्ताव भेजा गया था। शासन की ओर से सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने के बाद निगम ने अपने आर्किटेक्ट से प्रोजेक्ट की डीपीआर और डिजाइन बनवाया है। चार मंजिला ग्रीन भवन तमाम सुविधाओं से लैस होगा।

# जागेश्वर मंदिर के प्रांगण में बनाए चार पिलर हटाने के आदेश जारी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में नई शैली में बनाए गए चार पिलर जल्द हटाए जाएंगे। इन पिलरों का निर्माण शुरू होने से पहले ही मंदिर समिति और स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे थे। डीएम ने मंदिर समिति की बैठक के बाद इनको हटाने की संस्तुति दे दी थी। एएसआई दो सप्ताह में पिलरों को हटाने का कार्य शुरू कर देगी।

बृहस्पतिवार को शासन की ओर जारी आदेश में मंदिर प्रांगण में बनाए गए चार पिलरों को हटाने के आदेश जारी हो गए हैं। मंदिर परिसर में बनाए गए चार पिलरों के चलते श्रद्धालु और पुजारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पर्यटन सीजन में जागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। इन पिलरों ने न सिर्फ आवाजाही में परेशान किया



बल्कि मंदिर की भव्यता को ढक दिया था।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संरक्षण सहायक नीरज नैथानी ने कहा कि जागेश्वर मंदिर परिसर में बने पिलरों को तोड़ने के आदेश जारी हो चुके हैं। दो सप्ताह के भीतर इनको तोड़ने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री औलख ने विधायक पांडेय से की मुलाकात

**गूलरभोज, एजेंसी।**
यूपी के कृषि राज्य मंत्री एवं बिलासपुर विधायक बलदेव सिंह औलख ने विधायक अरविंद पांडेय के संतोषनगर स्थित आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की।

उन्होंने कहा कि केंद्र, यूपी और उत्तराखंड की भाजपा सरकार जनहित के कार्यों में लगी है। कहा कि सरकार लगातार फसलों की एमएसपी बढ़ा रही है। किसान सम्मान योजना के तहत किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आने वाले समय में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भी पार्टी प्रत्याशियों को मजबूती प्रदान करने की अपील की।

विधायक पांडे ने कहा औलख उनके बाजपुर से बाल्यकाल के मित्र हैं। कुछ उद्योगपतियों ने उनसे बिलासपुर को औद्योगिक नगरी बनाने की मांग की। वहां भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, योगेश सिंह पानू, अतुल पांडेय आदि थे।

## साइबर ठगी के शिकार तीन लोगों को वापस कराए 1.96 लाख रुपये

**बागेश्वर, एजेंसी।** साइबर सेल ने साइबर ठगी के शिकार तीन लोगों को बड़ी राहत प्रदान की है। सेल ने तीनों से ठगी के एक लाख छियानबे हजार पांच सौ रुपये की राशि वापस उनके खातों में रिफंड कराई है। पहले मामले में शिकायतकर्ता जय दत्त कांडपाल ने अज्ञात पर उनके खाते से पिचासी हजार पांच सौ रुपये ऑनलाइन ठगी करने का आरोप लगाया था। दूसरे मामल में रवाईखाला के गोपाल सिंह रौतेला निवासी रवाईखाल के खाते से एक लाख एक हजार रुपये और तीसरे कुंदन सिंह टाकुली निवासी झुनी के साथ हुई 10 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी का था। एसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने बताया कि तीनों मामलों में तकनीकी जानकारी के अनुसार कार्रवाई करते हुए शत प्रतिशत राशि तीनों के खाते में वापस लौटाई गई है।

## जीआईसी भनोली में नियमित शिक्षकों के 12 पद रिक्त

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जीआईसी भनोली में नियमित शिक्षकों के 12 पद रिक्त है। आलम ये है कि हिंदी और संस्कृत विषय पढ़ाने के लिए न तो नियमित शिक्षक है और न ही अतिथि शिक्षक। ऐसे में विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर लगा है। विद्यालय में हिंदी, संस्कृत, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी विषयों में नियमित प्रवक्ता नहीं है। एलटी संवर्ग में अंग्रेजी, व्यायाम, वाणिज्य विषयों के नियमित शिक्षक नही है।

## रामनगर में अवैध मदरसों पर एक्शन जारी, दूसरे दिन भी हुई कार्रवाई

**रामनगर, एजेंसी।**
नैनीताल जिले के रामनगर में अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ प्रशासन का सख्त रवैया दूसरे दिन भी जारी रहा. गुरुवार को प्रशासनिक टीम ने शहर में कई मदरसों और मस्जिदों का औचक निरीक्षण किया. इस कार्रवाई में एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मारकाना, सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जसवीर सिंह सहित राजस्व, पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे.

जानकारी देते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि टीम ने आज कुल पांच मदरसों और मस्जिदों का निरीक्षण किया. इनमें से चार स्थानों पर न तो मदरसा संचालन की गतिविधियां मिलीं और न ही कोई अनियमितता पाई गई. इन मदरसों में ताले लगे थे. संचालन बंद पाया गया.

रामनगर के मोहल्ला खताड़ी स्थित नूरी मस्जिद के पास संचालित एक मदरसे को लेकर शिकायत मिली थी कि वहां गुपचुप तरीके से शिक्षण कार्य किया जा रहा है. मौके पर पहुंचकर जब टीम ने जांच की तो मदरसे के एक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगे पाए गए. टीम ने जब फुटेज देखने के लिए पासवर्ड मांगा गया, तो वहां मौजूद लोगों ने कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया. इस पर प्रशासन ने संदेह के आधार पर उस कक्ष को सील कर दिया.एसडीएम ने बताया कि पिछले दो दिनों की कार्रवाई में अब तक कुल तीन मदरसों को सील किया जा चुका है.



## कार्यकर्ताओं ने चुनाव के लिए पेश की दावेदारी



**द्वाराहाट (अल्मोड़ा), एजेंसी।** उत्तराखंड क्रांति दल की ब्लाक इकाई द्वाराहाट की बैठक में आगामी पंचायत चुनावों पर चर्चा की गई। इस संबंध में दावेदारों से आवेदन मांगे। इसमें दल के कई लोगों ने अपनी दावेदारी पेश की।

बैठक में जन समस्याओं पर मंथन करते हुए सरकारी सस्ते गल्ले के दुकानदारों की हड़ताल के चलते खाद्यान्न नहीं मिलने पर आक्रोश जताया गया। शीघ्र सस्ता गल्ला विक्रेताओं की मांगों का समाधान कर लोगों को खाद्यान्न आपूर्ति करने की मांग की गई। विगत दिनों ओलावृष्टि के नुकसान का मुआवजा नहीं देने पर भी गुस्सा जाहिर किया गया। बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से दल की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

पार्टी कार्यालय में पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी की मौजूदगी में हुई बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष लाल सिंह बिष्ट और संचालन वीरेंद्र बजेठा ने किया। बैठक में विधानसभा प्रभारी हरीश नेगी, उक्रांद प्रदेश महामंत्री कुंदन बिष्ट, हेम रावत, सुशील साह, प्रमोद चौधरी, गोविंद ऐरड़ा, लक्ष्मण किरौला, रमेश पुजारी, गोपाल सिंह, हरवंश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## घास काट रही युवती के सामने अचानक से आ गया भालू, डरने के बजाय जानवर से भिड़ गई अंजली, लहूलुहान होने के बाद भी खदेड़ा

**कोटद्वार, एजेंसी।**
प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत ग्राम मथगांव की एक महिला ने अभूतपूर्व साहस दिखाते हुए भालू के हमले से न केवल खुद को बचाया, बल्कि जानवर को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। घटना बुधवार को उस समय घटी जब अंजली नेगी (26 वर्ष) गांव की एक अन्य महिला के साथ जंगल में मवेशियों के लिए चारा-पत्ती लेने गई थीं। घटना के दौरान जब अंजली जंगल में दरांती से घास काट रही थीं, तभी झाड़ियों से अचानक एक भालू निकल आया और उस पर हमला कर दिया। उन्होंने दरांती से भालू पर जवाबी वार करना शुरू कर दिया। हमले के दौरान भालू ने अंजली के सिर पर पंजा मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनके सिर से खून बहने लगा। इसके बावजूद अंजली ने साहस दिखाते हुए भालू पर प्रहार करती रहीं। अंततः भालू डरकर जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद अंजली मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। उनके साथ मौजूद महिला ने तुरंत गांव में जाकर लोगों को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से अंजली को गंभीर अवस्था में बेस चिकित्सालय, कोटद्वार लाया गया, जहां



प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बताया कि अब उनकी हालत खतरे से बाहर है। स्थानीय प्रशासन से मदद की मांग ग्रामीणों ने इस घटना के बाद वन विभाग और प्रशासन से जंगल में गश्त बढ़ाने और महिलाओं को जंगल जाने से पहले चेतावनी देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती हलचल से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद अंजली मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। उनके साथ मौजूद महिला ने तुरंत गांव में जाकर लोगों को सूचना दी। अवस्था में बेस चिकित्सालय, कोटद्वार लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बताया कि अब उनकी हालत खतरे से बाहर है। स्थानीय प्रशासन से मदद की मांग ग्रामीणों ने इस घटना के बाद वन विभाग और प्रशासन से जंगल में गश्त बढ़ाने और महिलाओं को जंगल जाने से पहले चेतावनी देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## एसडीएम-लोनिवि के ईई के लिखित आश्वासन पर माने विधायक तिवारी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** प्रांतीय खंड लोनिवि में कांग्रेस विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन एसडीएम और लोनिवि के ईई के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हो गया है। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी लोनिवि के खिलाफ प्रदर्शन किया। धरना स्थल पहुंचकर हिल्स कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने भी लोनिवि के खिलाफ प्रदर्शन कर आंदोलन को समर्थन दिया।

बृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में लोनिवि कार्यालय पहुंचकर अनिश्चितकालीन आंदोलन को समर्थन दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 109 के किमी 55 में क्वारब पुल के पास क्रोनिक लैंड स्लाइड जोन के बाईपास निर्माण के लिए लोनिवि ने बिना निविदा के 10 करोड़ 23 लाख का कार्य बिना निविदा के बाहरी ठेकेदार को दे दिया।विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि इस तरह भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आंदोलन को उग्र होता देख एसडीएम सदर संजय कुमार, प्रांतीय खंड लोनिवि के ईई हर्षित गुप्ता मौके पर पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका घेराव कर जवाब मांगा। एसडीएम और ईई ने कटिंग कार्य को बंद कराने और शीघ्र निविदा प्रकिया शुरू करने को लेकर लिखित आश्वासन दिया।

विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, तारा चंद्र जोशी, पीतांबर पांडेय, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूरन रौतेला, गोविंद सिंह मेहरा,गीता मेहरा,भैरव गोस्वामी, सुशील साह, अख्तर हुसैन, गौरव वर्मा, हरीश भट्ट, मनोज वर्मा, जगदीश रहे।

# नियम ताक पर, वाहनों में ठूंसकर मासूम बच्चों को पहुंचा रहे स्कूल

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
नियमों की अनदेखी कर वाहन से बच्चों को स्कूल लाने और पहुंचाने पर परिवहन विभाग सख्त हो गया है। टीम ने स्यालीधार के केंद्रीय विद्यालय सुनोला के पास स्कूली वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान निजी वाहनों में बच्चों को ठूंसकर ले जाने नौ वाहन चालकों का चालान और एक वाहन सीज किया गया। बृहस्पतिवार को परिवहन विभाग की टीम ने परिवहन कर अधिकारी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। केंद्रीय विद्यालय सुनोला के पास बच्चों को स्कूल ले जा रहे वाहनों को रोका गया। इस दौरान टीम ने देखा कि वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाया जा रहा था।

फिटनेस, परमिट, प्रदूषण सहित कई अन्य दस्तावेज भी नहीं थे। टीम ने नौ वाहनों का चालान कर एक वाहन को सीज किया। इस दौरान दो अन्य भारी वाहनों को ओवर लोडिंग करने पर सीज किया गया और 40 वाहनों का चालान किया गया। टीम में परिवहन कर अधिकारी पवन कुमार सहित कई कर्मी मौजूद रहे।



# मुझे उम्मीद है, रामवीर बिधूड़ी चिराग दिल्ली की डिस्पेंसरी देखने के लिए दिन और समय जल्द बताएंगे: सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी द्वारा दी गई चुनौती को स्वीकार करते हुए पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि रामवीर सिंह बिधूड़ी का दावा है कि भाजपा सरकार ने आप सरकार में बने किसी मोहल्ला क्लीनिक या डिस्पेंसरी का रंग-रोगन करके उसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नहीं बदला है और अगर बदला है तो वह राजनीति छोड़ देंगे। मैं उनकी चुनौती स्वीकार करता हूं और उन्हें आमंत्रित करता हूं कि वे चिराग दिल्ली आएं और अपनी आंखों से देखें कि किस तरह आप सरकार द्वारा बनाई गई डिस्पेंसरी को रंग-रोगन कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर बताकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। नाम बदलने से सच्चाई नहीं बदलती है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी द्वारा दी गई चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा कि वह इस चुनौती को स्वीकार करते हैं और रामवीर सिंह बिधूड़ी को चिराग दिल्ली की डिस्पेंसरी दिखाने के लिए आमंत्रित करते हैं। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उन्हें चुनौती दी है कि अगर वह दिल्ली में एक भी ऐसा आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिखा दें, जो पहले से बना हुआ था और जिस पर केवल डेंटिंग-पेंटिंग करके उसका नाम बदलकर आरोग्य मंदिर कर दिया गया हो, तो रामवीर सिंह बिधूड़ी राजनीति छोड़ देंगे। अन्यथा उन्हें (सौरभ भारद्वाज को) राजनीति छोड़नी पड़ेगी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि वह इस चुनौती को स्वीकार करते हैं और रामवीर सिंह बिधूड़ी को चिराग दिल्ली की डिस्पेंसरी दिखाने के लिए तैयार हैं। वह उनको चिराग दिल्ली की डिस्पेंसरी के पूरे दर्शन कराएंगे और दिखाएंगे कि कैसे इस डिस्पेंसरी का उद्घाटन 2017 में उनके कार्यकाल में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन द्वारा किया गया था। यह एक वातानुकूलित (एयर-कंडीशंड) डिस्पेंसरी थी, जिसे आम आदमी पार्टी की सरकार ने बनवाया था। अब उसी डिस्पेंसरी को डेंटिंग-पेंटिंग करके उसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर का नाम दे दिया गया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की जनता के लिए यह बहुत जरूरी है कि रामवीर सिंह बिधूड़ी द्वारा दी गई चुनौती को वह स्वीकार कर रहे हैं। दोनों नेता मीडिया के साथ मिलकर चिराग दिल्ली की उस डिस्पेंसरी का दौरा करें। वह रामवीर सिंह बिधूड़ी के जवाब का इंतजार करेंगे। मुझे उम्मीद है कि रामवीर सिंह बिधूड़ी अपने इस छोटे भाई की चुनौती को भी स्वीकार करेंगे। वह रामवीर सिंह बिधूड़ी से यह बताने की अपेक्षा करते हैं कि वह किस दिन और समय पर चिराग दिल्ली की डिस्पेंसरी देखने उनके साथ आएंगे, जिसे अब रेखा गुप्ता की सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर बना दिया है।

## मकोका मामले में 5 साल से फरार घोषित अपराधी गिरफ्तार

दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2020 से मकोका मामले में फरार चल रहे अपराधी सूरज उर्फ माइकल को गिरफ्तार किया है। सूरज को दिसंबर 2024 में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि 32 वर्षीय सूरज दक्षिण दिल्ली के मदनगीर इलाके का रहने वाला है और ठक-ठक गैंग का सक्रिय सदस्य रहा है। यह गैंग दिल्ली और आसपास के इलाकों में लूट, चोरी, स्नैचिंग, वाहन चोरी और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा है। जांच में पता चला है कि सूरज पर करीब 30 आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी के अनुसार वर्ष 2020 में थाना अंबेडकर नगर में मकोका के प्रावधानों के तहत सूरज और उसके साथी तथा गैंग लीडर पी. सिल्वा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस गैंग पर संगठित रूप से आर्थिक लाभ के लिए अपराध करने, स्नैचिंग व हथियारबंद लूट जैसी वारदातों को अंजाम देने का आरोप था। जांच के दौरान अधिकतर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन सूरज फरार हो गया। अदालत ने उसे 2024 में भगोड़ा घोषित कर दिया इधर, क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के जरिए सूरज की गतिविधियों पर नजर रखी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित इंदरपुरी के पास छुपा हुआ है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने आरोपित को दबोचा गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में सूरज ने स्वीकार किया कि वह 2013 से ठक-ठक गैंग का हिस्सा है और गैंग लीडर पी. सिल्वा का करीबी रहा है। लगभग 10 वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उसने आपराधिक गतिविधियां नहीं छोड़ीं। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह अंबेडकर नगर छोड़कर इंदरपुरी में छिपकर रह रहा था और वहीं से आपराधिक नेटवर्क संचालित कर रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध रूप से रह रहे 6 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली।, मध्य जिले की एंटी-नारकोटिक्स सेल और थाना कमला मार्केट द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें चांदनी महल क्षेत्र के चुड़ीवालान इलाके से 6 बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मध्य जिले के डीसीपी निधिन वालसन ने शनिवार को बताया कि यह कार्रवाई इंस्पेक्टर आशीष दुबे के नेतृत्व में की गई। डीसीपी ने बताया कि इस ऑपरेशन के लिए विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और सर्विलांस की मदद व गुप्त सूचना के आधार पर इलाके में छानबीन की और संदिग्ध स्थान पर दबिश दी। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मरियम (50), तुलतुल (32), शिवली (28), 7 वर्षीय नाबालिग, तीन वर्षीय नाबालिग लड़की और अजीर्ना (30) के रूप में हुई है। सभी बांग्लादेश के रहने वाले हैं।

### मुस्तफाबाद में दुकानदार से विवाद के बाद युवक ने चलाई गोली

नई दिल्ली,। उत्तर-पूर्वी जिले के मुस्तफाबाद क्षेत्र में शुक्रवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब गली नंबर 3 में फायरिंग की आवाज सुनाई दी। घटना की सूचना रात लगभग 9:20 बजे थाना दयालपुर को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार मौके पर मौजूद शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी बिरयानी की दुकान है और तीन युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। वे पास की दुकान पर गए और वहीं किसी बात को लेकर दुकानदार से छोटा सा विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपितों में से एक युवक ने हवा में फायरिंग कर दी और सभी वहां से फरार हो गए। गनीमत यह रही कि इस फायरिंग में कोई भी घायल नहीं हुआ। सूचना मिलते ही क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। जिन्होंने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य एकत्रित किए। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपितों की पहचान करने में जुटी हुई है।

### महापौर ने निगम विद्यालय के बच्चों के साथ किया योग

नई दिल्ली,। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शाहदरा दक्षिणी मयूर विहार फेज 1 स्थित निगम विद्यालय का दौरा किया। वहां उपस्थित लगभग दो सौ निगम विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ उन्होंने योगासन किए। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को योग के प्रति जागरूक करना और उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था। महापौर ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है। बच्चों में योग की आदत डालना भविष्य की एक स्वस्थ और संतुलित पीढ़ी की नींव है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने की शपथ ली।

### इमारत से कूदकर युवक ने की खुदकुशी

नई दिल्ली,। दक्षिणी जिले के मैदानगढ़ी इलाके में आज सुबह एक 22 वर्षीय युवक ने इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मैदानगढ़ी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत जांच शुरू की गई। जांच में मृतक की पहचान छतरपुर निवासी राज प्रसाद के रूप में हुई है। वह फिल्म शूटिंग लाइन में लाइट टेक्नीशियन के रूप में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि युवक मूल रूप से उत्तराखंड के रुद्रपुर का निवासी था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस अधिकारी के अनुसार घटनास्थल पर क्राइम टीम को भी बुलाया गया। जिन्होंने मौके का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के पीछे के कारणों की जांच कर रही है।

# एमसीडी एक्ट के मुताबिक, जिस वार्ड में कार्यक्रम आयोजित होता है, उसकी अध्यक्षता वहां का पार्षद करता है: सारिका चौधरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, स्थानीय पार्षद होने के बावजूद एमसीडी के कार्यक्रमों में बार-बार निमंत्रित नहीं करने से नाराज आप दिल्ली महिला विंग की अध्यक्ष सारिका चौधरी ने शनिवार को भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। वह महिलाओं के साथ धरने पर बैठ गई और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि भाजपा दलितों-महिलाओं से नफरत करती है। मैं एक दलित-महिला पार्षद हूं, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में मुझे निमंत्रण न देकर अपमानित किया गया। इससे पहले भी कई कार्यक्रमों में मुझे नहीं बुलाया गया। जबकि एमसीडी रूल के मुताबिक, अगर किसी वार्ड में कार्यक्रम होता है तो उसकी अध्यक्षता वहां का पार्षद करता है। इसके बावजूद भाजपा ने एक दलित महिला पार्षद को उसके अधिकार से वंचित रखा। सारिका चौधरी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान के साथ आज खिलवाड़ हो रहा है। बाबा साहब ने जिन लोगों को रास्ता दिखाया, आज उनके साथ अन्याय हो रहा है। मैं एक दलित महिला पार्षद हूं और मेरे साथ मेरे खुद के वार्ड के अंदर अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज अंबेडकर स्टेडियम में योग दिवस का आयोजन हुआ। उसके लिए जो कार्ड छपे, मुझे उनके बारे में किसी और के माध्यम से पता चला। अंबेडकर स्टेडियम मेरे वार्ड में आता है, मेरे कार्य क्षेत्र में है और यह बाबा साहब अंबेडकर के नाम पर है। इसके बावजूद मेरे साथ ऐसा अत्याचार किया गया। मैंने एमसीडी सेंट्रल जोन की अध्यक्ष योगिता सिंह को फोन कर पूछा कि उन्होंने मेरा नाम कार्ड में क्यों नहीं डाला? जबकि ये प्रोग्राम एमसीडी ही करवा रही है? इससे पहले भी चार-पांच बार मेरे क्षेत्र में ऐसा हो चुका है। सारिका चौधरी ने बताया कि डीएमसी एक्ट स्पष्ट कहता है कि बिना पार्षद की मर्जी और अध्यक्षता के एमसीडी का कोई भी प्रोग्राम नहीं हो सकता। पार्षद किसी भी पार्टी से हो, उसकी अध्यक्षता अनिवार्य है। लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ। कार्ड में सभी के नाम हैं। चीफ गेस्ट में मेयर राजा इकबाल सिंह का नाम है। डिप्टी मेयर भगवान सिंह यादव, स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन अश्विनी कुमार, दोनों डिप्टी कमिश्नर समेत दूसरे वार्ड के पार्षदों के तक नाम हैं। लेकिन जो इस वार्ड की पार्षद है, उसे ही नहीं बुलाया गया। सारिका चौधरी ने कहा कि मुझे लगता था कि एमसीडी के कमिश्नर सभी पार्षदों को साथ लेकर चलते हैं, चाहे वे जनरल हों, दलित हों या महिला हों। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कमिश्नर साहब भाजपा के सामने झुक गए और एक दलित महिला पार्षद के साथ अत्याचार कर रहे हैं। मैं जनरल सीट से चुनाव जीतकर आई हूं। मैंने 50 साल से सत्ता में बैठे रजवारों को हराकर, अकेले दम पर यह चुनाव जीता। मैं दलित जाटव समाज से हूं। फिर भी एक दलित महिला के साथ अत्याचार हो रहा है। मेरे अधिकारों का हनन हो रहा है।

## निक और सोनिक ने पीएम मोदी और आयुष मंत्रालय के साथ देश के सबसे बड़े योग दिवस समारोह में हिस्सा लेकर बच्चों के लिए योग को और भी खास बना दिया



नई दिल्ली : देश के अग्रणी किड्स एंटरटेनमेंट चैनलों निक और सोनिक ने सेहत और स्वस्थ जीवनशैली के एक खास जश्न में, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत के सबसे बड़े समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आयुष मंत्रालय के साथ विशाखापत्तनम में भाग लिया। इसका उद्देश्य बच्चों में सेहतमंद आदतों को बढ़ावा देना और वेलनेस को उनके लिए और भी आसान व सुलभ बनाना था। स्वस्थ जीवनशैली और जागरूक जीवन के संदेश के साथ नेटवर्क ने अपने प्रमुख अभियान को इस मंच तक पहुंचाया। इस मौके पर निक के लोकप्रिय किरदार चिकू और बंटी तथा सोनिक के नए सदस्य बिट्टू ने बच्चों को योग की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन न केवल योग की सार्वकालिक प्रासंगिकता को दशार्ता है, बल्कि इस प्राचीन परंपरा को लेकर नेटवर्क की प्रतिबद्धता को भी मजबूती देता है। विशाखापत्तनम के आर.के. बीच पर कालिकामठ मंदिर परिसर में आयोजित भव्य योग सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री के. पवन कल्याण, नागरिक उड्डयन मंत्री झ्र के राम मोहन नायडू और तीन लाख से अधिक योग प्रेमियों के साथ भाग लिया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर योग के संपूर्ण लाभों को लेकर एक प्रेरणादायक संदेश भी साझा किया। उन्होंने कहा, ;योग एक ऐसा पॉज बटन है, जो हमें रुककर साँस लेने, खुद से जुड़ने और फिर से संतुलन पाने का मौका देता है। इस खास मौके पर निक के प्यारे किरदार चिकू-बंटी और सोनिक का बिट्टू बच्चों व परिवारों के साथ योगासन करते नजर आए, और सभी को इसे रोजमर्रा की ज़िंदगी में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। पिछले कुछ वर्षों में निक और सोनिक चैनल बच्चों के स्वस्थ जीवन को लेकर लगातार सक्रिय रहे हैं। उनका अभियान योग को बच्चों और परिवारों के लिए न सिर्फ जरूरी, बल्कि आनंददायक भी बनाता है। चाहे 2019 में रांची में प्रधानमंत्री मोदी के साथ मोटू-पतलू का योग प्रदर्शन रहा हो, या मुंबई में योगा बाय द बेजैसे आयोजनों की मेजबानी, अथवा कोविड के दौरान वर्चुअल योग सत्रों का आयोजन– हर बार इन ब्रांड्स ने योग को जन-जन तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इनके डिजिटल अभियानों ने लाखों लोगों तक अपनी पहुंच बनाई है और हजारों बच्चों ने योग प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। इन पहलों ने यह साबित किया है कि योग न सिर्फ बच्चों के लिए जरूरी है, बल्कि पूरी तरह उनके अनुकूल और मनोरंजक भी हो सकता है।


## विस अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने लोधी गार्डन में किया योग, बोले- ऋषियों का अमूल्य उपहार है योग



नई दिल्ली,। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित लोधी गार्डन में आयोजित एक विशेष योग सत्र में भाग लिया। यह सत्र आयुष मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य, आत्मचिंतन और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर गुप्ता ने आम लोगों को भारत की इस प्राचीन विरासत के वैश्विक उत्सव पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग ऋषियों का ऐसा अमूल्य उपहार है जो सम्पूर्ण स्वास्थ्य और संतुलित जीवन के माध्यम से मानवता को सशक्त करता है। योगा के विशेष सत्र में भाग लेने वाले लोगों को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक अनुशासित जीवनशैली है, जो आंतरिक जागरूकता को विकसित करती है और शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सराहना प्राप्त हुई है, जिससे यह वैश्विक कल्याण का आंदोलन बन गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे योग को अपनाकर एक अधिक स्वस्थ और जागरूक जीवन की ओर अग्रसर हों।


## भरत नगर क्रिकेट मैदान पर हुआ भव्य योग आयोजन, 1100 से अधिक लोगों ने लिया सहभाग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भरत नगर,– अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज भरत नगर क्रिकेट मैदान एक विशेष योग आयोजन का साक्षी बना, जहां 1100 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन क्षेत्र के सुप्रसिद्ध खेल प्रशिक्षक रोहित यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसकी गरिमा को और ऊंचाई प्रदान की माननीय विधायक श्रीमती पूनम भारद्वाज तथा आदरणीय त्रिलोकीनाथ जी की उपस्थिति ने। कार्यक्रम की शुरूआत मंत्रोच्चारण और प्राणायाम से हुई, जिससे समूचे वातावरण में अध्यात्म और शांति का संचार हुआ। बच्चों से लेकर वृद्धजन तक, सभी ने उत्साह और समर्पण के साथ योग सत्र में भाग लिया। प्रशिक्षित योगाचार्यों के मार्गदर्शन में विविध योग आसनों का अभ्यास किया गया, जो न केवल शरीर को लचीलापन प्रदान करता है, बल्कि मानसिक संतुलन की अनुभूति भी कराता है। अपने प्रेरणादायी संबोधन में विधायक पूनम भारद्वाज जी ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि जीवनशैली है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे प्रतिदिन योग को अपनाएं और स्वस्थ भारत की दिशा में अपना योगदान दें। वहीं, त्रिलोकीनाथ जी ने योग के माध्यम से आत्म-नियंत्रण, संयम और मानसिक शांति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल तन की नहीं, मन की शुद्धि का भी साधन है। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने की सामूहिक शपथ ली। यह क्षण एक सामाजिक एकता और जागरूकता का प्रतीक बन गया। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य संवर्धन की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इसने समाज में योग के प्रति जागरूकता, आत्मिक चेतना और सामूहिक ऊर्जा का ऐसा संचार किया, जिसकी गूंज आने वाले समय तक बनी रहेगी।

## पांडव नगर और सनलाइट कॉलोनी में लूट और अवैध हथियारों के मामलों में वांछित आरोपित गिरफ्तार



नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक वांछित अपराधी दीपक कुमार को गिरफ्तार किया है। वह पांडव नगर और सनलाइट कॉलोनी थाना क्षेत्र में लूट व अवैध हथियारों के मामलों में फरार चल रहा था। जांच में पता चला है कि आरोपित दीपक कुमार (31) पर पहले से 11 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह 5 मामलों में दोषी करार दिया जा चुका है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच की सीआर यूनिट टीम को गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर दीपक कुमार के बारे में पता चला। इसके बाद एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अक्षरधाम मंदिर रोड के पास से आरोपित को गिरफ्तार किया।

# यमुना की सफाई के नियमों में नहीं बर्दाश्त होगी ढिलाई : प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। यमुना की सफाई के नियमों में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बल्कि कठोर कार्रवाई होगी। दिल्ली सरकार के जल एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा ने यह बात कही। उनके निर्देश पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ शुक्रवार से जांच अभियान भी आरंभ करने को कहा। यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में इसे एक बड़ा कदम माना जा सकता है। इस अभियान में विशेषतौर पर अवैध सीवेज और औद्योगिक कचरे के बहाव पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। मंत्री प्रवेश वर्मा ने सभी संबंधित विभागों को तत्काल निरीक्षण और प्रवर्तन अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। प्रवेश वर्मा ने कहा कि यमुना में गंदगी को लेकर उत्पन्न स्थिति को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। दिल्ली को अपनी जीवनरेखा झ्र यमुना को प्रदूषित करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि यमुना को दूषित करने वाले कोई भी हों अब नहीं बचेगा, हम त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करेंगे। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यमुना को स्वच्छ रखने अऔर प्रदूषण मुक्त करना कोई प्रतीकात्मक कार्य नहीं है बल्कि यह हमारे अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियों की विरासत का सवाल है। इस चुनौती के लिए दिल्ली को तैयार होना ही होगा। ताकि यमुना को साफ रखा जाए और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर विरासत दी जा सके। मंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजधानी भर में त्वरित निरीक्षण शुरू किया जाए। इसमें सभी औद्योगिक और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की जांच की जाएगी, जिन पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) या एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) लगाना और संचालित करना कानूनी रूप से अनिवार्य है। जांच के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संयंत्र सही तरीके से चालू और प्रभावी हों। प्रवेश ने निर्देश दिया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसमें जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी को छूट नहीं मिलेगी। साथ ही एक रियल-टाइम ई-डैशबोर्ड बनाया जाएगा। जिसमें निरीक्षण उल्लंघनों और सुधारात्मक कार्यों की निगरानी की जाएगी। सभी विभागों को हर पंद्रह दिन में रिपोर्ट सौंपनी होगी। उन्होंने कहा कि यमुना को प्रदूषण से बचाने और स्वच्छ रखने के लिए विभागों के बीच समन्वय जरूरी है। मंत्री ने सभी तकनीकी और प्रवर्तन विभागों को आपसी समन्वय बढ़ाने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरूआत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों और लगातार नियम तोड़ने वाले प्रतिष्ठानों से होगी। जनता से भी अपील की गई है कि वे अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध सीवेज डिस्चार्ज की शिकायत संबंधित अधिकारियों से करें। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यमुना की सफाई केवल अब प्राथमिकता नहीं बल्कि ज़िम्मेदारी है। उन्होंने साफ किया कि सरकार ने यमुना की सफाई को अब केवल एक नीति नहीं, बल्कि जवाबदेही, भविष्य की तैयारी और नागरिक जिम्मेदारी का मिशन के रूप में अपनाया है।

## मुख्यमंत्री ने यमुना के तट पर और मंत्रियों ने अलग-अलग स्थानों पर किया योग

नई दिल्ली,। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सोनिया विहार में यमुना नदी के तट पर योग किया। इस मौके पर उनके साथ कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा और भाजपा सांसद मनोज तिवारी भी मौजूद रहे। वहीं दिल्ली सरकार के अन्य मंत्रियों, भाजपा सांसदों और विधायकों ने भी योग दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री गुप्ता ने योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने योग को जन-जन की जीवनशैली और वैश्विक चेतना का अभिन्न अंग बना दिया है। आज पूरा विश्व भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत को नमन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मां यमुना हमारी आस्था का प्रतीक हैं। भाजपा ने दिल्ली की सत्ता संभालते ही यमुना नदी को अविरल और निर्मल बनाने का बीड़ा उठाया है। सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है। पहली बार यमुना नदी को साफ करने के लिए आधुनिक मशीनों और नई-नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली अब एक नई दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह स्वास्थ्य, संतुलन और आत्मबल का मार्ग है। आज योग दिवस पर राजधानी के 11 स्थलों पर आयोजित भव्य योग उत्सव में लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि जब सरकार और समाज एक साथ चलते हैं, तो संस्कृति जन-जन का संकल्प बन जाती है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सेवाभावी संगठनों और समर्पित योग साधकों को विशेष धन्यवाद दिया। इस मौके पर मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली ने मां यमुना के पक्ष में व योग के पक्ष में जनादेश दिया। जनता के जनादेश की ताकत से यमुना किनारे योग करते हुए हजारों लोगों को देश ने देखा। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद दिल्ली सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोई आधिकारिक कार्यक्रम किया है। मंत्रियों ने किया योग लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने त्यागराज स्टेडियम में योग साधकों के साथ योग किया। उन्होंन कहा कि यह दृश्य केवल एक योग सत्र का नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में स्थापित हो चुकी वसुधैव कुटुंबकम की भावना का सजीव प्रमाण है। आज पूरी दुनिया योग के माध्यम से भारत की प्राचीन परंपरा से जुड़ रही है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने छत्रसाल स्टेडियम में हजारों योग साधकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर ऊर्जा, एकता और भारतीय संस्कृति की गरिमा का अनूठा अनुभव किया। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है कि डायरेक्टरेट ऑफ एजुकेशन दिल्ली द्वारा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में 11 साल में पहली बार योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने अशोक नगर के हॉकी मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम है, बल्कि यह मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित करने की एक दिव्य प्रक्रिया भी है।

## नाबालिग लड़कियों की दोबारा तस्करी मामले में लापरवाही बरतने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली,। नाबालिग लड़कियों की दोबारा तस्करी के लिए दिल्ली पुलिस की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि क्या बचाई गई लड़कियों की उचित देखभाल न होने से वे दोबारा मानव तस्करी का शिकार बनीं। न्यायमूर्ति रविंदर डूडेजा ने ये आदेश जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन एलायंस और एसोसिएशन फार वालंटरी एक्शन नामक दो गैर सरकारी संगठनों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।याचिकाकताओं ने आरोप लगाया है कि उन्होंने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर बुराड़ी और वजीराबाद में वेश्यावृत्ति रैकेट के खिलाफ छापेमारी की थी। बुराड़ी में पहली रेड में आठ लड़कियों को छुड़ाया गया बुराड़ी में हुई पहली रेड में आठ लड़कियों को छुड़ाया गया था, जिनमें तीन नाबालिग थीं। याचिकाकताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने नाबालिग लड़कियों को किशोर न्याय अधिनियम, 2015 और अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 के तहत बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया और बिना मेडिकल जांच के उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि बुराड़ी रेड में बचाई गई एक नाबालिग लड़की को बाद में वजीराबाद की रेड में फिर से तस्करी से बचाया गया।याचिकाकताओं ने कहा कि यदि पुलिस समय रहते आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करती और लड़कियों को उचित पुनर्वास मिलता, तो दोबारा तस्करी की यह स्थिति नहीं आती। याचिकाकर्ता ने इसके दो कारण बताए याचिकाकर्ता के मुताबिक यह दो कारणों से संभव हुआ, पहला कि आरोपितों पर मामला दर्ज न करना और उन्हें छोड़ देना। दूसरा, बचाई गई लड़कियों को सही तरीके से पुनर्वासित करने के बजाय फिर से तस्करों के हवाले कर देना। एनजीओ ने इस मामले में लापरवाही की जांच कराने और एनएचआरसी (राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग) द्वारा तय किए गए मानकों के आधार पर एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों में पुलिस और अन्य एजेंसियां स्पष्ट रूप से कार्य करें।


पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना सं.
SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T06
दिनांक: 20.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के समविइं/टीआरडी/छपरा के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत छपरा–गोरखपुर कैंट, छपरा थावे और हथुआ–पंचदेवरी खंड में विभिन्न इंजीनियरिंग ट्रैक से संबंधित कार्यों के संबंध में विद्युत टीआरडी कार्य।; **टेंडर रिफरेश नं.:** SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T06; **कार्य का अनुमानित लागत (₹ में):** ₹33,99,841.62; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹68,000/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 14.07.2025 upto 14:45 hrs.; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 6 माह; • खुली ई–निविदा दिनांक 14.07.2025 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–65 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com


# भाजपा आप नेताओं पर एफआईआर कर असली मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही : मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, दिल्ली की भाजपा सरकार द्वारा प्राइवेट स्कूलों के लिए लाए गए फीस रेगुलेशन अध्यादेश का विरोध कर रहे पैरेंट्स के साथ आम आदमी पार्टी खड़ी है। ह्यह्यआपह्लह्ल के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज का कहना है कि बीजेपी सरकार के अध्यादेश से सिर्फ शिक्षा माफिया को फायदा होगा। इससे निजी स्कूलों को लूट की खुली छूट मिल जाएगी। शनिवार को छत्रसाल स्टेडियम के बाहर पैरेंट्स ने सीएम रेखा गुप्ता के खिलाफ प्रदर्शन करके बता दिया कि चोरी-छिपे लाए गए फीस रेगुलेशन बिल से वे खुश नहीं हैं। चार इंजन की बीजेपी सरकार ने चार महीने में दिल्ली की मिडल क्लास को भीषण गर्मी में सड़कों पर ला दिया है। पैरेंट्स की मांग जायज है। बीजेपी सरकार थोड़ा दिल दिखाए और अपना बिल सार्वजनिक करे। उधर, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने एक्स पर पैरेंट्स के प्रदर्शन की वीडियो साझा कर कहा कि दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की खुली लूट चालू है। लेकिन भाजपा रोजाना आम आदमी पार्टी नेताओं पर फर्जी एफआईआर करके असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश में लगी है। सौरभ भारद्वाज का कहना है कि दिल्ली की बीजेपी सरकार प्राइवेट स्कूलों को बचाने और उन्हें मनमानी करने देने के लिए अध्यादेश लेकर आई है। बीजेपी सरकार के इस अध्यादेश के खिलाफ अभिभावक अब सड़कों पर उतर चुके हैं और रेखा गुप्ता सरकार को होश में लाने के लिए हल्ला बोल रहे हैं। बीजेपी सरकार शिक्षा माफिया और निजी स्कूलों को बचाने के लिए चोरी-छिपे एक अध्यादेश लेकर आई है। इस अध्यादेश को अभिभावकों तक को नहीं दिखाया गया है। अब अभिभावक इस तानाशाही सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर चुके हैं। पैरेंट्स के इस विरोध प्रदर्शन से साफ है कि वह बीजेपी सरकार द्वारा प्राइवेट स्कूलों के लिए लाए गए फीस रेगुलेशन अध्यादेश से खुश नहीं हैं। सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर पैरेंट्स के प्रदर्शन की वीडियो को साझा कर कहा कि चार इंजन की भाजपा सरकार ने चार महीने में दिल्ली की मिडल क्लास को जून की गर्मी में सड़कों पर ला दिया है। प्राइवेट स्कूल अभिभावक माँग कर रहे हैं कि सरकार थोड़ा दिल दिखाओ, अब तो अपना बिल दिखाओ। इन पैरेंट्स का मानना है कि भाजपा सरकार जो आर्डिनेंस (बिल) ला रही है, उससे केवल प्राइवेट स्कूल मालिकों का फायदा होगा। सरकार अपने पल्ला झाड़ लेगी और हर साल फीस बढ़ जाएगी। भाजपा सरकार बनते ही लगभग सभी प्राइवेट स्कूलों ने मनमानी फीस बढ़ा दी है। बार बार सरकार को शिकायत करने के बाद भी अभी तक एक स्कूल की फीस भी वापस नहीं हुई है। डीपीएस द्वारका पर अभी तक एफआईआर नहीं हुई है। सरकार प्राइवेट स्कूल मालिकों के साथ मिली हुई है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 : डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में हजारों लोगों ने किया योगाभ्यास




प्रात: किरण .मनोज जैन

दिल्ली के डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योग से निरोग भारतह्व के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से हजारों नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में दिल्ली नगर निगम के माननीय मेयर श्री राजा इकबाल सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अश्वनी कुमार (भारतीय प्रशासनिक सेवा), स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्य शर्मा, दक्षिण दिल्ली क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती योगिता सिंह, केन्द्रीय क्षेत्र के उपायुक्त श्री शशवत सौरभ (भारतीय प्रशासनिक सेवा) एवं दक्षिण क्षेत्र के उपायुक्त श्री दिलखुश मीणा (भारतीय प्रशासनिक सेवा) सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतिदिन की भागदौड़ से अलग आज दिल्लीवासियों ने प्रातःकालीन बेला में योग के माध्यम से तन-मन को सशक्त करने की दिशा में सहभागिता निभाई। नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, महिलाएं एवं वरिष्ठ नागरिक भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। प्रशिक्षित योगाचार्यों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस पावन अवसर पर मैं, मनोज कुमार जैन (मनोनीत निगम पार्षद, दिल्ली), भी मंच पर उपस्थित रहा और स्वयं योग सत्र में भाग लेकर न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बल दिया, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि योग भारतीय संस्कृति की धरोहर है, जो आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो चुकी है।

## आज दुनिया के 191 देशों मे मनाया जाता है योग दिवस: राजेश सैनी



धनौरा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के निर्देश अनुसार धनोरा मंडल का कार्यक्रम गड़ी मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें मंडल में निवास करने वाले पदाधिकारी व कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि अमरोहा चेयरपर्सन शशि जैन थी व योग आचार्य सुशीला गुप्ता ने योगों को कराया। इस अवसर पर निवर्तमान चेयरमैन राजेश सैनी ने बताया यह 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 से प्रारंभ किया था जो आज दुनिया में 191 देशो में मनाया जाता है भारतीय सभ्यता व संस्कृति को आज पूरी दुनिया अपना रही है। इस अवसर पर विवेक अग्रवाल, गितेश अग्रवाल, सर्वेश शर्मा एडवोकेट तीनो पूर्वमंडल अध्यक्ष धनोरा, कार्यक्रम संयोजक ब्रिजेश अग्रवाल, कार्यक्रम सहसंयोजक कुसुम अग्रवाल, जगत सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, राजीव उपाध्याय ,रामकिशोर सैनी, पूनम रानी, सीमा रानी कमल गुप्ता आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## लाल क्वार्टर में विशाल गृहकर शिविर आयोजित – पार्षद संदीप कपूर की अगुवाई में जनता ने लाखों रुपये का टैक्स जमा कर नगर निगम को दिया सीधा लाभ

प्रात: किरण .मनोज जैन




शाहदरा जिले के कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित लाल क्वार्टर में शनिवार को सामाजिक सेवा संस्था हेल्प 24 द्वारा एक विशाल गृहकर (हाउस टैक्स) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लिया और अपने लंबित गृहकर का भुगतान किया। शिविर लगभग चार घंटे से भी अधिक समय तक चला और इस दौरान लाखों रुपये की टैक्स वसूली नगर निगम के खाते में दर्ज हुई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को अपने ही क्षेत्र में कर भुगतान की सुविधा देना था, जिससे वे दफ्तरों की भागदौड़ से बच सकें। नगर निगम के गृहकर विभाग से निरीक्षक विकास ढाका एवं हिमांशु (डीजे) शिविर में उपस्थित रहे, जिन्होंने करदाताओं को मौके पर मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता प्रदान की। इस सफल आयोजन की प्रधान भूमिका क्षेत्रीय पार्षद संदीप कपूर ने निभाई, जो स्वयं ह्यहेल्प 24ह्व संस्था से भी सक्रिय रूप से जुड़े हैं। जनता ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से आमजन को सीधा लाभ मिलता है और प्रशासनिक कार्य भी सरल हो जाते हैं। पार्षद संदीप कपूर ने बताया कि वे आगे भी इसी प्रकार के जनसेवा शिविर क्षेत्र में आयोजित कराते रहेंगे, ताकि जनता को सुविधाएं उनके द्वार तक पहुंचाई जा सकें। शिविर की व्यवस्था में सहयोग करने वालों में लवली साहनी, सी. पी. अरोड़ा, सुमन नैयर, रजत अरोड़ा, एवं अनूप अग्रवाल जैसे समाजसेवियों की भूमिका भी सराहनीय रही, जिन्होंने व्यवस्थाओं को संभालने और नागरिकों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया ने की नए मीडिया आयोग गठन की माँग

### डॉ विनोद कुमार शर्मा चंडीगढ़ के अध्यक्ष और सुनील कुमार महासचिव चुने गए

### चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा के पत्रकारों ने रखी अपनी समस्याएं



प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

चंडीगढ़ ।वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया ने चंडीगढ़ में हुई बैठक में केंद्र सरकार से तत्काल तीसरे मीडिया आयोग के गठन की मांग की है। यूनियन ने प्रेस काउंसिल आफ इंडिया को भंग करके मीडिया काउंसिल बनाने की भी मांग रखी है। यूनियन ने डिजिटल मीडिया और ऑनलाइन मीडिया के पत्रकारों को सरकारी मान्यता देने और उनके पोर्टल्स को सरकारी विज्ञापन देने के लिए भी आग्रह किया। आज वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया की चंडीगढ़ ईकाई की बैठक आर्य समाज सेक्टर 7 बी चंडीगढ़ जबकि पंजाब और हरियाणा के पत्रकारों की बैठक प्रति चंडीगढ़ प्रेस क्लब सेक्टर 27 में आयोजित हुई। इन दोनों बैठकों में चंडीगढ़ पंजाब और हरियाणा के पत्रकारों ने अपने-अपने राज्यों की समस्याओं को यूनियन के समक्ष उठाया। वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया ने उनकी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के सलाहकार सुरेंद्र वर्मा ने भिन्न राज्यों से आए पत्रकारों का परिचय करवाया।राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया पत्रकारों की आवाज है। यह संघ उनके अधिकारों का रक्षक है। यूनियन पिछले कई वर्षों से पत्रकारों की मांगों को सरकारों के समक्ष बखूबी उठाती रही है। वह उनकी मांगों को पूर्ण रूप से हल करवाने के लिए प्रयासरत है। महासचिव नरेंद्र भंडारी ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब यूनियन की पहुंच कई राज्यों तक हो गई है। यह राष्ट्रवादी यूनियन है। देश के हर राज्य के पत्रकारों को आ रही समस्याओं को हल करवाना उनका मुख्य ध्येय है। प्रत्येक पत्रकार बिना किसी संकोच अपनी समस्याओं को यूनियन के समक्ष रख सकता है। डॉ विनोद कुमार शर्मा को चंडीगढ़ इकाई का अध्यक्ष और सुनील कुमार को महासचिव चुना गया। रविंद्र तलवाड़, प्रेम विज, और के के शारदा को पैटर्न नियुक्त किया गया। प्रकाश चंद्र शर्मा और प्रदीप शुक्ला को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, परोसन बर्मन को वाइस प्रेसिडेंट, प्रदीप शर्मा को मीडिया सचिव, विनय शर्मा और राखी को सचिव नियुक्त किया गया है। एडवोकेट दवेश मोदगिल और करण शुक्ला को लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया है। इस मौके पर निखिल कालरा, प्रवेश चौहान, तृप्ति किरनजीत कौर, शिव गौतम, राकेश वालिया, जे एस सोढ़ी, राजकुमार वर्मा, सुधीर सूद, टिंकू भाटिया नितिन गर्ग निखिल कालरा, हरजिंदर सिंह राकेश पाहवा, विचित्र सिंह, शांति गौतम, उमेश धीमान, कविता शर्मा, मोहित महाजन,अनिल कुमार आदि काफी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

## योग से जागा पूर्वी दिल्ली – यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उमड़ा जनसैलाब, दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुति बनी आयोजन की आत्मा

### न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल ने कहा योग केवल स्वास्थ्य नहीं, प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व भी है

प्रात: किरण .मनोज जैन




शाहदरा जिले के अंतर्गत यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 21 जून की प्रातः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हजारों नागरिकों की भागीदारी में एक भव्य और अनुशासित आयोजन संपन्न हुआ। आचार्य डॉ. विक्रमादित्य के सशक्त संचालन में यह आयोजन केवल योगाभ्यास का अवसर नहीं रहा, बल्कि सामाजिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय चेतना का संदेशवाहक भी बना। सुबह 6 बजे से पहले ही परिसर में नागरिकों का आगमन शुरू हो गया था। आयोजकों द्वारा प्रतिभागियों को टी-शर्ट, योगा मैट और पर्यावरण सन्देश स्वरूप पौधा वितरित किया गया। समापन के समय सभी को भोजन हेतु लंच पैक दिया गया और विभिन्न स्थानों पर फ्रूटी की बोतलों का वितरण भी किया गया, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को ताजगी और ऊर्जा मिली। आयोजन की समर्पित सेवा और सुव्यवस्था ने लोगों को गहरे प्रभावित किया।मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित पूर्व न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में योग को केवल आत्मसाधना नहीं, बल्कि धरती और समाज के प्रति उत्तरदायित्व से जोड़ा। उन्होंने कहा, यदि हम वास्तव में योगी हैं तो हमें वृक्षारोपण, जल-संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण को भी अपनाना होगा। यही आज के समय का वास्तविक योग है। इस अवसर पर मंच पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी, विधायक ओ.पी. शर्मा, अनिल गोयल, जितेंद्र महाजन, पूर्व विधायक नितिन त्यागी, पूर्व जोन अध्यक्ष संदीप कपूर, राजीव निशाना, साध्वी दीप्ति जी, आईपीएस अधिकारी नेहा यादव, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वी.के. मोंगा, भारत-तिब्बत सहयोग मंच के दिल्ली प्रांत अध्यक्ष भूषण कुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य अजय शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष वर्मा, लवली साहनी (हेल्प 24 संस्था, कृष्णा नगर), एस.के. बब्बर (नेहरू युवा केंद्र), वीरेंद्र आहूजा, दीपक भसीन, विजय कोहली, मोनी सभरवाल समेत कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। मंच से प्रियंका ढींगरा, बॉबी वर्मा और पूनम अरोड़ा ने सामूहिक योग अभ्यास करवाया और वातावरण को साधना में लीन कर दिया। इस आयोजन का सबसे भावनात्मक क्षण वह रहा जब दिव्यांग बच्चों ने मंच पर योगाभ्यास प्रस्तुत किया। ये बच्चे माँ शक्ति संस्था के सहयोग से कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए थे। उनकी प्रस्तुति देखकर जनसमूह खड़ा हो गया और तालियों की गूंज के साथ उनका सम्मान किया गया। यह दृश्य आयोजन की आत्मा बन गया। योग की यह लहर केवल यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरे शाहदरा जिले में फैल गई। थाना कृष्णा नगर में थानाध्यक्ष मुकेश राणा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने भी सामूहिक योगाभ्यास कर यह संदेश दिया कि योग अब केवल व्यक्तिगत नहीं, सामाजिक आंदोलन बन चुका है। इस आयोजन में आरडब्ल्यूए के योगेश कौशिक, निगम पार्षद नीलम चौधरी, पूर्व पार्षद जीतू चौधरी एवं प्रियंका चतुर्वेदी की भी सक्रिय भागीदारी रही। इसी क्रम में आनंद विहार स्थित डीडीए पार्क (पेट्रोल पंप के पीछे) में समर्पित सामाजिक संस्था समर्पित (पंजीकृत गैर-सरकारी संगठन) द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का 11वां आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग अभ्यास के साथ-साथ स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें फिजिशियन डॉ. संजय शुक्ला, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. दीपक शर्मा, ब्लड शुगर जांच हेतु आनंद डायग्नोस्टिक चैरिटेबल लैब, और नेत्र जांच हेतु सेंटर फॉर साइट की सेवाएं प्रदान की गईं। लगभग 300 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। आयोजन में संस्था के प्रधान विनोद कुमार, महासचिव अतुल कुमार जैन, भारतीय योग संस्थान (पंजी) से भूषण जैन एवं अजीत कुमार सिंह भी मौजूद रहे। बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया और कार्यक्रम पूर्ण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नोएडा में मुनि श्री 108 प्रणमय सागर जी के सान्निध्य में अर्ह योग दिवस मनाया गया

### सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया योग, ध्यान और आत्मचिंतन



प्रात: किरण .मनोज जैन

विश्व योग दिवस के अवसर पर नोएडा हॉट, सेक्टर 33 में आयोजित अर्ह योग दिवस का भव्य आयोजन जैन संत मुनि श्री 108 प्रणमय सागर जी महाराज के दिव्य सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धा और साधना का संगम देखने को मिला, जब सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रातःकाल से ही उपस्थित होकर मुनिश्री के उपदेशों को सुनने, योग की गहराइयों में उतरने और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव करने पहुँचे। मुनिश्री की ओजस्वी वाणी और शांत स्वर ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता से भर दिया। योग, ध्यान और संयम के प्रति लोगों में नया उत्साह देखने को मिला। मुनि श्री के निर्देशन में लोकेश जैन, सौरभ जैन, सम्यक जैन, कोमल जैन, पूजा जैन, राजेश जैन, निमित जैन, दिव्या जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने अर्ह ध्यान योग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल योगाभ्यास नहीं, बल्कि जीवन में शुद्धि, संयम और आत्मिक उत्थान की भावना को जागृत करना था। मुनिश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, यह आत्मा को शुद्ध करने, क्रोध, लोभ और मोह से मुक्त होने का मार्ग है। जब मन और आत्मा एक दिशा में चलते हैं, तब ही जीवन में शांति आती है। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, आत्मकल्याण और पर्यावरण संतुलन के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

## चन्दनपुर चीनी मिल में मनाया गया विश्व योग दिवस

### प्रतिदिन योग करें और शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहें: आमोद कुमार शर्मा



हसनपुर ।अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में लगभग 50-60 प्रतिशत जनसंख्या अधिकतर बीमारियों से ग्रसित हैं जिसमें किसी न किसी बीमारी से शायद ही कोई अछूता होगा। इन बीमारियों से बचाव के लिये दवाई के साथ-साथ योगा बहुत आवश्यक है। योग के द्वारा कई बीमारियों से बचाव किया जा सकता है इसलिये प्रत्येक को योग अवश्य करना चाहिए। इस योग दिवस पर चीनी मिल चन्दनपुर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा चीनी मिल के अधिकारी बाबूराम सैनी जो प्रतिदिन योगा करते हैं और योग से उन्होंने अपने आपको स्वस्थ कर रखा है। कई प्रकार के योग एवं उनसे होने वाले फायदों का ज्ञान होने के कारण बाबूराम के नेतृत्व में योगा किया गया। चीनी मिल यूनिट हेड श्री आमोद कुमार शर्मा द्वारा भी योगाभ्यास किया गया। श्री बाबूराम सैनी ने योगा का क्रमवार सही तरीका एवं योग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। श्री सैनी के द्वारा लगभग 20 आसन प्राणायाम, कपालभाती, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, ताड़ आसन, त्रिकोण आसन,अर्ध चक्रासन, स्वास्तिकासन, पदमासन, वज्रासन, मंडूकासन, भुजंगासन आदि आसन करवायें। चीनी मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा जी के द्वारा सभी को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि आज योग करने से मन, मस्तिष्क और शरीर स्वस्थ रहता है तथा बीमारियां दूर होती है इसलिये सभी लोगो को प्रातः योग अवश्य करना चाहिए।चीनी मिल के अधिकारी आर.एस. सहरावत, टी.सी. रजौरिया, रवि गुप्ता, अमेज कुमार सिंह, उदयवीर सिंह, विपिन मिश्रा, आशीष श्रीवास्तव, सुदेश निगम, लज्जाराम, जोगेन्द्र सिंह, राजकुमार झा, शशीमोहन, निशांत, वीरेन्द्र सिंह चंदेल, अतुल सक्सेना, राजीव सिंह एवं अन्य कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर लाभ प्राप्त किया।

## शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी: प्रवीण अग्रवाल



मंडी धनौरा। शनिवार को बाला जी मंदिर पार्क पर नगर पालिका परिषद द्वारा 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष की थीम ह्ययोगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ के तहत आयोजित कार्यक्रम में धनौरा नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व तहसीलदार मूसाराम थारू सहित अन्य अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य अनिता भटनागर द्वारा सभी लोगों को प्राणायाम, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्षासन जैसे अनेक योगाभ्यास कराये गये। लोगों में योग के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान बोलते हुए नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि ह्ययोग भारत की प्राचीनतम धरोहर है जिसे महर्षि पतंजलि ने सुव्यवस्थित किया। यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक संतुलन भी बनाए रखता है। हमें इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान तहसीलदार मूसाराम थारू ने भी योगाभ्यास में भाग लिया और कहा कि स्वस्थ जीवन का आधार योग है। नियमित योग करने से जीवन में ऊर्जा संतुलन, और सकारात्मकता आती है। योग न सिर्फ एक अभ्यास है। बल्कि यह जीवन का एक दर्शन भी है। सरकार की पहल से आज घर-घर योग पहुंचा है यह हम सबके लिए गौरव की बात है। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा, श्याम सिंह, सोनिया अग्रवाल, आरती शर्मा, विशाल शर्मा, रामेन्द्र यादव, कृष्ण कुमार, अमर सिंह, निशान्त, संजीव कुमार, रामेश्वर, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शाहदरा में दिखा भारत की संस्कृति का गौरव

- प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से योग बना वैश्विक चेतना का माध्यम

प्रात: किरण .मनोज जैन




21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर भाजपा शाहदरा ज़िला द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें 18 मंडलों में भव्य कार्यक्रमों के माध्यम से योग के महत्व को जन-जन तक पहुँचाया गया। ज़िला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने इस अवसर पर कहा कि यह दिवस केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि भारत की उस शाश्वत योग परंपरा का उत्सव है जिसने दुनिया को आरोग्यता और मानसिक शांति का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा, योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा की एकता का विज्ञान है। भाजपा शाहदरा ज़िला प्रवक्ता एडवोकेट भारत गौड़ ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा, 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके ऐतिहासिक प्रयासों से आज योग पूरी दुनिया में सम्मान और स्वीकार्यता पा चुका है। ह्ययोगा फॉर मैनिटी और योगा फॉर वेलनेस जैसे अभियानों ने भारत को एक सांस्कृतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया है। पूर्व ज़िलाध्यक्ष महेंद्र आहूजा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि, योग सिर्फ 21 जून तक सीमित न रहे, यह हर व्यक्ति के दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। जब व्यक्ति स्वस्थ होगा, तभी समाज और देश भी उन्नति करेगा। यही योग का मूल संदेश है। इस भव्य आयोजन में भाजपा शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा, संदीप मल्होत्रा (भाई श्री हर्ष मल्होत्रा), ज़िला प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता, सह प्रभारी कृष्ण शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र आहूजा, विधायक अभय वर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, संजय गोयल, डॉ. अनिल गोयल, सुशील तिवारी, योग दिवस ज़िला संयोजक गुंजन गुप्ता, सह संयोजक राकेश गहलोत व चमन भारद्वाज, महेंद्र जैन सहित हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक, सभी पार्षद व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे और अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मुख्यमंत्री ने किया दीदियों का सम्मान, नई घोषणाओं से जगाई उम्मीद

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा बिहार सरकार द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम ने एक नया इतिहास रच दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को राज्य के सभी जिलों की संकुल स्तरीय संघों की महिला लीडर्स से वर्चुअल संवाद किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लाखों ग्रामीण महिलाओं की आकांक्षाओं को समझना और उनके आधार पर सशक्त नीतियां बनाना था। सहरसा जिले के सभी 10 प्रखंडों से संकुल स्तरीय संघ की महिला लीडर्स ने पूरे आत्मविश्वास और गर्व के साथ मुख्यमंत्री के समक्ष अपने क्षेत्र की महिलाओं की समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने महिला संवाद कार्यक्रम के आयोजन के लिए सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंच महिलाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर लेकर आया है।

मुख्यमंत्री ने महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल विचार साझा करने का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं को सशक्त करने का आंदोलन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की आकांक्षाओं को सरकारी नीतियों में शामिल करने की प्रतिबद्धता जताई और इस दौरान कुछ अहम घोषणाएं की। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा में सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 से बढ़ाकर 1100 प्रति माह की जाएगी। जीविका दीदियों को दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज दर 12% से घटाकर 7% की जाएगी। सभी जीविका कैडर के मानदेय में वृद्धि की जाएगी, जिससे उनके योगदान को मान्यता मिल सके। दीदी की रसोई योजना का विस्तार सभी सरकारी विभागों तक किया जाएगा। प्रत्येक पंचायत में कम्युनिटी मैरेज हॉल का निर्माण किया जाएगा। सतत जीविकोपार्जन योजना को विस्तारित करते हुए सभी अति गरीब परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सहरसा जिला प्रशासन और जीविका परिवार ने मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। यह कार्यक्रम अब केवल संवाद तक सीमित नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक बदलाव का प्रतीक बन चुका है। महिलाओं ने इस कार्यक्रम को अपनी आवाज बुलंद करने का महत्वपूर्ण मंच बताया। ग्रामीण महिलाओं ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर अपनी राय दी। यह मंच महिलाओं को जागरूक करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम साबित हुआ है। यह स्पष्ट है कि बिहार सरकार महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिला संवाद कार्यक्रम अब नीतिगत बदलाव का आधार बन चुका है। जब दीदी बोलेगी, तो सरकार सुनेगी झ यही है नया बिहार की नई पहचान।

# दोहरे हत्याकांड में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, कहा यह हत्या नहीं नरसंहार है

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !लखीसराय जिले के पिपरिया प्रखंड के वलीपुर पंचायत के मुखिया चंदन सिंह उर्फ डोमू सिंह और वार्ड सदस्य प्रतिनिधि चंदन कुमार की हत्याकांड में मृतकों के परिजनों से मुलाकात करने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव आज वलीपुर गांव पहुंचते हीं बिहार के शासन-प्रशासन पर बड़ा सवाल खड़ा किया है !उन्होंने कहा कि आज की तारीख में नीतीश सरकार का इकबाल खत्म हो गया है !इन दिनों बिहार में अपराध का ग्राफ काफी तेजी से बढा है !प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है !पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि लखीसराय जिले में बालू और शराब माफिया सक्रिय हैं !उन्होंने वलीपुर पंचायत के मुखिया चंदन सिंह और वार्ड पार्षद प्रतिनिधि चंदन कुमार की हत्या को राजनीतिक हत्या करार देते हुए कहा कि यह सिर्फ हत्या नहीं बल्कि नरसंहार है !इस जघन्य घटना में कई राजनीतिक रसूखदार लोग शामिल हैं जिसे वर्तमान सरकार बचाने का काम कर रही है !सांसद पप्पू यादव ने बिहार के डीजीपी विनय कुमार से मांग किया है कि दोहरे हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की जाए और जो भी दोषी हो उन्हें सख्त-से सख्त सजा दी जाए! उन्होंने जोर देकर कहा कि दोहरे हत्याकांड के पीछे सत्ता से जुड़े बड़े-बड़े राजनीतिक लोग शामिल हैं ! वैसे पूरे बिहार में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं खुलेआम दिनदहाड़े हत्या,बलात्कार -डकैती की जा रही है !सांसद पप्पू यादव ने पीड़ित परिवार से मिलकर तन,मन,धन से सहायता करने का आश्वासन दिया !उन्होंने यह भी कहा कि जब तक पीड़ित परिवार को इंसाफ नहीं मिल जाता है तब तक वह लड़ते रहेंगे !मौके पर सांसद पप्पू यादव के कट्टर समर्थक व जाने-माने समाजसेवी रंजय कुमार भी मौजूद थे !

# सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत चलाया गया विशेष वाहन जांच, सड़क सुरक्षा को लेकर दिखाई सख्ती



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। जिले के बलवाहाट थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए बलवाहाट के प्रभारी थानाध्यक्ष कृष्णा कुमार के नेतृत्व में एक विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान न केवल दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट चलने पर रोका गया, बल्कि चार पहिया वाहनों की भी सघन जांच की गई। जांच के दौरान कई वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों और विशेष रूप से बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर चालान भी काटा गया। इस अभियान में ए .एस.आई धर्मेंद्र कुमार, ए.एस.आई, प्रभात कुमार और बासुकीनाथ भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। प्रभारी थानाध्यक्ष कृष्णा कुमार स्वयं सड़क पर उतरकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते दिखे। थानाध्यक्ष ने कहा, हमारा मकसद चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना है। हेलमेट और ट्रैफिक नियमों का पालन कर ही हम अपनी और दूसरों की जान बचा सकते हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान की सराहना की और इसे एक सराहनीय पहल बताया।

# फिल्मी स्टाइल में चकाई पुलिस ने खदेड़ कर धर दबोचा लूटेरे को, 20 लाख रुपए सहित

जमुई : चकाई पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी तत्परता और साहसिकता का परिचय देते हुए पांच लाख रुपये की लूट के एक मामले में फिल्मी अंदाज में 20 किलोमीटर पीछा कर लुटेरे को धर दबोचा। इस दौरान न सिर्फ लुटेरा पकड़ा गया, बल्कि पीड़ित का पूरा पांच लाख रुपये भी अपाची बाइक सहित बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार उरबा गांव निवासी रोहित राय चकाई स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पांच लाख रुपये निकालकर अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में बाइक की डिक्की से लुटेरे ने पैसे निकाल लिए और भागने लगा। घटना की सूचना मिलते ही चकाई थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लुटेरे का पीछा शुरू किया। लगभग 20 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद, चकाई पुलिस ने झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार, चकाई थाना प्रभारी राकेश कुमार और अवर निरीक्षक कौशल सिंह के नेतृत्व में लुटेरे को धर दबोचा। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लुटेरे से लूटी गई राशि (5 लाख) के साथ-साथ अपाची बाइक भी जब्त कर ली है। वहीं इस साहसिक कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों ने चकाई पुलिस की जमकर सराहना की। लोगों ने कहा कि चकाई पुलिस की सतर्कता और सक्रियता ने अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

# 20 जून तक 400-बैलेट यूनिट एवं 300 - वीवी पैट का एफएलसी ओके कार्य पूर्ण : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के लिए ईवीएम का प्रथम स्तरीय जांच (एफ एल सी) कार्य प्रगति पर है, मधेपुरा जिला अंतर्गत 13 जून से ईवीएम का प्रथम स्तरीय जांच (एफ एल सी) कार्य संचालित है, जो 22 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। ईवीएम का एफ एल सी एक प्रारंभिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया है, जो प्रत्येक निर्वाचन से पूर्व सुनिश्चित की जाती है ताकि ईवीएम की कार्यशीलता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, मधेपुरा की देखरेख में ईवीएम निमार्ता संस्था इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के 18 अभियंताओं द्वारा किया जा रहा है। प्रथम स्तरीय जांच (एफ एल सी) का कार्य सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाती है। जहां शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा एफ एल सी कार्य का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि 20 जून शुक्रवार को अपराह्न 5 बजे तक 400-बैलेट यूनिट एवं 300 - वी०वी०पैट का एफ एल सी ओके कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि 2- बी यू एवं 03 - वी वी पैट एफ एल सी रिजेक्टेड घोषित किए गए हैं। एफ एल सी ओके एवं रिजेक्टेड मशीनों की जानकारी प्रतिदिन ई एम एस 2.0 पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। एफ एल सी पूर्ण होने के उपरांत रिजेक्टेड मशीनों को प्रमंडल स्तर पर एकत्र कर मरम्मति हेतु ई सी आई एल, हैदराबाद को भेजा जाएगा। मधेपुरा जिला में 2776- बैलेट यूनिट 2228 - कंट्रोल यूनिट एवं 2371 - वी०वी०पैट का एफ एल सी ऋछउ किया जाना है। एफ एल सी के दौरान सही पाई गई ईवीएम की सूची ई एम एस 2.0 पोर्टल से डाउनलोड किया जा रहा है। एफ एल सी प्रारंभ होने से पूर्व दिनांक 23 मई को सभी राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों/सचिवों को एफ एल सी कार्यक्रम की सूचना गई थी तथा उनसे अनुरोध किया गया कि वे स्वयं या अपने प्रतिनिधियों को एफ एल सी में भाग लेने हेतु अधिकृत करें, साथ ही जो दल उपस्थित नहीं हो रहे हैं उन्हें नियमित रूप से नोटिस भेजा जायेगा। दिनांक 19 जून तक एफ एल सी कार्य में नहीं आने वाले राजनैतिक दलों को इस कार्यालय के पत्रांक - 496 / निर्वा0, 2025 से नोटिस भेजा गया है। भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सीपीआई (एम), सीपीआई (एमएल), राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल (यू०) एवं राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

# शारीरिक मानसिक सेहत को बेहतर बनाता है योग : पूजा कुमारी

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा अध्यापिका पूजा कुमारी कहती हैं कि योग करो स्वस्थ रहोगे योग फायदा पहुंचाएगा। सहरसा भारत स्काउट गाइड के तहत आयोजित शिविर में पूजा कुमारी अध्यापिका को सहायक सह प्रशिक्षु के रूप में बच्चों एवं बुजुर्गों महिलाओं को विभिन्न योगासनों के बारे में विस्तार रूप से बताया, एवं बच्चों को मुख्य भूमिका के आधार पर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया एवं योग दिवस पर योग करके भी दिखाएं, लेकिन पूजा कुमारी ने बताया बहुत कम लोग यह कहते हैं यह कैसे फायदा करेगा। पूजा कुमारी ने कहा मैं अपने अनुभव और शिक्षा के आधार पर अपनी बातें आपसे साझा कर रही हूं योग करने से जो मुख्यतः बदलाव होते हैं उन्हें समझिए।योगिक क्रियाओं से शरीर की मांसपेशियों नसों एवं जोड़ों में खींचाव उत्पन्न होता है जिससे इन में खून का प्रवाह उच्च स्तर पर होता है इन में मजबूती आती है इनसे तनाव तथा दर्द बाहर निकलते हैं और हम स्वस्थ रहते हैं। कई योग क्रियाएं शरीर के आंतरिक और बाहरी अंगों पर दबाब उत्पन्न करते हैं। जिससे उन अंगों से अशुद्ध खून बाहर निकलता है तथा शुद्ध खून उन तक पहुंचता है और उसमें एक नियत गति आती है जो स्वस्थता प्रदान करती है। शरीर का विभिन्न कोणों से मुड़ना और शरीर में निचोड़ उत्पन्न होना*- इसे हम ऐसे समझते हैं जैसे भीगे के कपड़े को निचोड़ने पर अनावश्यक पानी बाहर आ जाता हैं वैसे ही योगिक क्रियाओं से शरीर को निचोड़ कर अतिरिक्त वसा या फैट अशुद्धियां , तनाव इत्यादि बाहर निकाल सकते हैं। जिससे शरीर निरोग रहता है। यौगिक क्रियाओं का एक मुख्य कार्य यह भी है कि वह शरीर के विभिन्न आंतरिक व बाहरी अंगों तथा शारीरिक उतकों या खून बाहर निकालना तथा वहां शुद्ध खून पहुंचाना साथ ही उन अंगों के ब्लॉकेज को खोलना जो शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के लिए अत्यंत आवश्यक है।ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाना और उसका प्रवाह प्रत्येक अंगों तक पहुंचाना योग से स्वास की लंबाई बढ़ती है फेफड़ा की कार्य क्षमता बढ़ती है जिससे ज्यादा ऑक्सीजन शरीर के अंदर प्रवेश करता है जिससे विभिन्न आंतरिक अंगों की कार्यक्षमता बढ़ती है हार्मोनल ग्रंथियों से हार्मोन का स्राव संतुलित होता है, जिससे उच्च रक्तचाप ,डायबिटीज तनाव, लीवर तथा किडनी की बीमारियों से बचाव होता है। मानसिक कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है।

# 16 सूत्री मांगों को लेकर सगासा संघर्ष समन्वय समिति का सांकेतिक हड़ताल व धरना प्रदर्शन आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा सगासा संघर्ष समन्वय समिति के जिला इकाई द्वारा 16 सूत्री मांगों के समर्थन में अंशकालिक व सांकेतिक हड़ताल के तहत शनिवार को स्टेडियम के समीप धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। संघर्ष समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष हिमांशु कुमार, पर्यवेक्षक गोपाल जी, खुशबू कुमारी, दिवाकर कुमार, लेखा सहायक देवेश कुमार, भोगेंद्र भंडारी ने बताया कि वेतन वृद्धि, सेवा स्थायीकरण एवं विभागीय अनुशंसा के उपरांत कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने, ग्रामीण आवास कर्मियों के स्थायीकरण को आसान करने के लिए संबंधित कानून में संशोधन करने, संविदा कर्मियों की सेवा का नियमित नियमितीकरण करने, ग्रामीण विकास विभाग के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना में कार्यरत आवास कर्मियों को प्रत्येक 3 वर्ष पर मानदेय पुनरीक्षण का प्रावधान करने, ग्रामीण आवास कर्मियों की सेवा पुस्तिका का संधारण एवं सेवा शर्त नियम का निर्धारण करने, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में लाने एवं पुरानी पेंशन योजना को लागू करने, सेवा मुक्त संविदा व ग्रामीण आवास कर्मियों को पुनः बहाल करने, नियोजित शिक्षकों की भांति ग्रामीण आवास कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा का लाभ दिए जाने, ग्रामीण आवास कर्मियों के स्थानांतरण नियमावली बनाने, महिला ग्रामीण सेवकों को रात्रि कालीन सेवा पर रोक लगाने, ग्रामीण आवास कर्मियों के साथ अनुचित हस्तक्षेप रोकने, विशेष कार्यों में प्रति नियुक्त करने पर विशेष भत्ता का भुगतान किए जाने, ग्रामीण आवास कर्मियों को सरकारी स्थाई नौकरी हेतु अधिमानता का लाभ दिए जाने, कार्यों का विस्तार करने ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक के नियुक्ति का रिक्त पदों को शीघ्र भरने सहित अन्य मांग शामिल है। उन्होंने बताया कि 20 जून को सभी प्रखंड विकास अधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं जिलाधिकारी सहरसा को ज्ञापन दिया गया है। इस आलोक में सांकेतिक हड़ताल 20 से 22 जून तक किया जाएगा। वही मांगे नहीं माने जाने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रदीप प्रभाकर, संजय राम, मुकेश कुमार, संदीप कुमार, ध्रुव कुमार, बबन झा, सपना कुमारी, कोमल, लिपि कुमारी, संजू कुमारी, मृणाल कुमार सहित सभी जिला स्तरीय आवास कर्मी मौजूद थे।

# डीएम एवं एसपी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि विवाद, विधि व्यवस्था एवं मद्य निषेध को ले की समीक्षा




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हिमांशु द्वारा संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि विवाद, विधि व्यवस्था एवं मद्य निषेध अभियान की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम सभी अंचलाधिकारी/थाना प्रभारी को थाना/अंचल स्तर पर भू विवाद संबंधित मामलो के समाधान हेतु आयोजित होने वाले बैठक के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों के सम्यक निष्पादन एवं सभी अभिलेखों के समुचित संधारण हेतु निर्देशित किया गया है। उसी प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को पाक्षिक रूप से आयोजित होने वाले बैठक में अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत भूमि विवाद संबंधित मामलो के निष्पादन की दिशा में की गई कारवाई के विस्तृत समीक्षा का निर्देश दिया गया है। मद्य निषेध अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों में छापा मारी अभियान के क्रियान्वयन में और तेजी लाने, शेष शराब विनष्टीकरण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने, मद्य निषेध अभियान अंतर्गत राज्यसात किए गए वाहनों की नियमानुसार नीाालामी प्रक्रिया अविलंब पूर्ण करने एवं कोरेक्स एवं इस जैसे अन्य हानिकारक हानिकारक नशीले पदार्थ के विरुद्ध की जा रही कारवाई में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में विधि व्यवस्था के समुचित संधारण हेतु यथोचित दिशा निर्देश दिए गए।

# फर्जी फाइनेंस कंपनी बना ग्रुप लोन के नाम पर महिलाओं से की जा रही थी ठगी, 4 शातिर साइबर ठग गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा शुक्रवार को साइबर डीएसपी ने गुप्त सूचना पर सदर थाना क्षेत्र के चांदनी चौक स्थित होटल से 4 साइबर ठग को गिरफ्तार किया। वही होटल के कमरे की तलाशी लिए जाने पर लैपटॉप, मोबाइल सहित फर्जी कंपनी के लोन दस्तावेज भी बरामद हुए थे। साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के चांदनी चौक, रेलवे स्टेशन के निकट स्थित होटल राज मित्रा में कुछ साइबर ठग ठहरे हुए हैं। सूचना के बाद उनके नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक दीपक चंद्र दास, टीओपी - 2, बटराहा प्रभारी सनोज वर्मा और साइबर पुलिस बल के साथ छापामारी की गई। छापामारी में उक्त होटल के कमरा नंबर 102 से चार युवक गिरफ्तार किए गए। होटल के कमरे की तलाशी लिए जाने पर 2 लैपटॉप, 5 मोबाइल, 4 डेबिट कार्ड, 3 सिम कार्ड और उक्त फर्जी फाइनेंस कंपनी जानाश्री माइक्रोफिन लिमिटेड का दो लोन दस्तावेज भी बरामद हुए था। गिरफ्त में लिए गए साइबर ठग से कड़ाई से पूछताछ करने पर ठग मिथिलेश कुमार ने बताया कि उन्होंने और उनके ग्रुप के लोगों ने जानाश्री माइक्रोफिन लिमिटेड नामक फर्जी कंपनी बनाया था। जिसका हेड ऑफिस मुंगेर जिले के जमालपुर में रखा गया था। जिसमें ग्रुप लोन देने के नाम पर महिलाओं को पहले बहला फुसला कर और फिर धोखाधड़ी करते हुए अवैध रूप से ऑनलाइन या नकद रुपए के माध्यम से वसूली की जा रही थी। गिरफ्तार किए गए साइबर ठग में से दो जिले के बिहरा थाना क्षेत्र के खोनहा गांव, वार्ड नंबर - 11 निवासी सुरज शाह के पुत्र मिथलेश कुमार और सुरेंद्र यादव के पुत्र कौशल कुमार थे। वहीं दो साइबर ठग मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के भेलाही गांव, वार्ड नंबर - 5 निवासी रविंद्र यादव का पुत्र प्रवीण कुमार और मुरलीगंज थाना क्षेत्र के ही विष्णुपुर गांव, वार्ड नंबर 12 निवासी रमन यादव के पुत्र अमन कुमार की गिरफ्तारी हुई थी। उनकी गिरफ्तारी को लेकर साइबर थाना कांड संख्या - 29/25 दर्ज की गई थी। गिरफ्तार अपराधी का पुराना आपराधिक इतिहास की जांच किए जाने पर पता चला कि गिरफ्तार अपराधकर्मी और ठग मिथिलेश कुमार के ऊपर वर्ष - 2024 में पटना जिले के जक्कनपुर थाना कांड संख्या 568/24 दर्ज है। गिरफ्तार चारों साइबर ठग को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। वहीं उक्त धंधे में शामिल उनके अन्य सहयोगियों के गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही थी।

# 18 अप्रैल से 20 जून तक चलने वाले महिला संवाद के समापन के बाद की गई समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय। राज्य में महिला सशक्तीकरण की झलक फिर से एक बार दिखी । जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला संवाद के दौरान महिलाओं की कई आकांक्षाओं और मांगों को पूरा करने की घोषणा की। जिसमें सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन की राशि चार सौ रुपए से बढ़ाकर ग्यारह सौ रुपये की गई है, स्वयं सहायता समूह द्वारा जीविका दीदियों को दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज दर को बारह प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत करने की घोषणा हुई है, जीविका से संबद्ध सभी जीविका कैडर की मानदेय राशि में वृद्धि की जाएगी, दीदी की रसोई को सभी सरकारी विभागों तक विस्तारित किया जाएगा, राज्य के सभी पंचायत में सामुदायिक विवाह भवन का निर्माण होगा, सतत जीविकोपार्जन योजना सभी वर्गों के अति गरीब परिवारों तक किया जाएगा । ये घोषणाएं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक में की । इस कार्यक्रम से पूरे राज्य से आई जीविका से संबद्ध संकुल स्तरीय संघ से जुड़ी जीविका दीदियों भी मौजूद थी । गौरतलब है कि इससे पूर्व भी एक कार्यक्रम में जीविका दीदियों की मांग पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में शराबबंदी की घोषणा की थी । पुनः एक बार जीविका दीदियों और गांव की अन्य महिलाओं की आकांक्षाओं एवं मांगों को मुख्यमंत्री जी ने पूरा करने की घोषणा कर राज्य में महिला सशक्तिकरण को एक बड़ा आधार दिया है और यह संदेश भी दिया है कि महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन से ही राज्य का विकास जुड़ा है। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए राज्य में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के आकलन एवं अन्य इच्छाओं , आकांक्षाओं एवं सुविधाओं में विस्तार तथा ग्रामीण महिलाओं से सलाह एवं सुझाव हेतु राज्य सरकार के निर्देश पर ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में जीविका द्वारा उसके ग्राम संगठनों ने 18 अप्रैल से 20 जून तक आयोजित किया गया था। महिला संवाद के समापन के बाद उसकी समीक्षा की गई और उपर्युक्त घोषणाएं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने की ।पटना के देशरत्न मार्ग स्थित संवाद में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक को अन्य जिलों में भी जीविका दीदियों ने वर्चुअली देखा और माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा से हर्षित हुई। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने संकुल स्तरीय संघ की लीडर दीदियों से वर्चुअल संवाद भी किया और महिला संवाद के आयोजन को लेकर फीडबैक लिया। महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान आई ग्रामीण महिलाओं और जीविका दीदियों की आकांक्षाओं को समझना और उनके आधार पर ठोस नीतिगत निर्णय लेना था। लखीसराय जिला से भी अनमोल जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला देवी भी पटना में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक में शामिल हुई । इसके अलावा जिला समाहरणालय , लखीसराय में भी जीविका से संबद्ध सत्रह संकुल स्तरीय संघ की लीडर ने वर्चुअली संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक में शिरकत की और माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा से खुशी जाहिर की और उन्हें धन्यवाद दिया ।

# इंदपे गढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत




प्रात किरण संवाददाता

जमुई जिले के इंदपे गढ़ अवस्थित अंबेडकर छात्रावास के परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आगाज हुआ। जिलाधिकारी श्री नवीन एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपरांत उन्होंने वृक्षारोपण किया। उक्त मौके पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने योगाभ्यास किया। जहाँ योग गुरु पंडित नित्यानंद ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया।योगाभ्यास के दौरान नागरिकों को स्वास्थ्य जीवन हेतु योग अपनाने पर बल दिया गया। बता दें कि योग गुरु द्वारा लगभग 45 मिनट तक योगा कराया गया ' वहीं जिलाधिकारी महोदय ने योग की उपयोगिता और होने वाले लाभो को योगाभ्यास के दौरान बताया गया। जिससे योग के प्रति लोगों को जागरूकता उत्पन्न करने और होने वाले लाभो को बताया जा रहा है।आज हम लोगों ने एक साथ योग किया और बड़ी संख्या में जिले के अधिकारी कर्मचारी सामान्य जनता और महिलाएं पुरुष ने भाग लिया इसी तरह प्रतिदिन अभ्यास जारी रखेंगे और 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उन्होंने लोगों को योग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग को अपनाओ नशा को भुलाओ जैसे शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्होंने जागरूकता फैलाया। अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने सेहत के साथ साथ समाज में नशा से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से लोगों को बताया गया। नशा करने वाले व्यक्ति के साथ इसका दुष्प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। इस अभियान के दौरान लोगों को नशा छुड़ाने के साथ युवाओं को मानसिक

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की लखीसराय में देखी गई धूम

लखीसराय !अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिले में धूम देखी गई !इस अवसर पर लखीसराय के डीएम मिथलेश मिश्र ने अधिकारियों के साथ प्राचीन लाली पहाड़ी तथा एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में तन,मन एवं आत्मा के संतुलन हेतु पुलिस लाइन, लखीसराय के प्रांगण में पुलिसकर्मियों द्वारा ध्यान,आसन, प्राणायाम के विभिन्न मुद्राओं में योग किया गया ! योग दिवस के अवसर पर एसपी अजय कुमार ने समस्त लखीसराय जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग अनुशासन है,एक जीवन पद्धति है।शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य योग के स्वाभाविक परिणाम हैं।अतः योग करें,निरोग रहें।एसपी ने कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है ! योग्य के माध्यम से मनुष्य स्वस्थ व ऊर्जावान रह सकता है !उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व घर के लोग योग के माध्यम से अपने आप को हिट और फिट रख रहे हैं !उन्होंने कहा कि योग से मानसिक और शारीरिक संतुलन पूरी तरह से दुरुस्त रहता है !साथ हीं मन को प्रसन्न रखने के लिए योग बेहतर उपाय है !

सम्पादकीय

## पहाड़ों के बीच से गुजरती उम्मीदों की ट्रेन : कश्मीर की रेल क्रांति

जया वर्मा सिन्हा

नई दिल्ली जून के एक खुशगवार दिन, गेंदे के फूलों और राष्ट्रीय गौरव से लदी हुई वंदे भारत एक्सप्रेस ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर तक अपनी पहली यात्रा शुरू की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा झंडी दिखाए जाने के बाद, यह क्षण एक हाई-स्पीड ट्रेन के शुभारंभ से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण बन गया था। यह एक सदी पुराने सपने की परिणति थी झ जो चट्टानी इरादों, दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प से बुनी गयी थी। और वह संकल्प था - कश्मीर का शेष भारत के साथ रेल एकीकरण। इस ट्रेन में यात्रा कर रहे लोगों के खुशनुमा चेहरों से यह साफ दृष्टिगोचर हो रहा है। अल्ट्रा आधुनिक यात्रा अनुभव के साथ कश्मीर जाने वाली यह ट्रेन हमारे इंजीनियरों के परिश्रम की ठोस नींव पर आधारित है। यात्रा के समय में कमी लाते हुए, यह हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनें दिन में दो बार, सप्ताह में छह बार दोनों तरफ से चल रही हैं। ये न केवल घाटी में स्थानीय आर्थिक विकास के लिए आवश्यक प्रोत्साहन दे रही हैं, बल्कि देश भर के पर्यटकों के लिए भी वरदान साबित हो रही हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तीन घंटे के कम समय की इस मनमोहक यात्रा ने वास्तव में पर्वतीय कश्मीर को सभी मौसमों में शेष भारत के साथ एकीकृत कर दिया है। सड़क मार्ग से इस यात्रा में छह से सात घंटे लग जाते हैं। दशकों से, कश्मीर की कहानी संघर्ष और दूरी के नजरिये से सुनी जाती रही है। यह देखना अब उत्साहजनक है कि यह इबारत बुनियादी ढांचे - पुल, सुरंग और पहाड़ों के बीच से गुजरती रेल लाइनों की भाषा में फिर से लिखी जा रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शासन के 11 साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर, विशेष ट्रेनें और कनेक्टिंग लिंक कश्मीर में स्थानीय लोगों की नियति बदलने के लिए कमर कसकर तैयार हैं। राष्ट्र की सेवा के अपने 172 साल के इतिहास में, भारतीय रेल ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। रेल से जुड़ी, पुरुषों और महिलाओं की समर्पित पीढ़ियों ने संपर्क और परिवहन को रोजमर्रा की हकीकत बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। लेकिन यह एक विख्यात भारतीय विज्ञापन की एक मशहूर पंक्ति को चरितार्थ भी करती है: भारतीय रेल सिर्फ पटरियां नहीं बनाती झ यह राष्ट्रीय एकता का ताना-बाना भी बुनती है! अलगाव से एकीकरण तक ऐतिहासिक रूप से देखें तो कश्मीर का अलगाव केवल रूपक भर नहीं था, बल्कि यह भौगोलिक और कष्टदायी रूप से वास्तविक भी था।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय रेल का राष्ट्रव्यापी भव्य आयोजन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय रेल ने पूरे देश में भव्य और उत्साहपूर्ण योग सत्रों का आयोजन किया। ह्ययोगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थह्न की भावना को आत्मसात करते हुए यह आयोजन देश के सभी रेल जोन, मंडल, स्टेशनों और रेल परिसरों में हुआ। इस मौके पर रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कर्नाटक के हासन में और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने चंडीगढ़ के सुखना लेक किनारे योग सत्र में हिस्सा लिया। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार नई दिल्ली स्थित करनैल सिंह स्टेडियम में आयोजित योग सत्र में शामिल हुए। इस वर्ष आयोजन की विशेष बात यह रही कि योग न केवल स्टेशनों और कार्यालय परिसरों में हुआ, बल्कि भारतीय रेल की प्रतिष्ठित, ऐतिहासिक और इंजीनियरिंग दृष्टि से अद्वितीय संरचनाओं पर भी संपन्न हुआ। पहली बार जम्मू और कश्मीर के चिनाब नदी पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे रेल आर्च ब्रिज चिनाब ब्रिज पर भी विशेष योग सत्र आयोजित किया गया, जो भारतीय रेल के आत्मविश्वास और आयोजन क्षमता का प्रतीक बना। साथ ही भारत के पहले केबल स्टेड रेल ब्रिज अंजी ब्रिज और तमिलनाडु में बने देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेल ब्रिज पांबन पर भी योग सत्र का आयोजन किया गया, जो योग और इंजीनियरिंग की अद्भुत संगति का प्रतीक बना। इसके साथ पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में योग को समर्पित एक विशेष एटव ट्रेन सेवा भी चलाई गई। इस ट्रेन के कोचों पर योग मुद्राओं और उनके लाभों को चित्रित किया गया, जिससे यात्रियों के बीच जागरूकता बढ़ाई जा सके। देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए योग सत्र में रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों, रेल सुरक्षा बल, स्काउट्स एंड गाइड्स, स्कूली छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधि तथा बडी संख्या में नागरिको ने भाग लिया। योग सत्र के इन सत्रों में आसनों के साथ-साथ प्राणायाम, ध्यान और योग के जीवनदायिनी पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। भारतीय रेल ने इस आयोजन के माध्यम से न केवल अपने कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया, बल्कि समाज के व्यापक वर्ग को भी योग के प्रति जागरूक किया।

## योगः अंतः की ब्रह्म यात्रा

लेखक : अवधेश



योग कोई बाह्य क्रिया नहीं, अपितु आत्मा की अपने परमस्वरूप ब्रह्म की ओर लौटने की एक यात्रा है—एक अंतः यात्रा, जो साधक को मन, बुद्धि और अहंकार की परतों को पार कर आत्मा के मूल में स्थित ब्रह्म से जोड़ देती है। यह यात्रा न तो शरीर तक सीमित है, न विचारों तक—यह तो अनुभव का मार्ग है। कठोपनिषद (2.3.10) कहती है— उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत —उठो, जागो और श्रेष्ठ गुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त करो। यह आह्वान आत्मा को उसके ब्रह्म स्वरूप की ओर जागृत करने का संदेश है, और यही योग का प्रथम चरण है। योगः अर्थ और स्वरूपः योग का शाब्दिक अर्थ है—युज् धातु से—जोड़ना। क्या जोड़ना? जीव का ब्रह्म से, चित्त का आत्मा से, और आत्मा का शुद्ध स्वरूप चैतन्य से। श्वेताश्वतर उपनिषद (2.12) कहती है—यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः। तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति (जब मनुष्य आकाश को चमड़े की तरह लपेट लेंगे, तभी बिना ब्रह्मज्ञान के दुःख का अंत होगा—अर्थात असंभव है।) इसका तात्पर्य है—दुःख की समाप्ति योग के बिना नहीं, और योग ब्रह्मज्ञान के बिना अधूरा है। योग और उपनिषदों का एकात्म भावः माण्डूक्य उपनिषद, जो महायोग का उपनिषद कहा जाता है, उसमें कहा गया है: अयमेव आत्मा चतुष्पाद्ध (यह आत्मा चार अवस्थाओं से युक्त है: जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय।) योग की प्रक्रिया इन अवस्थाओं के पार जाकर तुरीय में प्रवेश करना सिखाती है, जहाँ केवल ब्रह्म की अनुभूति होती है। योग की आंतरिक प्रक्रियाः मन से मौन तक प्रश्नोपनिषद (4.1) कहती है—मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः(मन ही बंधन और मोक्ष का कारण है।) योग मन को वश में करने की विद्या है। जब चित्त शांत होता है, तब ब्रह्म की झलक मिलती है। श्वेताश्वतर उपनिषद (2.10) में वर्णित है: यो योगेन आत्मानं वेत्ति स नित्यं सुखं अश्नुते। (जो योग के द्वारा आत्मा को जानता है, वह शाश्वत सुख का अनुभव करता है।) यह योग केवल आसन या प्राणायाम तक सीमित नहीं, यह तो वह प्रक्रिया है जिसमें अहं गलता है और ब्रह्म प्रकट होता है। योगः गुरु की कृपा से संभवः कठोपनिषद (1.2.23) कहती है नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन। यमेवैष वणुते तेन लभ्यः तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम (यह आत्मा न प्रवचन, न बुद्धि, न अध्ययन से मिलती है; जिसे वह आत्मा स्वयं चुनती है, उसी को मिलती है।) योग साधना में गुरु का मार्गदर्शन ही साधक को अंतः की यात्रा में आगे बढ़ाता है। योग ही ब्रह्म-प्राप्ति का सेतु है। योग का अंतिम उद्देश्य है—आत्मा का ब्रह्म में पूर्ण विलय। यह विलय किसी बाह्य साधन से नहीं, अपितु भीतर उतरकर, मौन की गहराई में जाकर होता है। जब साधक देह से परे, विचार से परे और अहं से परे जाकर अहं ब्रह्मास्मि की स्थिति में स्थित हो जाता है, तभी उसकी योग यात्रा पूर्ण होती है। योग केवल अभ्यास नहीं, अनुभूति है। योग केवल साधन नहीं, साध्यता है। योग केवल बा गति नहीं, ब्रह्म तक की आंतरिक यात्रा है। इसलिए, उपनिषदों की परंपरा में योग को केवल स्वास्थ्य या लचीलेपन की विद्या न समझें, बल्कि उसे आत्मबोध और ब्रह्मबोध का अमूल्य सेतु मानें।

# दिलों को ही नहीं, विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ता है संगीत

**संगीत न केवल शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम है बल्कि यह हमारी भावनाओं को जुबान देता है, यह तनाव कम करता एवं अनेक बीमारियों से मुक्ति भी देता है। संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देता है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने में संगीत सबसे असरदार माध्यम है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। संगीत की इन्हीं विलक्षण एवं अद्भुत विशेषताओं के कारण ही 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है सद्भाव के माध्यम से उपचार, जो संगीत की एकजुटता और उत्थान की क्षमता पर जोर देता है। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता, सद्भाव, सौहार्द तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है। संगीत दिवस को फेटे डी ला म्यूजिक के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है संगीत उत्सव।**



ललित गर्ग

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**




संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। यह ईश्वर का मानव को अनमोल उपहार है। क्योंकि एक सुर, जो जोड़ता है दुनिया को बिना बोले, धुनों से रचता है मनुष्य मन की कहानी। संगीत न केवल शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम है बल्कि यह हमारी भावनाओं को जुबान देता है, यह तनाव कम करता एवं अनेक बीमारियों से मुक्ति भी देता है। संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देता है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने में संगीत सबसे असरदार माध्यम है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। संगीत की इन्हीं विलक्षण एवं अद्भुत विशेषताओं के कारण ही 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है ह्यसद्भाव के माध्यम से उपचारह्न, जो संगीत की एकजुटता और उत्थान की क्षमता पर जोर देता है। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता, सद्भाव, सौहार्द तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है। संगीत दिवस को ह्यफेटे डी ला म्यूजिकह्न के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है ह्यसंगीत उत्सवह्न। विश्व संगीत दिवस 110 देशों में ही मनाया जाता है जिनमें जर्मनी, इटली, मिस्र, सीरिया, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, कांगो, कैमरून, मॉरीशस, फिजी, कोलम्बिया, चिली, नेपाल, और जापान आदि हैं। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। इस त्यौहार के अलग-अलग देशों में अलग-अलग नाम हैं, उदाहरण के लिए फ्रांस में ह्यला फेते डे ला म्यूजिकह्न, यूके में ह्यमेक म्यूजिक डेह्न, इटली में ह्यफेस्टा डेला म्यूजिकाह्न या पोलैंड में ह्यस्विएटो मुजिकीह्न। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं। विश्व संगीत दिवस पर सभी प्रकार के संगीत का जश्न मनाया जाता है, जिसमें फंक, जैज, रॉक, शास्त्रीय, लोक, टेक्नो, ब्लूज आदि शामिल हैं। भारतीय संगीत प्राचीन काल से भारत मे सुना और विकसित होता संगीत है। शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। इस संगीत का प्रारंभ वैदिक काल से भी पूर्व का है। इस संगीत का मूल स्रोत वेदों को माना जाता है। पंडित शारंगदेव कृत ह्यसंगीत रत्नाकरह्न ग्रंथ मे भारतीय संगीत की परिभाषा ह्यगीतम, वादयम् तथा नृत्यं त्रयम संगीतमुच्यतेह्न कहा गया है। गायन, वाद्य वादन एवम् नृत्य; तीनों कलाओं का समावेश संगीत शब्द में माना गया है। तीनो स्वतंत्र कला होते हुए भी एक दूसरे की पूरक है। भारतीय संगीत के दो प्रकार प्रचलित है; प्रथम कर्नाटक संगीत, जो दक्षिण भारतीय राज्यों में प्रचलित है और दूसरा हिन्दुस्तानी संगीत शेष भारत में लोकप्रिय है। भारतवर्ष की सारी सभ्यताओं में संगीत का बड़ा महत्व रहा है। धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं में संगीत का प्रचलन प्राचीन काल से रहा है। इस रूप में, संगीत भारतीय संस्कृति की आत्मा मानी जाती है। वैदिक काल में आध्यात्मिक संगीत को मार्गी तथा लोक संगीत को ह्यदेशीह्न कहा जाता था। कालांतर में यही शास्त्रीय और लोक संगीत के रूप में दिखता है। भारत में संगीत मुगल बादशाहों की छत्रछाया में और कर्नाटक संगीत दक्षिण के मन्दिरों में सर्वाधिक विकसित हुआ। इसी कारण दक्षिण भारतीय कृतियों में भक्ति रस अधिक मिलता है और हिन्दुस्तानी संगीत में श्रृंगार रस। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। संगीत मनोरंजन का जरिया ही नहीं, बल्कि यह देशों-दुनिया की संस्कृति को भी समझने में मदद करता है। खुशी हो या फिर गम, संगीत दिल को सुकून देता है। कहते हैं संगीत की कोई भाषा नहीं होती, यह सरहदों के पार होता है, दिल से निकलकर दिल तक पहुंचता है। संगीत को प्रेम की भाषा भी कहा जाता है। किसी के दिन की शुरूआत संगीत से होती है तो किसी की रात संगीत पर खत्म हो जाती है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट, मन्दिर की झंकार, हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत, ध्वनि का ऐसा लयबद्ध व्यवहार है जो हमें अपने आपसे जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है। भारतीय संस्कृति में भी विभिन्न वाद्य-यंत्रों एवं उनसे उत्पन्न ध्वनि, राग-रागिनियों का विशिष्ट महत्त्व है। यूं तो सृष्टि के कण-कण में संगीत है फिर चाहे यह बहती हुई नदिया की धारा हो या किनारे से टकराकर लौटती समंदर की प्रचंड लहरें। बहती हुई हवा और उस पर झूमते-लहराते पत्ते भी हृदय के इसी तरंगित साज को अभिव्यक्ति देते प्रतीत होते हैं।

# छोटे बैंकों के डूबने की भी फिक्र करनी जरूरी है

**इसके संस्थापक तेजतर्रार समाजवादी, ट्रेड यूनियन नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस (1930-2019) हैं जिनका जीवन भारतीय अर्थव्यवस्था के जमीनी स्तर पर लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए समर्पित था। भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है जिसे डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) कहा जाता है। यह कंपनी रिजर्व बैंक विनियमित बैंकों में किसी बैंक के पतन की स्थिति में बचतकताओं की सुरक्षा के लिए प्रति ग्राहक अधिकतम 5 लाख रुपये तक सभी जमा राशियों का बीमा करती है। अब नवीनतम बैंक पतन पर विचार करें। यह एक छोटा बैंक है जिसने बैंकिंग प्रणाली में कुछ सबसे गरीब और कमजोर जमाकताओं को चोट पहुंचाई है। यह देखते हुए कि बैंक छोटा है, इसका नेटवर्क सीमित है**





जगदीश रत्तनानी

**लेखक**

न्यू इंडिया जैसे सहकारी बैंक का पतन विशेष रूप से दर्दनाक है क्योंकि इसका इतिहास संगठित श्रमिकों से जुड़ा है। इसके संस्थापक तेजतर्रार समाजवादी, ट्रेड यूनियन नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस (1930-2019) हैं जिनका जीवन भारतीय अर्थव्यवस्था के जमीनी स्तर पर लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए समर्पित था। भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है जिसे डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) कहा जाता है। यह कंपनी रिजर्व बैंक विनियमित बैंकों में किसी बैंक के पतन की स्थिति में बचतकताओं की सुरक्षा के लिए प्रति ग्राहक अधिकतम 5 लाख रुपये तक सभी जमा राशियों का बीमा करती है। अब नवीनतम बैंक पतन पर विचार करें। यह एक छोटा बैंक है जिसने बैंकिंग प्रणाली में कुछ सबसे गरीब और कमजोर जमाकताओं को चोट पहुंचाई है। यह देखते हुए कि बैंक छोटा है, इसका नेटवर्क सीमित है और जमाकताओं का कोई प्रभाव नहीं है इसलिए इसकी कोई चर्चा नहीं है। यह न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक एक शहरी सहकारी बैंक है जिसका मुख्यालय मुंबई में है। यह बैंक 13 फरवरी, 2025 को दीवालिया हो गया। इसके जमाकताओं में ऑटो व टैक्सी ड्राइवर, छोटे बचतकर्ता, सब्जी विक्रेता, छोटे स्टोर के मालिक जैसे लोग शामिल हैं। अब उनके व्यवसाय मंझधार में हैं। यह एक बहु-राज्य अनुसूचित बैंक है जिसकी महाराष्ट्र और गुजरात में करीब 22 शाखाएं और कुल 6,000 जमाकर्ता हैं। बड़ी बैंकिंग प्रणाली का अर्थव्यवस्था में तेजी से प्रभाव बढ़ रहा है पर उसमें इन छोटे जमाकताओं की कोई आवाज नहीं है। छोटे जमाकर्ता बैंक के बाहर कतार में खड़े थे, पुलिस उनको नियंत्रित कर रही थी। इनमें कई वरिष्ठ नागरिक थे। सभी को आश्वासन दिया जा रहा था कि उनका पैसा सुरक्षित है और मई 2025 तक दूसरे खाते में भुगतान किया जाएगा। इनके फॉर्म भरे गए और जमा बीमा के लिए दावों को भेजा गया लेकिन तीन महीने बाद 13 मई 2025 को उन्हें पैसे निकालने से रोक दिया गया। बाद में प्रति जमाकर्ता अधिकतम 25,000 रुपये निकालने की अनुमति दी गई। डीआईसीजीसी की ओर से एक पंक्ति की सूचना आई कि ह्यडीआईसीजीसी ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के जमाकताओं को भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होने की तारीख को 90 दिनों की अवधि यानी 12 अगस्त, 2025 तक के लिए बढ़ा दिया है।ह्न सूचना में उन परिस्थितियों के बारे में कोई अन्य संदर्भ, स्पष्टीकरण या विवरण नहीं था जिनके तहत जमाकताओं को तीन और महीनों तक इंतजार करने के लिए कहा गया है। एक तरफ भारतीय बैंकिंग प्रणाली को वित्तीय रूप से अधिक समावेशी कहा जाता है जबकि दूसरी ओर कुछ सबसे गरीब जमाकर्ता अपने जीवन की बचत खोने के अंदेशे में खुद को अंधेरे में पाते हैं जिसे वे समझ नहीं सकते हैं। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने पिछले पखवाड़े ही मुंबई में एक वित्तीय शिखर सम्मेलन में कहा था कि ह्यआरबीआई का वित्तीय समावेशन सूचकांक, जो पूरे देश में वित्तीय समावेशन की सीमा को दशार्ता है, मार्च 2023 में 60.1 से बढ़कर मार्च 2024 में 64.2 हो गया है जो वर्ष-दर-वर्ष 6.82 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। यह एक बड़ी तस्वीर की कहानी है जिसका शीर्षक तो अच्छा है लेकिन जब यह एक छोटे से पतन की छोटी तस्वीर में तब्दील हो जाता है जिसने अपने साथ आम नागरिकों की किस्मत और जीवन भर की कमाई ले ली है, जिसमें लोग जिंदा रहने के लिए संघर्ष करते हैं तो यह एक डरावनी कहानी में बदल जाती है। भले ही हम विकास और समावेश की एक बड़ी तस्वीर की कहानी का जश्न मना रहे हों लेकिन सरकारी कार्रवाई में ढिलाई, जमाकताओं को जमा बीमा के भुगतान करने की अस्पष्ट धीमी गति और विस्तारित समय अवधि व बैंक में आपराधिक जांच के आलोक में उभर रहे भ्रष्टाचार के चौंकाने वाले खाते एक ऐसे भारत की कहानी बताते हैं जिसने अपने संचालन की परियोजना के मूल तत्वों और व्यवहारिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित नहीं किया ताकि आगे बढ़ने से पहले सब कुछ सुनिश्चित किया जा सके। पतन के बारे में उल्लेखनीय बात यह है कि बैंक अप्रत्याशित रूप से पूरी तरह से गायब हो गया है जैसे कि कुछ भी नहीं हुआ है। सिस्टम में सबसे कमजोर लोगों पर लगभग किसी का ध्यान नहीं गया। जिन्होंने बैंक पर रोजमर्रा की सेवा के लिए घरेलू संस्थान के रूप में भरोसा किया उनके लिए यह एक विनाशकारी प्रभाव है। इस मामले में 12,000 पन्नों की चार्जशीट दायर की गई है लेकिन यह अभी भी अपने पैसे का इंतजार कर रहे जमाकताओं को बहुत कम सांत्वना देता है। पुलिस ने बताया कि कुछ आरोपी देश छोड़कर भाग गए हैं। न्यू इंडिया जैसे सहकारी बैंक का पतन विशेष रूप से दर्दनाक है क्योंकि इसका इतिहास संगठित श्रमिकों से जुड़ा है। इसके संस्थापक तेजतर्रार समाजवादी, ट्रेड यूनियन नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडीस (1930-2019) हैं जिनका जीवन भारतीय अर्थव्यवस्था के जमीनी स्तर पर लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए समर्पित था। जब एक टैक्सी ड्राईवर को लाइसेंस-नियंत्रण-राज वाले दिनों में ह्यनियमितह्न बैंकों द्वारा ऋण देने से इनकार कर दिया गया तो फर्नांडिस ने टैक्सी ड्राइवरों को बैंक बनाने के लिए एकजुट किया। बड़े और कट्टर बैंकों ने जिन्हें छोड़ दिया गया था, इस बैंक ने यूनियन श्रमिकों, ऑटो चालकों और छोटे व्यवसायियों का स्वागत किया। नए, उदारीकृत भारत में यूनियनों को लंबे समय से भंग कर दिया गया है या कम से कम वे अपने दांत खो चुके हैं। जिस बैंक की स्थापना श्रमिकों की रीढ़ के रूप में की गई थी उसे अब अंदरूनी लोगों के एक समूह द्वारा लूट लिया गया है। आरोपियों में जॉर्ज फर्नांडिस के सहयोगी संस्थापक रंजीत भानु के परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।

## UPI यूजर्स के लिए 31 जुलाई से बदलेंगे नियम



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

डिजिटल इंडिया की रफ्तार ने देशभर में यूपीआइ (UPI) को पेमेंट का सबसे लोकप्रिय माध्यम बना दिया है। अब लगभग हर स्मार्टफोन यूजर गूगल पे, फोनपे या पेटीएम जैसे ऐप्स का इस्तेमाल करके मिनटों में ट्रांजैक्शन कर लेता है। लेकिन अब यह सुविधा थोड़ी सीमित होने जा रही है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने एक अहम निर्देश जारी किया है, जो 31 जुलाई 2025 से लागू होगा। इसमें यूपीआइ यूजर्स को बैलेंस चेक, ऑटो-पे और ट्रांजैक्शन स्टेटस चेक जैसी सेवाओं के इस्तेमाल पर रोजाना एक सीमा में बांध दिया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि यूपीआइ नेटवर्क पर अत्यधिक लोड से बचा जा सके और सभी यूजर्स को समय पर सेवाएं मिल सकें। अब एक यूजर एक दिन में एक ऐप से अधिकतम 50 बार ही अपना बैंक बैलेंस चेक कर सकेगा। अगर जिन्हें बार-बार बैलेंस देखने की आदत में हैं, तो यह नियम उन के लिए अहम है। ठढउकने कुछ समयावधियों को पीक ऑवर्स घोषित किया है, जिसमें सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 9:30 बजे तक। इन समयों में बैलेंस चेक जैसी गतिविधियों को सीमित या पूरी तरह रोका जाएगा। वढक ऑटो-पे के जरिए जो लोग सब्सक्रिप्शन सेवाएं (जैसे ठी३१८'७, रक्ढ आदि) चालू रखते हैं, उन्हें ध्यान देना होगा कि अब यह सेवाएं केवल पीक टाइम के बाहर ही प्रोसेस होगी। अगर किसी पेमेंट का स्टेटस पेंडिंग है या फेल हुआ है, तो अब सिर्फ 2 घंटे में 3 बार ही उसका स्टेटस चेक कर सकेंगे। NPCI ने इन निर्देशों के पीछे का तर्क बहुत हद तक स्पष्ट किया है कि कुछ यूजर्स बार-बार बैलेंस चेक या स्टेटस रिक्वेस्ट भेजते हैं, जिससे सर्वर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और दूसरों के लेन-देन में देरी होती है। पीक ऑवर्स में सबसे ज्यादा ट्रांजैक्शन होता हैं, ऐसे में सिस्टम की स्थिरता बनाए रखना प्राथमिकता होती है। बैंक अब हर ट्रांजैक्शन के बाद बैलेंस अलर्ट भेजेंगी ताकि ग्राहक बार-बार चेक न करें। आंकड़ों की नजर में भारत में रोजाना 40 करोड़ से ज्यादा यूपीआइ ट्रांजैक्शन होता हैं। ठढउक के अनुसार, करीब 18% ट्रांजैक्शन केवल बैलेंस चेक और स्टेटस रिक्वेस्ट से संबंधित होता हैं। वर्ष 2024 में वढक ट्रांजैक्शन की कुल राशि 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक रही है। इन आंकड़ों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि नेटवर्क पर लोड कितना होता है और NPCI को यह फैसला क्यों लेना पड़ा। NPCI के निदेर्शानुसार, सभी यूपीआइ ऐप्स को अपने सिस्टम में बदलाव करने होंगे कि प्रति यूजर प्रतिदिन बैलेंस चेक सीमा निर्धारित करना। पीक ऑवर्स में बैलेंस चेक और ऑटो-पे रिक्वेस्ट को फिल्टर करना और हर ट्रांजैक्शन के बाद ग्राहकों को स्वतः बैलेंस अलर्ट भेजना। इन परिवर्तनों के लिए ऐप कंपनियों को अपने सर्वर और ऐप डिजाइन में बड़े बदलाव करने होंगे। यदि ग्राहक हर ट्रांजैक्शन के बाद बैलेंस चेक करते हैं, तो अब ग्राहक को इस आदत को बदलना होगा। अपने SIP, OTT सब्सक्रिप्शन आदि के डेबिट टाइम को नॉन-पीक ऑवर्स में सेट करना होगा ताकि फेल न हों। यदि कोई ट्रांजैक्शन पेंडिंग है, तो जल्दबाजी में बार-बार स्टेटस देखने से बचना होगा, नहीं तो तीन बार की लिमिट के बाद सिस्टम ब्लॉक कर सकता है। NPCI ने बैंकों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक लेनदेन के बाद ग्राहकों को स्टर या ऐप नोटिफिकेशन के माध्यम से बैलेंस की जानकारी दें। यूपीआइ रिक्वेस्ट की संख्या और स्पीड को नियंत्रित करें और पीक समय में अप्राथमिक सेवाओं (जैसे बैलेंस चेक) को प्रोसेस न करें। यह बदलाव ग्राहकों की सुविधा के लिए है, लेकिन इसे सही ढंग से लागू करने की जिम्मेदारी बैंकों पर ही है। दुनिया के अन्य डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म जैसे शैल्लेझ्र (USA), आदि में भी बैकएंड लिमिट्स होता हैं, लेकिन वे यूजर पर सीधे लागू नहीं होता है। भारत में वढक का इस्तेमाल जिस बड़े पैमाने पर हो रहा है, वह दुनिया में कहीं नहीं है। इसलिए ठढउकको यूजर लेवल पर लिमिट लगाने की जरूरत पड़ी है। यदि कोई व्यक्ति तीन ऐप यूज करता हैं, तो वह कुल 150 बार बैलेंस देख सकता हैं। यानि एक ऐप यूज करने पर 50 बार बैलेंस देख सकता है। यह सभी यूपीआइ यूजर्स पर लागू होगा। लेकिन व्यापारिक अकाउंट्स के लिए अलग से गाइडलाइंस आ सकता हैं। इसके अतिरिक्त बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग या अळट के माध्यम से बैलेंस देखा जा सकता है। 31 जुलाई 2025 से लागू होने वाले यूपीआइ नियम निश्चित रूप से शुरूआत में कुछ लोगों को असुविधा दे सकता हैं, लेकिन इसका उद्देश्य संपूर्ण डिजिटल पेमेंट सिस्टम को स्थिर और निर्बाध बनाए रखना है। ग्राहकों को अपनी आदतों में थोड़ा बदलाव लाकर इस व्यवस्था में सामंजस्य बैठाना होगा। ठढउक का यह प्रयास डिजिटल इंडिया की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यदि हम तकनीकी सुधारों को समझदारी से अपनाएं, तो ये सीमाएं नहीं बल्कि एक बेहतर अनुभव की दिशा में प्रगति होगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नियमित योग करने का लिया संकल्प

● स्वस्थ शरीर के लिए करें योग विधायक रश्मि वर्मा

● कई प्रकार की बीमारियों से शरीर की रक्षा करता है योग: डीएस डॉ ए के तिवारी

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया, जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान बगहा अनुमण्डलीय अस्पताल के कमलनाथ तिवारी अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ ए के तिवारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की स्वस्थ जीवन हेतु योग करना बहुत महत्वपूर्ण है इससे तन के साथ मन, भी प्रफ्फुल्लित रहता है। मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों ने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का संकल्प भी लिया। उन्होंने बताया की योग एक ऐसा उपाय है, जिसे तमाम तरह की बीमारियों को शरीर से दूर रखा जा सकता है पर, इसके लिए जरूरी है कि नियमित अभ्यास किया जाए। नरकटियागंज अनुमण्डलीय अस्पताल में विधायक रश्मि वर्मा, एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों ने मिलकर अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा कर ह्स्वस्थ शरीर के लिए करें योगाह का संदेश दिया। उन्होंने बताया की योग पर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, जो अपने अभ्यासकर्ताओं के शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य योग अभ्यास के कई लाभों के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है ताकि लोग स्वस्थ जीवन को जी सकें।विधायक रश्मि वर्मा ने कहा की राज्य सरकार की बहुत ही अच्छी पहल है कि अब ग्रामीण क्षेत्र में ही लोगों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर चिकित्सकीय सुविधा का लाभ मिले,जनसमुदाय को इसका पूरा लाभ मिले इसपर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा की एचडब्लूसी में सीएचओ, एएनएम व आशा अधिक से अधिक लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से जोड़े ताकि जनसमुदाय को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 14 प्रकार की जाँच होगी, वहीं 100 से ज्यादा तरह की दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध हो। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा की एचडब्लूसी पर सब समय समय पर शुगर, बीपी, कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों से बचाव के तरीके लोगों को बताए जाते है मौके पर योगा के दौरान कई लोग उपस्थित थें।

## भारत विकास परिषद एवं आइसीपी के संयुक्त तत्वावधान योग शिविर का आयोजन

रक्सौल। एकादश विश्व योग दिवस पर भारत विकास परिषद एवं एकीकृत जाँच चौकी के संयुक्त तत्वावधान में आइसीपी परिसर में योग शिविर लगाया गया। इस शिविर में आइसीपी के सभी आला अधिकारी, इमिग्रेशन पदाधिकारी, आईसीपी कर्मी, भारत विकास परिषद के सभी सदस्य एवं नगर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में नगर के नागरिक इस योग शिविर में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ आईसीपी प्रबंधक प्रवीण कुमार, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, सचिव डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह, वित्त सचिव सीताराम गोयल, महिला एवं बाल विकास संयोजिका बी.डास, शिक्षिका अंजली राजपाल के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात वन्दे मातरम का गायन हुआ। इस मौके पर अपने उद्बोधन में आइसीपी प्रबंधक प्रवीण कुमार ने कहा कि योग मनुष्य के शरीर मन और आत्मा को उर्जा ताकत और सौन्दर्य प्रदान करता है। योग आध्यात्म है, अनुशासन है, विज्ञान है। मन, मस्तिष्क और शरीर का सामंजस्य है, योग की जड़ें हमारी प्राचीन परंपरा और संस्कृति में हैं और आज केवल हम भारतीय इस बात को नहीं मानते, बल्कि पूरी दुनिया मानती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग के महत्व को न केवल देश ने बल्कि पूरी दुनिया ने स्वीकारा है।

## बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा योग शिविर का हुआ आयोजन

रक्सौल। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संगठन जिला रक्सौल भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन किया गया, जहां योग का संचालन जिला मंत्री मीरा कुशवाहा के द्वारा किया गया। योग कार्यक्रम में ज्योतिराज गुप्ता की द्वारा बताया गया कि आत्मा से जुड़ने के लिए योग दर्शन बहुत ही जरूरी है। शरीर और आत्मा के लिए तोहफा है योग। योग शरीर, मन और आत्मा को एक चित करने का प्रभावशाली माध्यम है, जिससे शरीर के साथ मस्तिष्क भी स्वस्थ होता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग को पूरी दुनिया के कोने-कोने में पहुंचाने का काम किया है। इसलिए उनको बहुत बहुत धन्यवाद है, आभार है। यह विश्व को भारत द्वारा दी गई, अमूल्य धरोहर है जिसको सभी ने मिलकर बचाकर रखना है। योग संचालन कर्ता मीरा कुशवाहा ने कहा रोगमुक्त जीवन जीने की चाहत हो तो नियमित योग करने की आदत डालनी चाहिए। उपाध्यक्ष रेणु गुप्ता ने कहा स्वयं को बदलना ही जग बदलना है। जिला उपाध्यक्ष अनुराधा शर्मा ने कहा योग धर्म नहीं विज्ञान है, इसे शरीर मन और आत्मा को जोड़ने का प्रयास करता है। महामंत्री पूनम देवी ने कहा कि सुबह हो या शाम रोज कीजिए योग, कभी न आएगा रोग। इस अवसर पर प्रिया गुप्ता, संगीता मिश्रा, मीतू गुप्ता, कविता कुशवाहा, अमृता शर्मा, आशा देवी, अंशु देवी, पार्वती तिवारी, नीता कुमारी, रीता देवी के साथ भारी संख्या में महिलाएं सम्मिलित रहीं।

## 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर निजी एवं सरकारी संस्थानों के छात्रों ने की योगाभ्यास

आदापुर। नकरदेई थाना क्षेत्र के कटकेनवा चौक पर स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान में शनिवार को आरोग्य भारती रक्सौल के सौजन्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जश्न एक बहुत ही उत्साहपूर्ण आयोजन था, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की और विभिन्न प्राणायामों और आसनों का अभ्यास किया।नेतृत्व शिक्षक कुणाल कुमार ने की। बता दें कि इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ह्ययोगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थह्ण है, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करती है। बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक शिव शंकर गिरि ने बताया कि इस वर्ष 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जिसका थीम एक महत्वपूर्ण सत्य को प्रतिध्वनित करता है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और ग्रहीय स्वास्थ्य अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। उधर भवानीपुर पंचायत अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सोनारटोला चैनपुर के बच्चों ने प्रधान शिक्षक उमेशचंद्र सहनी के मार्गदर्शन में योग के विभिन्न आयामों पर अभ्यास किया। मौके पर अरमान अली, रंजन कुमार, इरफान अली, अभिषेक कुमार, विवेक राज, इदुल रहमान, आकाश कुमार, ज्ञानबाबू ठाकुर, अर्जुन कुमार, रवि कुमार, राजलक्ष्मी कुमारी, रागिनी कुमारी, श्याम बिहारी कुशवाहा, इरशाद आलम सज्जन कुमार,सनम कुमार, अजीत कुमार,प्रीति कुमारी, निधि कुमारी, विनीत कुमारी, निमार्ला कुमारी, जिसु कुमारी,शिवानी कुमारी,चांदनी कुमारी, निपु कुमार,कुन्दन कुमार, आकाश कुमार,शिवम कुमार,आनंद कुमार,कृपा कुमारी,नेहा कुमारी,सृष्टि कुमारी, सुरुचि कुमारी,काजल कुमारी, छोटी कुमारी,अनुष्का कुमारी, ज्योति कुमारी आदि सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया।

## विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा छपरा में योग जागरूकता शिविर का हुआ है आयोजन



छपरा कार्यालय। स्थानीय ।मां कामाख्या मंदिर दर्शन नगर सलेमपुर पोखरा परिसर में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा छपरा के द्वारा योग कार्यक्रम हुआ संपन्न। योग गुरु सुनील त्यागी ने दर्जनों लोगों को योग अभ्यास कराया। आए हुए अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत केंद्र के संयोजक विश्व मोहन जी ने किया । मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता एवं अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने योग गुरु सुनील त्यागी को अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर केंद्र के संरक्षक अरुण पुरोहित ने योग के फायदे बताएं कहां नित्य योग करें रहे निरोग ।सभी लोगों ने सर्वसम्मति से प्रत्येक रविवार को प्रातः 6:30 बजे से योग प्रशिक्षण शिविर चलाने का निर्णय लिया योगाभ्यास में अरुण पुरोहित,सुरेश चौबे ,राजीव रंजन शर्मा, मनोजश्रीवास्तव ,योगेश्वर मिश्रा अजय कुमार, चंद्र मोहन प्रसाद स्वामीनाथ प्रेम कुमार राजेश डाबर, भोला प्रसाद विशाल कुमार सम्मिलित हुए।

## क्लब की सदस्यों ने किया योगभ्यास



छपरा कार्यालय। अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ सारण की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने क्लब के सदस्यों के साथ एक अनुभवी योग शिक्षक रोहित कुमार के मार्गदर्शन में एक ऊजार्वान योग सत्र में भाग लिया। इस सत्र का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था और इसमें सभी सदस्यों को अपने स्वास्थ्य में सुधार करने और योग के विभिन्न लाभों का अनुभव करने में सफलतापूर्वक मदद की। योग शिक्षक रोहित कुमार ने विभिन्न आसनों, प्राणायामों और ध्यान तकनीकों के माध्यम से सदस्यों का मार्गदर्शन किया, जिससे सभी को शांति, लचीलापन और संतुलन का अनुभव हुआ। सत्र के अंत में, सभी सदस्य ताजगी और स्फूर्ति से भरपूर महसूस कर रहे थे। क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी और सदस्यों ने योग शिक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी योग व स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों को आयोजित करने की इच्छा जताई। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष अनु जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अनीता राज, सुषमा गुप्ता, तनु जायसवाल, उपाध्यक्ष अंजू फैशन, कोषाध्यक्ष रिंकी सिन्हा मौजूद थी ।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पे भारत स्काउट और गाइड ने किया योग



छपरा कार्यालय। सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल,छपरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ किया गया ।बिहार राज्य के 32 जिले के स्काउट और गाइड ने एक साथ योग किए ।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी सारण,उप विकास आयुक्त उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। योग दिवस के इस कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों को योग की महत्ता के विषय में बताया गया। जिला पदाधिकारी सारण ने अपने प्रेरणादायक भाषण में योग को नियमित जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता को भी बढ़ाता है। राज्य स्तरीय योगा उत्सव में उप विकास आयुक्त यतेंद्र पाल ने कहा की योग वातावरण में एक अनुशासित एवं सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार करता हैं। भारत स्काउट और गाइड ने मिलकर विभिन्न योगासन प्रस्तुत किए जैसे सूर्य नमस्कार ताड़ासन, वृक्षासन , वज्रासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, और प्राणायाम। सभी ने इन आसनों को बड़े ही अनुशासित और समर्पित भाव से किया। राज्य सचिव श्रीनिवास कुमार ने कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य सभी को योग के प्रति जागरूक करना और इसे दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना था। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ० हरेंद्र सिंह ने किया ।मौके पे जिला संगठन आयुक्त(स्काउट) अमन राज,अजय कुमार,दिलीप सिंह, मृत्युंजय कुमार,अकीलु राजा,अरविंद कुमार शर्मा,नवनीश कुमार,बंदना कुमारी,कंचन चौधरी सहित सभी जिले के पदाधिकारी एवम स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टेन महजुड रहे।

## क्लब की सदस्यों ने किया योगाभ्यास

छपरा कार्यालय। अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ सारण की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने क्लब के सदस्यों के साथ एक अनुभवी योग शिक्षक रोहित कुमार के मार्गदर्शन में एक ऊजार्वान योग सत्र में भाग लिया। इस सत्र का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था और इसमें सभी सदस्यों को अपने स्वास्थ्य में सुधार करने और योग के विभिन्न लाभों का अनुभव करने में सफलतापूर्वक मदद की। योग शिक्षक रोहित कुमार ने विभिन्न आसनों, प्राणायामों और ध्यान तकनीकों के माध्यम से सदस्यों का मार्गदर्शन किया, जिससे सभी को शांति, लचीलापन और संतुलन का अनुभव हुआ। सत्र के अंत में, सभी सदस्य ताजगी और स्फूर्ति से भरपूर महसूस कर रहे थे। क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी और सदस्यों ने योग शिक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी योग व स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों को आयोजित करने की इच्छा जताई।

## योग आत्मिक संतुलन, मानसिक शांति और शारीरिक सुदृढ़ता के लिए आवश्यक : प्रमेन्द्र

छपरा कार्यालय ।शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गंगा सिंह महाविद्यालय छपरा के एनएसएस यूनिट 1 की ओर से महाविद्यालय परिसर में योग संगम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक डॉ प्रहष्ठ सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को योग के विभिन्न आसनों की जानकारी देते हुए उसकी महत्ता बतलाई। योग संगम के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रमेन्द्र रंजन सिंह ने कहा कि हमारा देश सांस्कृतिक विविधताओं का प्रदेश रहा है। सभी धर्मों का चिंतन एवं दर्शन तथा जीवन-पद्धति एवं आचार-व्यवहार अपनी-अपनी विशिष्टताओं के साथ हमारे बीच मौजूद है। योग एक ऐसी साधनात्मक पद्धति है, जिसे शारीरिक एवं मानसिक शुचिता तथा आध्यात्मिक शांति के लिए लाभकारी माना गया है। प्राचार्य ने कहा कि हमारा प्रदेश तो प्राचीन काल से ही ज्ञान व अध्यात्म की भूमि रही है। यह गौरव का विषय है कि मुंगेर का बिहार योग विद्यालय विश्व का पहला योग विश्वविद्यालय रहा है। योग तो हमारे जीवन और चिंतन में समाहित है।

## 6वीं बटालियन भारत तिब्बत पुलिस बल ने मनाया 11 वॉ अन्तर्रर्राष्ट्रीय योग दिवस

छपरा सदर। शनिवार को 6वीं वाहिनी, कोठेया जलालपुर में शशिचन्द्र झा, सेनानी के निर्देशन में 11 वें अन्तरर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान शैलेष कुमार उपाध्याय, द्वितीय कमान की उपस्थिति में वाहिनी मुख्यालय में उपस्थित 03 अधिकारियों, 42 अधीनस्थ अधिकारियों, 135 अन्य कर्मियों सहित, 38 महिलाओं एवं 35 बच्चों ने भाग लिया। योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षक द्वारा सूक्ष्म-स्थूल व्यायाम के साथ-साथ आसन, प्राणायाम, शोधन क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। योग के इतिहास के बारे में समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराने के साथ-साथ योगाभ्यास भी कराया गया। योग का दैनिक जीवन में महत्व के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। योग न सिर्फ एक शारीरिक अभ्यास है बल्कि योग के द्वारा हम अपनी आत्मा को परमात्मा से जोडने का प्रयास करते है। वर्तमान में जीवन शैली को देखते हुए और समय के अभाव को देखते हुए आज का मानव जीवन बहुत ही व्यस्त तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो चुका है। इन सभी बीमारियों से बचने के लिए तथा मानसिक शांति को प्राप्त करने के लिए हमें अपने घर में ही बैठकर कुछ पल योगाभ्यास प्रतिदिन करना चाहिए। आज योगाभ्यास को ना सिर्फ भारत में ही बल्कि दुनिया के प्रत्येक देश में बड़ी रूचि एवं हर्ष से किया जाता है। अन्त में शैलेष कुमार उपाध्याय, द्वितीय कमान ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लअन्तरर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, हम सभी को गर्व हो रहा है कि हम योग के महत्व को समझने के लिए एकजुट हो रहे है ।बतातेबचके कि हर साल 21 जून को पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है इस अवसर पर हम सभी योग के आदर्शों और लाभों को आपस में बांटते हैं। योग एक आदर्श जीवनशैली है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं साथ ही ह्लअन्तरर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी को बधाई दी एवं समापन की घोषणा की गई।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बेतिया में हुआ भव्य योग सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



बेतिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पश्चिम चंपारण जिला प्रशासन एवं महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय (एमजेके कॉलेज) के संयुक्त तत्वावधान में आज एक भव्य योग सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (SVEEP) का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद एक घंटे का सामूहिक योग अभ्यास किया गया। योग सत्र में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पदाधिकारियों व गणमान्य जनों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इसके उपरांत जिला स्वीप आइकॉन द्वारा उपस्थित सभी नागरिकों को मतदाता बनने का संकल्प दिलाया गया। मतदाता हस्ताक्षर अभियान एवं वोटर सेल्फी स्टैंड की भी व्यवस्था की गई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने जागरूकता की तस्वीरों के माध्यम से लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दशार्यी। उच्चाधिकारियों ने किया जागरूकता का आह्वान इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, ह्लयोग केवल शारीरिक नहीं, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य का भी प्रतीक है। इसी तरह लोकतंत्र में मतदान एक जिम्मेदारी है, जिसे निभाकर हम देश की दिशा तय करते हैं।ह्व उन्होंने अपील की कि युवा अपने-अपने क्षेत्र में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें और स्वयं भी पंजीकरण कराकर वोटर बनें। डीआईजी चंपारण प्रक्षेत्र श्री हर किशोर राय ने अपने संबोधन में योग और लोकतंत्र दोनों को देश की मजबूती का आधार बताया।

## कॉलेज में सम्पन्न हुआ योग दिवस कार्यक्रम

छपरा कार्यालय। राजेंद्र कॉलेज, छपरा में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग के महत्व से अवगत कराना और उन्हें नियमित योगाभ्यास हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6:00 बजे कॉलेज प्रांगण में हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एन सी सी अधिकारी कैप्टन संजय कुमार ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय ऋषि -मुनियों की अमूल्य थाती है ।इस महान भारतीय परंपरा के महत्व को स्वीकारते हुए संपूर्ण विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में इसे सराह और अंगीकार कर रहा है ।संयुक्त राष्ट्र संघ के सामान्य सभा ने भी योग को जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करते हुए स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करने वाला बताया है। सभी सुखों का सार निरोगी काया है और निरोग शरीर का आधार है योग।

## संक्षिप्त खबरें

### तांत्रिक के जिंदा करने के दावे पर मृत बच्चे के शव को कब्र से बाहर निकाला, तांत्रिक को पुलिस ने हिरासत में लिया

बगहा। बगहा अनुमंडल के खैर पोखरा गांव में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां खेलते समय चारपाई से गिरने के कारण 12 वर्षीय संदीप की मौत हो गई। मृतक संदीप, सुखदेव पटेल का बेटा था। हादसे के बाद परिजन उसे लेकर अनुमंडलीय अस्पताल बगहा पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बच्चे के शव को गांव में दफना दिया गया ।लेकिन शनिवार को इस घटना ने एक अजीब मोड़ ले लिया,जब ज्ञानती देवी नामक एक महिला तांत्रिक गांव पहुंची और दावा किया कि वह बच्चे को ज़िंदा कर सकती है। महिला के दावे पर भरोसा करते हुए परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को जमीन से फिर बाहर निकाल लिया। इसके बाद तांत्रिक महिला ने एक रेखा खींचकर शव को उसके बीच में रखा,अगरबत्तियां जलाईं, मंत्रोच्चारण किया और सरसों के दाने शव पर फेंकने लगी इस विचित्र और अंधविश्वासी गतिविधि की खबर फैलते ही मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए। भीड़ इतनी बढ़ गई कि रेलवे ट्रैक तक लोगों का तांता लग गया, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। घटना की सूचना मिलते ही बगहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और हस्तक्षेप कर शव को फिर से परिजनों को सौंपते हुए दफन कराने की प्रक्रिया दोबारा पूरी कराई। वहीं महिला तांत्रिक ज्ञानती देवी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया

## डीआईजी ने किया धनहा थाने का औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। बिहार के चंपारण रेंज के डीआईजी हरिकिशोर राय ने धनहा थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर पुलिस अधीक्षक ने अपने पुलिस बल के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। डीआईजी को अचानक देख थाने पर देख थाना परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। थाने में पहुंचकर सबसे पहले उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों का परिचय जाना और बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही इंस्पेक्टर कार्यालय धनहा के रिकॉर्ड रूम की जांच की ।इस दौरान डीआईजी ने थाने के सभी अभिलेखों की बारीकी जांच की। इसके बाद सभी फाइलों को अपडेट करने और लंबित कांडो की रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।निरीक्षण के दौरान , एसपी सुशांत कुमार सरोज, डीएसपी कुमार देवेंद्र, पुलिस इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती, भितहा थाना प्रभारी राकेश कुमार, पिपराशी थाना प्रभारी, ठाकरहरा थाना प्रभारी मौजूद रहे. इसके साथ ही उन्होंने बगहा डीएसपी और पुलिस इंस्पेक्टर को लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा ।वहीं, डीआईजी हरिकोशर राय ने पुलिस पदाधिकारियों को गंभीर कांडों का खुलासा करने, अपराधियों को गिरफ्तार करने, जेल से छूटे अपराधियों पर नजर रखने, शराब तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, सूचना तंत्र को मजबूत करने सहित कई निर्देश दिए।

## बगहा के लिए शुक्रवार का दिन रहा ऐतिहासिक बंदे भारत ट्रेन का हुआ ठहराव बगहा वासियों में खुशी की लहर



बगहा। पुरे बिहार के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा क्योंकि पीएम मोदी नें राजधानी पटना कों उतर बिहार होते पूर्वांचल से जोड़ने कों रेलमार्ग के हवाई जहाज कों हरी झंडी दें दिया है ।दरअसल वन्दे भारत ट्रेन पटना से चलकर बगहा में भी रुकि जिसे गोरखपुर के लिए वाल्मीकिनगर के जेडीयू सांसद सुनील कुमार नें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया लिहाजा नेपाल और उतर प्रदेश से सटे सीमाई इलाके के लोगों में बेहद खुशी देखीं गईं लेकिन चम्पारण हमसफर, अंत्योदय, और कामख्या कटरा जैसी कई ऐसी साप्ताहिक ट्रेंनें हैं जो बगहा में अभी भी नहीं रूकती हैं लिहाजा लोग इन स्पेशल ट्रेनों के बगहा में पड़ाव और ठहराव की मांग कर रहें हैं। क्योंकि नेपाल और उतर प्रदेश से सटे बिहार की शुरूआत बगहा इलाके से होती है जो सूबे का पहला लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र वाल्मीकिनगर के नाम से विख्यात है ।बतादें की वन्दे भारत ट्रेन की शुरूआत होने के दौरान बगहा में इसकी प्रारम्भिक पड़ाव नहीं थी लेकिन वाल्मीकिनगर के जेडीयू सांसद सुनील कुमार ताबड़तोड़ रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर आखिरकार ट्रेन की शुरूआत से ठीक पहले बगहा जैसे अतिपिछड़े इलाके में बी ग्रेड का दर्जा प्राप्त बगहा स्टेशन पर भी ठहराव कों मंजूरी दिलानें में महती भूमिका निभाई यहीं वजह है की आज पूरा स्टेशन यात्रियों और स्कूली बच्चों के साथ साथ गणमान्य लोगों से गुलजार रहा जबकि जेडीयू सांसद के साथ बीजेपी सदर विधायक राम सिंह और समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम विनय कुमार श्रीवास्तव नें तो जनसभा के लिए बजाप्ता पंडाल लगाकर रेल्वे स्टेशन पर केंद्र सरकार खासकर पीएम मोदी के गुणगान में कसीदे पढ़ें इतना हीं नहीं स्टेशन पर एक दूसरे कों मिठाइयाँ खिलाकर अपने खुशी का इजहार करते मानों जश्न मनाया गया ।

## दाहसंस्कार में आए व्यक्ति की नहर में गिरने से हुई मौत

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। नवतनवा से दाहसंस्कार के लिए नारायणी गंडक के तट पर आए व्यक्ति की मौत त्रिहुत नहर में डूबने से हो गई है। शव को बरामद कर पुलिस ने बगहा अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाजसेवी स्थानीय निवासी लड्डू शर्मा ने बताया कि नवतनवा से दाहसंस्कार के लिए मृतक अशोक कुमार भी आए थे जो कस्टम ऑफिस के सामने नहर किनारे बने सीमेंट रोकटो पर लेट गए थे ।लेटने क्रम में करवट लेते ही नहर में जा गिरे जिससे उनकी मौत हो गई ।सूत्रों के मुताबिक मृतक दाहसंस्कार के दौरान बगल के नेपाल से शराब पीकर आया था जो अत्यधिक नशे के कारण नहर के रोकटो पर लेट गया था। बहरहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांचपड़ताल में जुट गई है।

## टकराई तीन गाड़ियां दो बाइक सवार जख्मी, दो बाइक समेत सफारी गाड़ी को पुलिस ने किया जब्त



बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा थाना क्षेत्र के बगहा बेतिया एनएच 727 चौतरवा पेट्रोल पंप के समीप की है। जहां एक साथ तीन गाड़ियों में भीषण टक्कर हो गई है। जिसमें दो बाइक हीरो स्प्लेंडर जिसका रजिस्ट्रेशन बीआर 22 बीएन 7218 तथा दूसरा बाइक हीरो स्प्लेंडर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 22 एडी 4514 है। वहीं तीसरा काला कलर का टाटा सफारी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर इफ01 एफएक्स 1007 है। जो चौतरवा की तरफ से बगहा की ओर जा रही थी कि अचानक एक बाइक पेट्रोल पंप से निकली सामने से गाड़ी आता देख संतुलन खो जाने के कारण आ रही सफारी गाड़ी से जा टकराई, वहीं एक और बाइक उक्त टक्कर की चपेट में आ गया जिसमें दो बाइक सवार जख्मी हो गए। स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना चौतरबा थाना को दी। मौके पर पहुंची चौतरवा थाना की पुलिस ने दोनों घायल बाइक चालक को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया है। थानाध्यक्ष ज्योति पुंज ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त तीनों वाहनों को पुलिस ने जप्त कर लिया है। बाइक सवार दोनों घायल जिसकी पहचान बालिस्टर यादव पिता बउक यादव करहीया बसौली थाना भितहां तथा दूसरा आशीष कुमार पिता भीखम चौधरी ग्राम कौलापुर कैलाची थाना चौतरवा निवासी है। दोनों को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भेजते हुए परिजनों को सुचित किया जा चुका है।

## 11 वां योग दिवस की रही धूम जंगल कैम्प और स्कूलों में योगाभ्यास आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। शनिवार को विश्व योग दिवस पूरे उत्साह पूर्वक मनाया गया ।इस मौके पर स्कूली छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने योग्याभ्यास किया। सेंटजेवीयर,सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में योग गुरु के नेतृत्व में योग शिविर में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ योग क्लास में शामिल हुए ।वहीं जंगल कैम्प स्थित होटल विहार परिसर में बूढ़े,जवान सभी एक साथ योगाभ्यास किया ।कार्यक्रम की शुरूआत सूर्य नमस्कार और प्रार्थना से की गई। इसके पश्चात प्राणायाम,योगासन एवम ध्यान सत्र आयोजित की गई।

इस योग शिविर में वन क्षेत्र पदाधिकारी श्रीनिवासन नवीन,फील्ड बायोलॉजिस्ट सौरभ वर्मा,वनपाल आशीष कुमार व साधु दास, वनरक्षी सुनील यादव,सोनू कुमार,ओमप्रकाश, मनीष कुमार,शशि कुमार,अर्चिता कुमारी,खुशबू व प्रिया कुमारी शामिल हुए। योग गुरु ने बताया कि यौग का शिविर के दौरान अद्भुत अनुभूति प्राप्त हुई ।इस दौरान मन और आत्मा का समन्वय की अनुभूति महसूस हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध हथियार एवं मोटरसाइकिल सहित अपराधी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। वाहन चेकिंग के क्रम में पियर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरा स्थित काली मंदिर के पास त्वरित कार्रवाई कर अवैध हथियार एवं मोटरसाइकिल के साथ अपराधकर्मी कुंदन कुमार, पिता शंकर राय, ग्राम रतनमनिया को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पियर थाना कांड सं0-92/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मुजफ्फरपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामाजिक संगठन प्रयास द्वारा बजरंगबली रनिंग एकडमी बखनगरी के प्रांगण में योगाभ्यास और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्रयास के संस्थापक प्रभात कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने शरीर को स्वस्थ, सुंदर और सुडौल बनाने के लिए योग का अभ्यास करना अनिवार्य है। स्वर्गीय डॉ. एस. एन. सुब्बाराव के शब्दों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि ह्नएक घंटा देह को, एक घंटा देश कोह्व की भावना को हमें साकार करना होगा। योग प्रशिक्षक रामयोगी जी ने बड़े आस्था के साथ योग के विभिन्न आयामों को बताते हुए योगाभ्यास कराया। अकादमी के प्रमुख रोहित कुमार, रौशन कुमार उर्फ कर्नर साहब (मास्टर ट्रेनर) रोहित कुमार पंडित, बजरंगी कुमार शर्मा समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन राहुल कौटिल्य के नेतृत्व में हुआ। प्रयास के सहायक कार्यक्रम प्रबंधक अमित चंद्र चौधरी ने उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद दिया। उक्त अवसर पर मोहम्मद शहाबुद्दीन, राहुल, साहिल, बिक्की, अभिनाश, अमरजीत, निक्की, भारती, सिंदु साक्षी और सौ से अधिक बच्चे बच्चियों और ग्रामीणों ने योगा अभ्यास में भाग लिया।

### बुधामा ओपी प्रभारी ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के बुधामा, खाड़ा, गोढ़यारी से पांच आरोपियों को बुधामा कैंप प्रभारी जीउत राम ने गिरफ्तार किया है। इस बाबत जानकारी देते हुए उदाकिशुनगंज थाना प्रभारी बिनोद कुमार सिंह ने बताया की गुप्त सुचना के आधार पर कुर्की वारंटी सुभाष पासवान को बुधामा से गिरफ्तार किया गया। जबकि तीन शराबी रमेश, पिंटू, एवं सुशील को खाड़ा वार्ड नंबर 5 से ठीक उनके घर के सामने से गिरफ्तार किया गया। इधर कांड में संलिप्त आरोपी को गोढ़यारी वार्ड नम्बर एक से गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों पर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को जेल भेज दिया।

### मारपीट की घटना में पांच जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में आपसी विवाद लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में पांच लोग जख्मी हुए। परिजनों के सहयोग से जख्मी को सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने जख्मी की पहचान क्लोजर पंचायत के मुन्नी चौक गांव के स्वर्गीय रामचंद्र साह की पत्नी जागो देवी के रूप में की गई है। वहीं दूसरी ओर रामपुर गांव की रुबीना खातून, मालीनगर के संतोष कुमार की पत्नी रुबी कुमारी, कल्याणपुर के मोहम्मद जमाल के पुत्र मोहम्मद आशिक, कुढ़वा गांव के मोहम्मद मुस्लिम अंसारी की पत्नी रुकिना खातून का इलाज जारी है। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने दी। पुलिस ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### मजदूरी करने जा रहे मजदूर से किया मार पीट, बाईक क्षतिग्रस्त

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के खरसंड पश्चिमी पंचायत स्थित गोबरसीठा गांव के स्वर्गीय असर्फी राय के पुत्र पवन कुमार राय अपने घर से बाईक से काम करने जा रहे थे। घर के आगे कुछ दूर पर गांव के ही पप्पू कुमार राय राजू आदि मिलकर उनके साथ मारपीट करते हुए उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। जेब में रखे 22000 हजार रुपए नगद छीन लिया। पीड़ित ने 112 नंबर पुलिस गाड़ी को फोन की जख्मी अवस्था में पुलिस ने सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया। घटना को लेकर थाना अध्यक्ष को पीड़ित ने आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई।

# आपसी समन्वय से योजनाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें : जिलाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर कर कार्य में तेजी लाने तथा ससमय कार्य पूरा करने हेतु प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक विभिन्न विभागों के तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में की गई तथा अधिकारियों को आपसी समन्वय से समस्याओं का समाधान कर लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया। अखाड़ा घाट जीरो माइल सड़क के बारे में अवगत कराया गया कि इस पथ में सड़क चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं नाला निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर विभाग में स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेज दिया गया है। पथ प्रमंडल वन के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव स्वीकृत करायें। मानिकपुर -साहेबगंज में भू अर्जन के स्तर पर कार्य चल रहा है। कुल मिलाकर इसमें लगभग 403.38 करोड़ के भुगतान का लक्ष्य है। इस खंड के अंतर्गत 36 मौजा में पंचाट की घोषणा के उपरांत अब तक 263 करोड़ रुपए का भुगतान भूधारियों को किया जा चुका है। शेष भूधारियों को भुगतान की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अदलवाड़ी-मानिकपुर एनएच 139६ खंड अंतर्गत 6 मौजा में भूमि अर्जित की गई है। छः मौजा में कुल प्राक्कलित राशि 36.58 करोड़ में से 10.77 करोड़ की राशि का वितरण भूधारियों के बीच कर दिया गया है। कैंप आयोजित कर शेष भू-धारियों के बीच राशि का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मौजावार विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध करायें एवं जल्द से जल्द भुगतान संबंधी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बाढ़ नियंत्रण के कार्यपालक अभियंता को तटबंध के अतिआक्राम्य एवं अतिसंवेदनशील वाले स्थलों का निरीक्षण कर सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही तटबंधों का नियमित निरीक्षण एवं निगरानी करने को कहा ताकि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में अचानक कोई समस्या उत्पन्न न हो। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन वन के द्वारा कब्रिस्तान घेराबंदी में 207 प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कब्रिस्तान घेराबंदी योजना में से 162 योजनाएं पूर्ण हो गई है। जबकि मंदिर चारदीवारी निर्माण योजना के तहत स्वीकृत 9 योजनाओं में से 3 योजना पूर्ण है। बैठक में अखाड़ा घाट जीरो माइल सड़क, मीनापुर टेंगराहा पथ, मोतीपुर बरूराज पथ, देवरिया बरूराज पथ, अखाड़ा घाट पुल के समानांतर नये पुल निर्माण, इंडियन वाइल कॉरपोरेशन लिमिटेड, मुजफ्फरपुर सुगौली दोहरीकरण रेल परियोजना, आदि की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाने तथा जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पुल निर्माण निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन आदि के अभियंता उपस्थित थे।

# बाल विकास परियोजना पदाधिकारीयों की समीक्षात्मक बैठक हुई आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला पदाधिकारी, मधुबनी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने पोषाहार का वितरण ससमय पूरी पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का प्रत्येक माह ऊंचाई और वजन लेकर पंजी में संधारित करने का भी निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जिला अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जहां भी शौचालय एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है उनके लिए संबंधित अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए सभी केंद्रों पर नल जल एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित की जाए। सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को इसका नियमित अनुसरण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि वे स्वयं अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और लापरवाही करने वाले पर कार्रवाई होगी। ऐसे में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का समय से खुलना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर टैग किए गए बच्चों का प्रत्येक माह ऊंचाई और वजन लेकर पंजी में संधारित किया जाए। इसके लिए संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अपने अधीनस्थ आंगनवाड़ी कार्यकताओं से इसका अनुपालन सुनिश्चित करवाएं।जिलाधिकारी ने पोषण ट्रेकर पर सभी संबंधित आंकड़ों को समय से अपलोड करने पर बल देते हुए कहा कि सभी महिला पर्यवेक्षक भ्रमणशील रह कर आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए रखें।उक्त बैठक में डा० ललिता कुमारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, सहित जिले के सभी प्रखंडों की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मौजूद थी।

# आम के बगीचा में घुसे वृद्ध को आम चोर समझ बगीचे के रखवालों ने वृद्ध के साथ मारपीट किया, वृद्ध की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर/बरियारपुर (मुंगेर) आम के बगीचा में घुसे वृद्धि को आम चोर समझ कर बगीचे के रखवालों ने इतना पिटाई किया कि वृद्ध की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। इस घटना को लेकर पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पूरा मामला असरगंज थाना क्षेत्र के सजुआ गांव का है । जहां के निवासी 50 वर्षीय माधुरी यादव, पिता स्व सुखन यादव, खेती करता है। बीती देर रात श्राद्ध का भोज खाने गांव में ही गया था। इस के बाद से घर नहीं लौटा। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि खून से लथ पथ एक वृद्ध का शव पड़ा है । जिसके बाद जब पुलिस ने उसकी शिनाख्त की तो उसकी पहचान माधुरी यादव के रूप में ही हुई पुलिस ने परिजनों को इस बारे में जानकारी दी। जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। मृतक के शरीर पे तेज धार वाले हथियार से कटे का निशान था । किसी से कोई दुश्मनी नहीं था। किसने हत्या की है।इसका पता नहीं चल पाया हैं। चौकीदार के अनुसार देर रात में 112 की टीम को सती स्थान के समीप एक आम के बगीचा का रखवाली करने बाले ने सूचना दिए कि उसके बगीचे में एक व्यक्ति गिरा हुआ है। इस के बाद पुलिस पहुंची ओर उस मृतक को अस्पताल लेकर आई। डॉक्टर ने उसे मिर्च घोषित कर दिया।। वहां जानकारी के अनुसार जब वृद्ध आम के बगीचे से गुजर रहा था तभी बगीचे के रखवालों ने उसे चोर समझ लिया और उसी में उसकी पिटाई कर दी । जिससे उसकी मौत हो गई । इस मामले में असरगंज पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले पूछ ताछ कर रही है । परिजनों ने बताया कि पुलिस के द्वारा सूचना दी है तब वे लोग पहुंचे तो पाया कि वे खून से लथ पथ पड़े है । पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामुहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, शिक्षक, विद्यार्थी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि योग हमें निरोग रखता है। इससे शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलती है जिससे हम लगातार ऊजार्वान होकर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा माननीय प्रधानमंत्री के प्रयास से योग दिवस अब पूरे संसार में मनाया जा रहा है। इससे लोगों को योग की ओर प्रवृत्त होने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रतिदिन सुबह में योग का क्लास चलता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो इसमें प्रतिदिन आते हैं लेकिन कुछ लोग आलस्य वश इससे उदासीन हैं। उन्होंने सभी लोगों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। योग गुरु डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि अब एलोपैथी चिकित्सा में भी योग के महत्व को समझा जा रहा है और डाक्टर लोगों से योग करने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगो को कम से कम आधा घंटा अपने स्वास्थ्य के लिए योग करना चाहिए। डॉ जितेंद्र ने उपस्थित लोगों को कई तरह के योग और प्राणायाम करवाये। कुलसचिव डॉ मृत्युजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में जब से कुलपति डॉ पांडेय आये हैं, वे योग को लेकर लोगों से लगातार अपील कर रहे हैं। हम सबको मिलकर योग करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से किया गया था। सह निदेशक छात्र कल्याण डॉ सतीश कुमार सिंह ने कार्यक्रम के दौरान लोगों का स्वागत किया और डॉ राजीव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह, डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, निदेशक शिक्षा डा उमाकांत बेहरा, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ राकेश मणि शर्मा, डॉ शिवपूजन सिंह , डॉ महेश कुमार, ई मनोज कुमार, डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित रंजन उपाध्याय के साथ अन्य जजों ने किया योगासन

मुंगेर। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एडीआर भवन मुंगेर में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में योग विश्वविद्यालय मुंगेर के योग प्रशिक्षक शिवम कुमार कारण , कौशल, रंजीत कुमार मिश्रा एवं अमरदीप कुमार के द्वारा योग्य अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित रंजन उपाध्याय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय प्रवाल दत्त विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम श्रीमती रूप्मा कुमारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौधरी विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम नितेश कुमार मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी आदित्य गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर दिनेश कुमार अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रीमती आकांक्षा अपर मुख्य न्यायिक दंडा अधिकारी तृतीय रूपेश कुमार अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी चतुर्थ श्रीमती कुमारी विजिया शांति मुंशीफ प्रथम मुंगेर सुश्री कविता अग्रहरि विधिक संघ मुंगेर शशि भूषण प्रसाद सिंह उपस्थित रहे प्रशिक्षकों के द्वारा उपस्थित लोगों को आम जीवन में योग के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया तथा विभिन्न प्रकार के योग का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही यह भी बताया गया कि इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वर्ष 2025 का थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योगा फॉर वन अर्थ ओन हेल्थ है इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता गण विधिक स्वयं सेवक व्यवहार न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के कर्मचारी गण के द्वारा भाग लिया गया।उपस्थित लोगों के द्वारा योग गुरु के अनुसरण में योग किया गया ।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग के साथ मतदान जागरूकता की अनूठी पहल



मधुबनी 11 वीं अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन मधुबनी एवं जिला आयुष समिति मधुबनी के संयुक्त तत्वाधान में जिला खेल भवन में मुकेश रंजन (अपर समाहर्ता मधुबनी), परिमल कुमार (उप निदेशक जन संपर्क विभाग पदाधिकारी मधुबनी, चंदन कुमार झा (एस०डी०ओ० सदर मधुबनी), प्रशांत कुमार (उप निर्वाचन पदाधिकारी मधुबनी), ललन चौधरी (कृषि पदाधिकारी मधुबनी), डॉ० राजेश (पशुपालन पदाधिकारी मधुबनी), शशि शेखहरण (जिला परिवहन पदाधिकारी मधुबनी), डॉ० हरेन्द्र कुमार (सिविल सर्जन मधुबनी), एवं डॉ० प्रेमलता (जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी), मधुबनी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलीत कर विधिवत अंतराष्ट्रीय योग दिवस का उदघाटन किया गया। जिसमे योग प्रशिक्षक के रूप में मिथिला प्राकृतिक चिकित्सा योग सोधसंस्थान के निदेशक डॉ० उमेश कुमार उषाकर मुख्य योग प्रशिक्षक के रूप में एवं बिहार नेचुरो योग सर्विस एसोशिएशन के सदस्य इना देवी पायल कुमारी, सुनीता कुमारी, डॉली कुमारी, डॉ० मो० रमीज, डॉ० सुजीत कुमार, डॉ० आदिल नजीरी, हेमन्त कुमार झा, आदि सहयोगी योग प्रशिक्षक के रूप में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया एवं सभी प्रतिभागीयों को औषधि पौधा का वितरण किया गया एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित सभी प्रतिभागियो ने स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना हेतु निर्भय एवं निश्चित मतदान का शपथ भी लिया। इस कार्यक्रम में योग से जीवन,मतदान से लोकतंत्र,स्वस्थ नागरिक,सजग मतदाता,योग अभ्यास करे,एवं लोकतंत्र मजबूत करे,आदि थीम पर आधारित सेल्फी कार्यक्रम,मतदाता जागरूकता गीत एवं मतदाता जागरूकता शपथ का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में युवाओं सहित बड़े बुजुर्गों ने मतदाता जागरूकता सेल्फी सेंटर पर अपने सेल्फी भी लिया।

# 18वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, राजनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

## एक धरती, एक स्वास्थ्य की थीम पर सीमावर्ती क्षेत्रों में गूंजा योग का संदेश



मधुबनी राजनगर 21 जून 2025 को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे देशभर की भांति 18वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, राजनगर तथा इसकी समस्त बाह्य सीमा चौकियों पर उत्साहपूर्वक एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की विषयवस्तु एक धरती, एक स्वास्थ्यह्व के अंतर्गत उच्च मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार इस विशेष अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कमांडेंट दामोदर प्रसाद मीणा के नेतृत्व में वाहिनी मुख्यालय के समस्त पदाधिकारी एवं बलकर्मियों सहित सभी सीमावर्ती चौकियों पर तैनात सुरक्षा बलों ने एक साथ योगाभ्यास किया। योग सत्र के दौरान सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत ताड़ासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन तथा प्राणायाम आदि का विधिवत अभ्यास कराया गया। कमांडेंट दामोदर प्रसाद मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह मानसिक संतुलन, आंतरिक शांति और अनुशासित जीवनशैली का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सुरक्षाबलों के लिए योग एक ऐसा सशक्त साधन है, जो उन्हें कठिन परिस्थितियों में भी मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं बलकर्मियों ने संकल्प लिया कि वे योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएंगे और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, एकरूपता और योग के प्रति समर्पण का अनुपम दृश्य देखने को मिला उक्त अवसर के कुछ प्रमुख छायाचित्र भी आयोजन की भव्यता एवं सहभागिता को दशार्ते हैं, जिन्हें आपके अवलोकन हेतु संलग्न किया गया है।

# 48वीं वाहिनी सीमा चौकियों और मुख्यालय में जवानों, नागरिकों व परिवारजनों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



मधुबनी 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, जयनगर एवं इसकी भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सभी सीमा चौकियों (बीओपी) पर शनिवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।इन कार्यक्रमों में एसएसबी के जवानों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों और संदीक्षा परिवार की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे कार्यक्रम का माहौल और भी ऊर्जा से भर गया।वाहिनी मुख्यालय जयनगर में आयोजित मुख्य योग सत्र में कमांडेंट हरेंद्र सिंह, उप-कमांडेंट हरि नारायण जाट, अन्य अधिकारी, जवान एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। प्रातःकालीन योगाभ्यास के दौरान सभी ने एक साथ योग कर तन-मन को शुद्ध करने और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।कमांडेंट हरेंद्र सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। सैनिकों के लिए योग अनुशासन और दक्षता बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम है।वाहिनी की ओर से बताया गया कि इस तरह के आयोजन आगे भी नियमित रूप से किए जाते रहेंगे ताकि जवानों और आम नागरिकों को स्वास्थ्य, अनुशासन और समरसता के प्रति जागरूक किया जा सके।

# बिहार सरकार के मंत्री द्वारा 608 वासवहीन परिवारों को दिया गया पर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। प्रेक्षागृह दरभंगा में बिहार सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तत्वाधान में संजय सरावगी मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार, नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार के मंत्री जीवेश कुमार, राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, विधायक बेनीपुर विनय कुमार चौधरी के कर कमलों से वासवहीन परिवारों को काफी संख्या में सदर अनुमंडल के नागरिकों को पर्चा वितरण प्रदान किया गया। मंत्री संजय सरावगी ने संबोधित करते हुए कहा कि दरभंगा जिला सदर अनुमंडल के 608 वासवहीन परिवारों पर्चा प्रदान किया गया है। 22 जून 2022 को बिरोल अनुमंडल के वासवहीन व्यक्तियों को पर्चा वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य है जो भी सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीन लोग हैं, उन सभी को अपनी जमीन, आवास हो। उन्होंने कहा कि पर्चा के साथ-साथ जमाबंदी भी कायम कर दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग पूरे बिहार में 60 हजार दलित, महादलित टोला में डॉ. अंबेडकर समग्र विकास अभियान के तहत भूमिहीन लोगों का आवेदन मुख्यमंत्री के निर्देश पर लिया जा रहा है। आवेदन लेने के उपरांत आवेदन की जांच की जा रही है। पूरे बिहार में पर्चा वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है। आज वासगीत पर्चा लोग काफी खुश थे। उन्होंने कहा कि भूमिहीन परिवार को भूमि मिल रहा है, अब वे प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं और योजना का लाभ ले सकते हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार सरकार के मंत्री जीवेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि आज 600 से अधिक लोगों का सपना साकार हुआ, पहले भी पर्चा वितरण किया गया है।

# वक्फ संशोधन को लेकर तीन राज्य के मुस्लिम पटना के गांधी मैदान में 29 जून को गोलबंद होगें

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। वक्फ संशोधन बिल 2025 के विरोध मे तीन राज्यों के अमीर ए शरियत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी के आह्वान पर 29 जून को पटना के गांधी मैदान में गोलबंद होंगे कई राज्यों के मुसलमान, इस मामले मे मुंगेर स्थित खानकाह रहमानी के परिसर मे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर शहर काजी रजी अहमद नदवी ने पत्रकारों को बताया कि अमीर ए शरियत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी के आह्वान पर 29 जून को पटना के गांधी मैदान में ह्नवक्फ बचाओ, संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंसह्व का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई राज्यों के लाखों लोगों शिरकत करेंगे और देश की सरकार कि के सामने शांतिपुर और लोकतांत्रिक तरीके से पटना के गांधी मैदान पहुंच कर वक्फ संशोधन बिल 2025 को लेकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से लगभग दस लाख लोगों के पहुंचने कि संभावना है, वहीं मुंगेर से भी लगभग दस हजार लोगों के पटना पहुंचने के लिए बसों कि व्यवस्था की गई है। कुछ लोग छोटी गाड़ियों से भी पटना पहुंचेंगे, उन तमाम लोगों के सारे इंतजाम किए गए है बावजूद इसके लोग अपनी भी व्यवस्था लेकर पटना पहुंचेंगे।

# नगर परिषद आम उप निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करने को लेकर जिला पदाधिकारी ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । नगर पालिका आम उप निर्वाचन पंचायत उप निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को समाहरणालय स्थित संवादकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नगर पालिका आम/उप निर्वाचन/पंचायत उप निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने को लेकर बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी सहित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत उप चुनाव 2025 को लेकर सभी कोषांगों के नोडल अधिकारी एक्टिव मोड में आ जाएं, ढिलाई से कोई काम न करें और लापरवाह न बनें। निर्वाचन अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य होता है, इस लिए सभी नोडल पदाधिकारी आयोग से प्राप्त पत्रों का अवश्य अवलोकन करें तथा दिए गए निदेर्शों का अक्षरशः पालन करें। अपने अपने कोषांगों का लगातार रिव्यू करें और संबंधित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्क निर्देश दें। उन्होंने कोषांगवार सभी नोडल पदाधिकारियों से कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्मिक कोषांग के पदाधिकारी को कार्मिक डाटाबेस तैयार करने, प्रथम नियुक्ति पत्र के साथ प्रशिक्षण कोषांग को प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित करने के निर्देश दिए। ईवीएम के नोडल पदाधिकारी को ई.वी.एम. का अवलोकन करते हुए कितने बी.यू./सी.यू. प्रयोग में लिए जाएंगे, उसकी तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# 21 जून को होती है साल का सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटी रात

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा भारत में 21 जून साल का सबसे बड़ा दिन होता है। सूर्य पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध के लंबवत होता हैं, जिसके कारण सूर्य की किरणें भारत के मध्य से होकर गुजरने वाली कर्क रेखा पर सीधी पड़ती है, जिससे सूर्य की किरणें अन्य दिन के मुकाबले इस दिन ज्यादा समय तक धरती पर रहती हैं। जिसके कारण साल का ये दिन सबसे बड़ा दिन होता है। और इस दिन रात छोटी होती है। पृथ्वी अपने अक्षांश पर साढ़े 23 डिग्री झुकी हुई होती है और इसी अवस्था में सूर्य की परिक्रमा करती है, मतलब सूरज के चारो ओर घूमती है। सूर्य की परिक्रमा करते हुए पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध तथा दक्षिणी गोलार्द्ध इसके सामने आते हैं। इस कारण दिन और रात का समय घटता और बढ़ता है। आमतौर पर सूर्य की किरणों पृथ्वी पर कम समय तक रह पाती हैं। लेकिन जब उत्तरी गोलार्द्ध सूर्य की ओर पूरी तरह से झुका रहता है। ये करीब 23।44 अक्षांश पर होता है जिसके कारण उस समय सूर्य की किरणें ज्यादा देर तक पृथ्वी पर पड़ती है और दिन लंबा होता है। यह खगोलिय घटना भारत में हर साल 21 जून को होती है इसलिए भारत में 21 जून को साल का सबसे बढ़ा दिन और साल की सबसे छोटी रात होती है। 21 मार्च और 23 सितंबर को दिन और रात बराबर होती है। और 21 से 23 दिसम्बर को दिन छोटा और रात बढ़ी होती है। इस दिन को विंटर सॉल्स्टिस मनाई जाती है। 20 से 23 जून के बीच ह्यसमर सॉल्स्टिस यानि ग्रीष्म संक्रांति मनाई जाती है। जब सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध की ओर होता उस समय यहां दिन बड़े और रात छोटी होती हैं। उत्तरी गोलार्द्ध में रह रहे लोगों के लिए 21 जून को गर्मी की शुरूआत कहा जाता है। लेकिन दक्षिणी गोलार्द्ध में ठीक इसका उलटा होता है। यहां रात बड़ी और दिन छोटे होते हैं। और यहां रह रहे लोगों के लिए ये सर्दी की शुरूआत मानी जाती है। धरती पर साल में ऐसा भी दिन आता है, जब परछाईं एक पल के लिए गायब हो जाती है। जी हां यह घटना 21 जून को होती है। जब सूर्य ठीक कर्क रेखा के ऊपर होता है।

# अवैध खनन को रोकने गए अंचलाधिकारी से हुई अभद्रता

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाली बुढी गंडक नदी के मिल्की ढाव में एक ट्रैक्टर ट्रेलर अवैध खनन की जा रही थी। गुप्त सूचना मिलते ही अचलाअधिकारी शशि रंजन कुमार चालक उदय पासवान थाने के थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा दलबल के साथ पहुंचे। अधिकारियों की गाड़ी देखते ही अवैध खनन करने वाले ट्रैक्टर के साथ भागे, अधिकारियों ने उसका पीछा किया। ट्रैक्टर भागने में सफल रहा। सूत्रों के अनुसार वापस लौट रहे अधिकारियों के साथ स्थानीय कुछ लोगों ने सीओ व चालक के साथ अभद्रता की। वही अंचल अधिकारी शशि रंजन कुमार ने बताया कि थाने में आवेदन नहीं दिया गया है वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि अब तक इस मामले में खनन विभाग व अंचल पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी के द्वारा भी आवेदन नहीं मिला है। आवेदन आने के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 22 जून, 2025





# ऋतिक और जूनियर एनटीआर के टकराव वाले सीन पर बोले अयान मुखर्जी

वॉर 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। फिल्म का निर्देशन ब्रह्मास्त्र को डायरेक्ट करने वाले अयान मुखर्जी ने किया है। दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए, अयान ने बताया कि उन्होंने वॉर 2 की कहानी अच्छी बनाने पर ध्यान दिया है। उनके मुताबिक वह चाहते थे कि भारतीय सिनेमा के दो दिग्गजों ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच एक जबरदस्त क्लैश हो। अयान ने वॉर 2 के बारे में कई बातें बताई हैं।

## वॉर 2 बनाने के लिए की मेहनत

अयान ने कहा यह बड़ी जिम्मेदारी है कि वॉर फ्रेंचाइजी को आप आगे बढ़ाएं और इस पर अपनी छाप छोड़ें। मुझ पर जिम्मेदारी थी कि मैं इस यूनिवर्स को आगे ले जाऊं। फिल्म से दर्शकों की अपनी उम्मीदें भी हैं। पहली फिल्म का भी प्रेशर था। मैंने 'वॉर 2' को डायरेक्ट करने को एक मौके के रूप में देखा, जिससे मैं पहली फिल्म को एक सलामी दे सकूं। अगर ऐसा न हो, तो इस तरह की ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी में मजा नहीं आता। एक निर्देशक के रूप में मैं पूरी ईमानदारी से कह रहा हूं कि मैंने अपने आपको व्यक्त करने के लिए पूरी कोशिश की है।

## एक्शन सेट और कहानी को बेहतर करने में लगा वक्त

आयान ने आगे कहा कि वॉर 2 के हर सीन के लिए पूरी प्लानिंग की गई है। दर्शकों के अनुभव बेहतर बनाने के लिए पूरी कोशिश की गई है। हमारा ज्यादा वक्त एक्शन सेट और कहानी को बेहतर बनाने में गया है। ये दोनों चीजें ऋतिक रोशन और एनटीआर के बीच आमना-सामना कराने के लिए जरूरी थीं।

## वॉर 2 सबसे ताकतवर फिल्मों में से एक

अयान ने कहा कि सबसे ज्यादा समय हमने एक्शन सीन और कहानी के उस संघर्ष को रचने में लगाया, जो ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच आमने-सामने की भिड़ंत को वाजिब बना सके। उन्होंने वॉर 2 को एक शानदार और मजबूत फिल्म बताया। ये फिल्म वास्तव में भारतीय सिनेमा का संगम है, जहां ये दो बड़े अभिनेता एक साथ आ रहे हैं। हमें इस जोड़ी से दर्शकों की उम्मीदों का पूरा अंदाजा था और हमने हर सेकंड इसी पर ध्यान दिया कि जब लोग थिएटर में बैठें तो उन्हें जिंदगी का सबसे रोमांचक अनुभव कैसे मिले।

फिल्म वॉर 2 14 अगस्त, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 2019 की एक्शन थ्रिलर वॉर का सीक्वल है, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर अहम किरदार में थे। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित वॉर यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा थी। अब वॉर 2 भी उसी का हिस्सा है।



# 12 साल से रिलेशनशिप में हैं डायना पेंटी

## बोलीं- मैं अपने मन में शादीशुदा हूं

**'कॉकटेल' और 'हैप्पी भाग जाएगी' जैसी फिल्मों के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री डायना पेंटी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस बीच अभिनेत्री ने अपनी लव लाइफ और शादी को लेकर अपनी योजना पर बात की।**

### 22 साल से हर्ष को जानती हैं डायना

हटरफ्लाई के साथ बातचीत के दौरान डायना पेंटी ने हर्ष सागर के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वो पिछले दस साल से अधिक समय से हर्ष सागर के साथ एक सीरियस रिलेशनशिप में हैं। उन्होंने कहा कि मुझे कभी भी किसी के साथ कैजुअल रिलेशनशिप में कोई दिलचस्पी नहीं रही। मैं पुरानी सोच वाली हूं। अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं छत पर जाकर इसके बारे में भाषण नहीं देने जा रही हूं मैं और हर्ष एक दूसरे को 22 वर्षों से जानते हैं और 12 वर्षों से साथ हैं।

### शादी के लिए नहीं है कोई दबाव

अपने रिश्ते और शादी के सवाल पर डायना ने कहा कि मैं शादीशुदा नहीं हूं, लेकिन मेरे दिमाग में मैं विवाहित हूं। यह एक ही बात है। आप रिश्ते का उसी तरह सम्मान कर रहे हैं। मेरे और हर्ष किसी के भी परिवार में भी कोई शादी के लिए दबाव नहीं डालता है। उनका हमें सपोर्ट है और उनका भी मानना शादी से ज्यादा खुश रहने पर है। हालांकि, शादी को लेकर मुझे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन हम साथ रहते हैं। हमारा एक डॉग भी है। बिना किसी फॉर्मेलिटी या डॉक्यूमेंट्स के भी हमारा रिश्ता शादी के जैसा ही है।

### 'डिटेक्टिव शेरदिल' में नजर आएंगी डायना

2012 में आई फिल्म 'कॉकटेल' से दीपिका पादुकोण और सैफ अली खान के साथ अपना करियर शुरू करने वाली डायना पेंटी ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया है। अब वो रवि छाबड़िया द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल में दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 20 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होने वाली है।



# साई पल्लवी ने की शेखर कम्मुला की तारीफ

अभिनेत्री साई पल्लवी ने अपने गुरु और मशहूर निर्देशक शेखर कम्मुला की जमकर तारीफ की। उनकी नई फिल्म 'कुबेर' की रिलीज के मौके पर साई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्हें फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं। साई ने कहा कि 'कुबेर' का जादू चलेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में साई पल्लवी ने कुबेर की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शेखर का दिल साफ है और उनकी कला का मेल एक जबरदस्त संयोजन है। उन्होंने फिल्म के सितारों की तारीफ करते हुए कहा, धनुष सर की अभिनय कला और चुनौतीपूर्ण किरदारों को आसानी से निभाने की क्षमता बेमिसाल है। नागार्जुन सर का किरदार शेखर सर के निर्देशन में देखना शानदार होगा। रश्मिका मंदाना, शेखर सर जिस तरह अपनी फिल्मों के लिए महिलाओं के किरदार लिखते हैं, वह अनोखा है। यह किरदार आपके लिए यादगार और सफल होगा। साई ने म्यूजिशियन देवी श्री प्रसाद की भी सराहना की और कहा, यह फिल्म आपके लिए एक और उपलब्धि होगी। शेखर कम्मुला को मेंशन करते हुए साई ने लिखा, आपका साफ दिल और काम हम सभी को प्रेरित करता है। मैं आपके स्टूडेंट्स में से एक हूं। मैं अपने गुरु को हमेशा खुश, स्वस्थ और ऐसी कहानियां बनाते देखना चाहती हूं।



# 'कुबेर' से तेलुगु सिनेमा में धनुष की वापसी

तमिल सुपरस्टार धनुष ने दो साल के बाद तेलुगु सिनेमा में फिल्म कुबेर से वापसी की है। क्राइम ड्रामा फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म देखने के बाद कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर इसके बारे में लिखा है। कुछ लोगों ने फिल्म की लंबाई की आलोचना की है, तो वहीं ज्यादातर लोगों ने धनुष की अदाकारी की तारीफ की है। एक एक्स यूजर ने लिखा है कि फिल्म में धनुष का किरदार आसान नहीं था लेकिन धनुष ने इसे बेहतर तरीके से निभाया है। उन्होंने लिखा धनुष के लिए यह अहम भूमिका है, पूरी फिल्म में उनकी मासूमियत ने बड़ा काम किया है। यह उनके किरदार को दिलचस्प बनाती है। यह रोल निभाना आसान नहीं था, लेकिन धनुष ने कर दिखाया। उनकी अदाकारी को बड़े पर्दे पर देखा जाना चाहिए।

## फिल्म छोटी होनी चाहिए थी

एक दूसरे यूजर ने धनुष के अभिनय की तारीफ की और लिखा कि फिल्म को थोड़ा छोटा होना था। उन्होंने एक्स पर लिखा धनुष की मजबूत अदाकारी। रश्मिका के साथ उनकी बेहतरीन केमिस्ट्री। शेखर कम्मुला की कहानी बहुत अच्छी है लेकिन फिल्म छोटी होनी चाहिए थी और बांधने वाली होनी चाहिए थी। खासकर दूसरा हिस्सा। फिल्म अगर थोड़ी तेज होती तो अच्छा होता।

## धनुष की करियर की सबसे अच्छी अदाकारी

एक दूसरे यूजर ने कुबेर में धनुष के प्रदर्शन को उनके करियर की बेहतरीन अदाकारी बताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कुबेर आपका दिल जीत लेती है। फिल्म में धनुष ने अपने करियर की सबसे अच्छी अदाकारी की है। फिल्म में एक ही कमी है कि यह बहुत लंबी है, हालांकि फिल्म में यादगार पल हैं, जो इसे मजेदार बनाते हैं।

## फिल्म की कहानी की तारीफ

एक और यूजर ने लिखा है कुबेर का पहला पार्ट बहुत अच्छा है। फिल्म की कहानी मौजूदा दौर के हिसाब से नई है जो आपको बांधे रखती है। धनुष ने बेहतरीन कलाकारी की है, नागार्जुन ने भी अच्छा काम किया है और जिम सरभ ने टीम के लिए अच्छा काम किया है। फिल्म में दो सीन शेखर कम्मुला के निर्देशन की काबिलियत दिखाते हैं।

# एबीसीडी 2 फेम एक्ट्रेस लॉरेन गॉटलिब ने बॉयफ्रेंड संग रचाई शादी



बॉलीवुड की डांसिंग डीवा और एबीसीडी फेम लॉरेन गॉटलिब ने आखिरकार अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड टोबियास जोन्स से शादी रचा ली है। 11 जून को इटली की खूबसूरत पहाड़ियों पर दोनों हमेशा-हमेशा के लिए एक दूसरे के हो गए, जहां दोनों ने अपने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में आई डू कहकर एक-दूजे का साथ हमेशा के लिए अपना लिया। अभिनेत्री ने अब अपने सभी फैंस के साथ इस गुड न्यूज को शेयर किया है। शादी की तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर धूम मच गई है। लॉरेन ने इंस्टाग्राम पर अपनी ड्रीम वेडिंग की कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह सफेद वेडिंग गाउन में किसी परी से कम नहीं लग रहीं, वहीं टोबियास ने क्लासिक ब्लैक एंड व्हाइट टक्सीडो पहन रखा था। लॉरेन अपने पिता के साथ चर्च की गलियारे में चलते हुए दिखाई दे रही हैं, जहां टोबियास स्टेज पर उनका इंतजार कर रहे थे। ये पल जितना खूबसूरत था, उतना ही भावुक भी। शादी के बाद कपल ने केक काटकर अपने इस स्पेशल डे को सेलिब्रेट किया और फैमिली के साथ पोज भी दिए।

## लॉरेन ने इमोशनल नोट किया शेयर

अपने वेडिंग एल्बम के साथ लॉरेन ने एक इमोशनल नोट भी शेयर किया। उन्होंने लिखा, 11 जून 2025 को टस्कन हिलटॉप पर हमने खुले दिल से एक-दूसरे से वादा किया कि हम हमेशा साथ रहेंगे। हमें हमेशा लगा था कि सच्चा प्यार कहीं न कहीं जरूर मौजूद है और जब मिला, तो लगा जैसे हम घर वापस आ गए हों। उन्होंने आगे लिखा, हमारा वेडिंग वेन्यू एक सपने जैसा था। इस शादी को जादू बना देने के लिए हम पूरी टीम के तहे दिल से शुक्रगुजार हैं। केटरिंग वालों की ओर से फूलों की सजावट को हम कभी नहीं भूल पाएंगे। टॉबियास और लॉरेन ने वेडिंग फोटोग्राफर का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने इन अनमोल पलों को तस्वीरों में कैद किया।

## फिल्म एबीसीडी में नजर आई थीं लॉरेन

गौरतलब है कि लॉरेन गॉटलिब ने भारत में एबीसीडी, एबीसीडी 2' जैसी डांस फिल्मों में अपनी पहचान बनाई है। साथ ही वो रैपर बादशाह के सुपरहिट गाने मर्सी में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने झलक दिखला जा जैसे टीवी रियलिटी शोज में बतौर कंटेस्टेंट और जज दोनों भूमिकाएं निभाई हैं। लॉरेन और टोबियास की इस प्यारी कहानी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्यार न तो देश की सीमाओं को मानता है और न ही संस्कृति की दीवारों को। यह शादी न सिर्फ एक सेलेब्रिटी कपल की कहानी है, बल्कि हर उस इंसान के लिए उम्मीद की किरण है जो सच्चे प्यार की तलाश में है।



# सिनेमा से प्यार का पता तब चला जब फिल्में छोड़ीं

**फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी में गीता राव जैसे सशक्त किरदार से बॉलिवुड में कदम रखने वाली अदाकारा चित्रांगदा सिंह इन दिनों मल्टीस्टारर मसाला एंटरटेनर फिल्म हाउसफुल 5 के लिए चर्चा में हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। चित्रांगदा से उनके करियर और फिल्मों के चुनाव को लेकर की खास बातचीत**

**आपके डैड आर्मी में थे, आपके भाई स्पोर्ट्स में, आपको सिनेमा से प्यार कैसे हुआ?**

असल में मुझे सिनेमा से प्यार तब हुआ, जब मैंने फिल्म इंडस्ट्री छोड़ी। मैंने हजारों ख्वाहिशें ऐसी और कल- यस्टरडे ऐंड टुमारो नाम की एक फिल्म की थी। उसके बाद 7-8 साल के लिए फिल्में छोड़ दी थीं, पर जब मैं सिनेमा से दूर रही, तब अहसास हुआ कि मैं सिनेमा को कितना मिस करती हूं। उसमें कितनी संतुष्टि, कितनी खुशी मिलती थी। ऐक्टिंग मुझे जिंदा महसूस करती थी, तब लगा कि मैं इसी के लिए बनी हूं। उससे पहले ये था कि हां, काम है, करते हैं। अरे वाह, सुधीर मिश्रा ने ये फिल्में बनाई हैं, वो ऑफर दे रहे हैं तो करते हैं लेकिन जब फिल्मों से दूर हुई तब उससे प्यार की शिद्दत का पता चला।

**इंडस्ट्री में अपने दो दशक लंबे सफर को कैसे देखती हैं? आज अगर उस 20 साल पहले वाली चित्रांगदा को कोई सलाह देनी हो तो क्या देंगी?**

मेरा सफर खूबसूरत रहा है, क्योंकि ऐक्टिंग ने मुझे खुद से मिलवाया। मैंने अपनी पहली फिल्म के दौरान सुधीर (निर्देशक सुधीर मिश्रा) से कहा था कि आपने मुझे खुद से मिलवाया है, मेरी एक नई पहचान कराई है, क्योंकि मुझे नहीं पता था कि मुझमें ऐसा कोई टैलंट है या मैं अपनी जिंदगी में ऐसा कुछ कर सकती हूं, जिसके लिए मुझे याद किया जाए या सराहा जाए। इसलिए, जो भी मिला, वह बहुत बड़ा बोनस है। जो बेहिसाब प्यार मिला, पहचान मिली, उसके लिए मैं बहुत शुक्रगुजार हूं। लेकिन अगर मुझे बीस साल पहले वाली चित्रांगदा को सलाह देनी हो तो मैं कहूंगी कि बहुत मेहनत करो। सिर्फ सेट पर नहीं, सेट के बाहर भी कई चीजों पर फोकस करना पड़ेगा। चाहे लोगों से मिलना हो या अपना पीआर करना हो, यह भी हमारे काम का बहुत बड़ा हिस्सा है, जो मुझे पहले नहीं पता था। मुझे लगता था कि मेरे पास काम आएगा और जब काम आया तो मैंने पूरे दिल से उसे किया, लेकिन सेट के बाहर भी बहुत सारा काम करना होता है और वो समझना बहुत जरूरी है।

**हजारों ख्वाहिशें ऐसी और इनकार जैसी हाई कॉन्टेंट फिल्मों से शुरुआत करने के बाद आप देसी बॉयज और अब हाउसफुल 5 जैसी मसाला फिल्मों में भी नजर आईं। इन दोनों फॉर्मेट में क्या चीजें आपको पसंद हैं?**

दोनों का अपना मजा है। हाई कान्टेंट फिल्मों में लेयर वाले किरदार निभाने को मिलते हैं, जो मुझे बहुत पसंद हैं। मेरा मानना है कि कोई भी इंसान एकदम सीधा नहीं होता कि कोई साधु या संत हो। इसी तरह एकदम दुष्ट भी नहीं होता। एक ग्रे साइड सबका होता है, इसलिए ऐसे रियल किरदारों में परफॉर्मेंस के लिए बहुत स्कोप होता है। उनमें इमोशंस के कई रंग दिखाने को मिलता है। वहीं, देसी बॉयज जैसी फिल्मों में सिर्फ परफॉर्मेंस से काम नहीं चलेगा। वहां, आपको ग्लैमरस भी दिखना होता है, एंटरटेनमेंट भी देना होता है। एक एनर्जी, एक उत्साह दिखना चाहिए तो वो एक पूरी तरह अलग पर्सनैलिटी है। ये दो बिल्कुल अलग किनारे हैं और दोनों का अलग मजा है। जैसे हाउसफुल 5 में मैंने पहली बार ऐसी स्लैपस्टिक कॉमिडी की, जो बहुत मुश्किल होती है। इसमें आप जरा सा लाउड हुए तो फनी नहीं, बेवकूफ लगेंगे। इसलिए, मैं काफी नर्वस थी। शॉट देने के बाद रितेश या श्रेयस से पूछती थी कि ठीक है क्या, तो बहुत मजेदार अनुभव था। सीखने को बहुत मिला।

**आप ऐक्टर के साथ निर्माता भी हैं। आप मानती हैं, अभी थिएटर में दर्शकों को खींच पाना बड़ी चुनौती बन चुकी है? उसके लिए बड़े सुधार की जरूरत है?**

सच कहूं तो यह सवाल बहुत बड़ा है और मैं प्रड्यूसर से ज्यादा ऐक्टर हूं। मैं खुद को पैशन प्रड्यूसर मानती हूं। मैंने सूरमा बनाई, क्योंकि वह एक असल हीरो की कहानी थी और मुझे लगा कि वह बननी चाहिए। मैं फुल टाइम प्रड्यूसर नहीं हूं। मैं जो अगली फिल्म भी बना रही हूं, उसकी वजह भी यही है, लेकिन हां, आज ऑडियंस के पास इतने ऑप्शन हैं, वे इंटरनैशनल सिनेमा देख रहे हैं, तो चैलेंज तो है कि लोगों को थिएटर में कैसे लेकर आएं।

**अक्षय कुमार के साथ आपने 15 साल पहले देसी बॉयज की थी। फिर, जोकर, गब्बर इज बैक, खेल खेल में और हाउसफुल 5 में साथ काम किया। उनके साथ आपकी दोस्ती कितनी पक्की हुई? फिल्म के दौरान उनकी गाइडेंस रही?**

बहुत गाइडेंस रहती है। वह बहुत खुश थे कि मैं हाउसफुल 5 फिल्म कर रही हूं। वह मुझे बताते रहते थे कि ये ज्यादा मत कर। चूंकि, माया का करैक्टर थोड़ा सा सीरियस है, तो बाकी किरदारों के तरह मस्तीखोरी नहीं कर सकती। मैं इतने सालों से उनको जानती हूं। हम दोस्त जैसे हैं, मैं कभी भी उनको कॉल कर सकती हूं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण
नई दिल्ली, रविवार, 22 जून, 2025






# चांदी ने इस साल कर दिया कमाल, कीमत बढ़ने के कई कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी को सोने का सस्ता भाई भी कहा जाता है। कारण है कि जो लोग सोना नहीं खरीद सकते, वे चांदी से काम चला लेते हैं। हालांकि बात जब भी रिटर्न की आती है तो हमेशा से सोने को ही तवज्जो दी गई है। लेकिन पिछले कुछ साल से इसमें काफी बदलाव आया है। अब रिटर्न के मामले में चांदी भी सोने को टक्कर देने लगी है। चांदी की कीमत एक लाख रुपये प्रति किलो से काफी आगे निकल गई है। इस साल के शुरुआती 6 महीनों (एक जनवरी से लेकर 20 जून तक) चांदी का रिटर्न करीब 15 फीसदी रहा है। गोल्ड-सिल्वर रेश्यो 107 के उच्च स्तर से घटकर 91.5 रहा। ये गिरावट संकेत है कि चांदी अभी भी सोने के मुकाबले सस्ती है। इसलिए निवेशक चांदी में रुचि दिखा रहे हैं। चांदी के ईटीएफ निवेश में भी तेजी देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर चांदी के कारोबारियों के मुताबिक युवा पीढ़ी में भी चांदी की ज्वेलरी की डिमांड बढ़ी है। खासतौर से जेनरेशन जेड में।

**खत्म हो गया कीमत का अंतर!–** हमारे देश में सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत प्रति एक किलो के हिसाब से तय की जाती है। एक समय दोनों की कीमत में काफी अंतर था। मात्र एक साल में यह अंतर काफी कम हो गया है। एक साल पहले दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 72550 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 92300 रुपये प्रति किलो थी। दोनों की कीमत में 19750 रुपये का अंतर था। कल यानी शुक्रवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 99960 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 105200 रुपये प्रति किलो रही।




### एक साल में कितना रिटर्न?

एक साल में चांदी ने भी जबरदस्त रिटर्न दिया है। पिछले साल 20 जून को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 72550 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 92300 रुपये प्रति किलो थी। ऐसे में सोने का एक साल का रिटर्न करीब 38 फीसदी और चांदी का रिटर्न करीब 14 फीसदी रहा है। हालांकि सोने का एक साल का रिटर्न करीब 38 फीसदी रहा है।

### चांदी की कीमत में क्यों आ रही तेजी?

पिछले कुछ समय से सोने और चांदी की कीमत में रेस लगी हुई है। इस रेस में बाजी चांदी ने ही मारी है।

एक साल पहले जो दोनों की कीमत (सोना 10 ग्राम और चांदी 1 किलो के अनुसार) में अंतर था, वह अब लगभग खत्म हो गया है। चांदी की कीमतों में तेजी आने के कई कारण हैं। पहला, इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ रही है। दूसरा, सप्लाई कम है। तीसरा, अभी का माहौल सुरक्षित निवेश के लिए अच्छा है।

## कर्मचारी को सैलरी में मिले 14 करोड़ रुपये तो उसके उड़े होश, फिर जो हुआ उसने सोचा भी नहीं था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दफ्तर में कभी-कभी ऐसा होता है। किसी व्यक्ति या मशीन की भूल से किसी कर्मचारी को वेतन के मद में बहुत ज्यादा पैसे मिल जाते हैं।

ऐसी स्थिति में कर्मचारी या तो पैसे रख लेता है या उसके बारे में दफ्तर को सूचित करता है। अमेरिका में मिशिगन के वेन काउंटी में ऐसी ही एक अजीब घटना हुई। एक कर्मचारी को गलती से बहुत ज़्यादा पैसे मिल गए। यह गलती पेयरोल विभाग से हुई थी। कर्मचारी ने इसकी सूचना दफ्तर को दी। बाद में जिम्मेदार कर्मचारी की नौकरी चली गई।

**13 करोड़ से भी ज्यादा का वेतन–** यह घटना बीते मई महीने की है। उस महीने में एक कर्मचारी को .1.6 मिलियन का चेक मिला। भारतीय रुपये में ये लगभग 14 करोड़ बैठता है।

## भारत ने मना किया तो पाकिस्तान के सेंधा नमक कारोबारियों को नए बाजार खोजने पड़ रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से व्यापारिक रिश्ते तोड़ दिए हैं। इसके बाद पाकिस्तान के सेंधा नमक कारोबारियों को नए बाजार खोजने पड़ रहे हैं। वे इधर-उधर भागते फिरने को मजबूर हैं। भारत पाकिस्तान से हिमालयन पिंक सॉल्ट नाम के सेंधा नमक का बड़ा खरीदार था। पाकिस्तान अब अमेरिका, चीन और वियतनाम जैसे देशों में निर्यात बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान 2024 में 3,50,000 टन सेंधा नमक का निर्यात कर चुका है। इसकी कीमत लगभग 12 करोड़ डॉलर है। भारत के व्यापार रोकने के बाद पाकिस्तान के सेंधा नमक कारोबार पर असर पड़ा है। पाकिस्तान दुनिया में सेंधा नमक का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है।



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के खेवड़ा में सेंधा नमक की सबसे बड़ी खदान है। यहां 30 प्रोसेसिंग यूनिट भी हैं।

**सेंधा नमक का सबसे बड़ा आयातक रहा है भारत–** पाकिस्तान में सेंधा नमक और उससे जुड़े उत्पादों के निर्यातक गनी इंटरनेशनल के वरिष्ठ निदेशक मंसूर अहमद ने इस बारे में बात की। उन्होंने कहा, भारत पाकिस्तान से सेंधा नमक का सबसे बड़ा आयातक रहा है। प्रतिबंध का मतलब है कि उस देश को कोई निर्यात नहीं हो रहा है। मंसूर का कहना है कि भारतीय आयातक कई सालों से पाकिस्तान से कच्चा सेंधा नमक खरीदते थे। फिर वे इसे प्रोसेस और पैक करके ऊंचे दामों पर भारतीय उत्पाद के रूप में दूसरे देशों को बेचते थे। मंसूर अहमद ने यह भी बताया कि भारत, पाकिस्तान और चीन नमक के सबसे बड़े निर्यातकों में से हैं। लेकिन, हिमालयी सेंधा नमक सिर्फ पाकिस्तान में ही मिलता है। यह भारत या चीन में नहीं पाया जाता।

## भारत की जीडीपी से ज्यादा तेज है योग के कारोबार की रफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने भारत के योग उद्योग को दुनियाभर में पहचान दिलाई है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी बहुत फायदा हुआ है। योग अब सिर्फ एक पुरानी परंपरा नहीं है। यह एक बहुत बड़ा कारोबार बन गया है। अनुमान है कि यह कारोबार कई हजार करोड़ रुपये का है। इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। योग का बाजार पूरी दुनिया में फैला हुआ है। भारत भी इसमें एक बड़ा हिस्सा है। योग की



ट्रेनिंग और इससे जुड़े सामानों की बिक्री से यह बाजार और भी बड़ा हो गया है। सरकार भी योग को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इससे इस उद्योग को और भी मजबूती मिल रही है। दुनियाभर में योग का बाजार बहुत बड़ा है। 2023 तक यह बाजार लगभग 45 अरब से 60 अरब डॉलर का था। रुपये में यह लगभग 3.7 लाख करोड़ से 5 लाख करोड़ रुपये होता है। अनुमान है कि 2030 तक यह बाजार 100 अरब डॉलर से भी ज्यादा का हो जाएगा। यानी लगभग 8.3 लाख करोड़ रुपये। हर साल इसमें 9-10 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

# टेस्ला की भारत में एंट्री जल्द, खुलेगा पहला शोरूम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेस्ला इंक भारत में अपना पहला शोरूम जुलाई में खोलने जा रही है। सूत्रों के अनुसार, एलन मस्क की कंपनी भारत में औपचारिक रूप से कारोबार शुरू करेगी। यूरोप और चीन में बिक्री घटने के बाद टेस्ला अब भारत में ग्रोथ की तलाश में है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल मार्केट है। एलन मस्क की स्पेसएक्स की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक भी जल्द ही भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने वाली है। यह भारत के डिजिटल परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण है। खासकर उन दूरदराज के इलाकों के लिए जहां अभी तक विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं पहुंच पाई है। इसे शुरू करने के लिए स्टारलिंक को हाल ही में मंजूरी मिली है। यह भारत में मस्क की बढ़ती दिलचस्पी को दिखाता है। खास बात यह है कि इन दोनों प्रोजेक्ट्स पर ऐसे समय चीजें आगे बढ़ी हैं जब हाल में मस्क की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से तनातनी बढ़ी है। भारत में इन दोनों प्रोजेक्ट्स के जरिये मस्क ने कारोबारी पिच पर ट्रंप के सामने दूसरा फेंक

### ट्रंप से तनातनी के बाद एलन मस्क का दूसरा



दिया है। क्रिकेट में दूसरा एक खास तरह की गेंद होती है जिसे ऑफ-स्पिन गेंदबाज फेंकते हैं। यह बहुत ही प्रभावी और बल्लेबाज को चौंकाने वाली डिलीवरी मानी जाती है। टेस्ला की पहली गाड़ियां भारत पहुंच चुकी हैं। ये माडल वाय रियर-व्हील ड्राइव एसयूवी हैं। इन्हें टेस्ला के चीन के कारखाने से भेजा गया है। ब्लूमबर्ग न्यूज ने दस्तावेजों के आधार पर यह जानकारी दी है। माडल वाय दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है।

टेस्ला सबसे पहले मुंबई में अपना शोरूम खोलेगी। यह शोरूम जुलाई के मध्य तक खुल सकता है। इसके बाद नई दिल्ली में शोरूम खोला जाएगा। कंपनी ने अमेरिका, चीन और नीदरलैंड से सुपरचार्जर के पार्ट्स, कार एक्सेसरीज और अन्य सामान भी आयात किए हैं।

टेस्ला का भारत में प्रवेश कई सालों से अटका हुआ था। टैरिफ और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग को लेकर मतभेद थे। लेकिन, अब आखिरकार टेस्ला भारत आ रही है। फरवरी में मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इसके बाद टेस्ला ने भारत में गाड़ियां भेजने का फैसला किया। ब्लूमबर्ग न्यूज ने फरवरी में ही बताया था कि टेस्ला मुंबई के पास एक पोर्ट पर कुछ हजार गाड़ियां भेजने वाली है।

## फिर हुई डॉलर की बारिश, विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ी इनकी अहमियत

**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर भारत को फिर अच्छी खबर मिली है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जबकि फॉरेन करेंसी का अपना भंडार बढ़ा है। दरअसल, 13 जून 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 2.29 बिलियन (अरब) की खूब बढ़ोतरी हुई है। इसके पीछे एफसीए और सोने का भंडार बढ़ना रहा। इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार में 5.17 बिलियन की तगड़ी बढ़ोतरी हुई थी।

**कहां तक पहुंच गया विदेशी मुद्रा भंडार–** भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 13 जून 2025 को समाप्त सप्ताह



के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.294 बिलियन की शानदार बढ़ोतरी हुई है। अब यह बढ़ कर 698.950 बिलियन तक पहुंच गया है। इससे एक सप्ताह पहले यानी 06 जून को अपने भंडार में 5.171 बिलियन की शानदार बढ़ोतरी हुई थी। गौरतलब है कि इससे पहले 27 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन पर के रेकार्ड उच्चतम स्तर पर था।

### एफसीए में खूब बढ़ोतरी

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में खूब बढ़ोतरी हुई है। 13 जून 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने एफसीएएस में .1.739 बिलियन की बढ़ोतरी हुई है। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर 589.426 बिलियन का हो गया है।

### अमेरिका में जमी-जमाई नौकरी पर लात मार सिर्फ 1 लाख से शुरू किया ये काम

# अब करोड़ों का ब्रांड, लोग बोले-शाबाश!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुणे की रहने वाली अमिता देशपांडे ने गजब की कामयाबी हासिल की है। उन्होंने सिर्फ 1 लाख रुपये के निवेश से कई करोड़ रुपये का इको-सोशल ब्रांड रीचरखा बनाया है। उनकी कंपनी प्लास्टिक के कचरे से बैग, पर्स और कई अन्य चीजें बनाती है। ये चीजें ग्रामीण कारीगर बनाते हैं। इससे पर्यावरण की रक्षा होती है। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मिलता है। अमिता पहले आईटी इंजीनियर थीं। उन्होंने अमेरिका में जमी-जमाई नौकरी छोड़कर यह कारोबार करने का फैसला लिया। अमिता देशपांडे ने प्लास्टिक को दोबारा इस्तेमाल करने का नया तरीका खोजा। उन्होंने यह काम पर्यावरण और समाज को बेहतर बनाने के लिए किया। आइए, यहां अमिता देशपांडे की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**2013 में नौकरी छोड़ आ गई भारत –** अमिता देशपांडे 2013 में अमेरिका में अपनी अच्छी नौकरी



छोड़कर भारत वापस आ गईं। उनका सपना था कि वह भारत में पर्यावरण और समाज के लिए कुछ करें। 2015 में अमिता ने अपने पति अभिषेक परांजपे के साथ मिलकर द इकोसोशल ट्राइब प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी शुरू की।

### उत्पादों की कीमत ऐसे होती है तय

अमिता देशपांडे के उत्पादों की कीमत 550 रुपये से 3,800 रुपये तक होती है। यह कीमत हर चीज को बनाने में लगने वाले समय, मेहनत और कौशल को दिखाती है। कंपनी धीरे-धीरे बढ़ी है। अब इसका टर्नओवर 2 करोड़ रुपये है। रीचरखा में 61 लोग काम करते हैं। इनमें 55 कारीगर शामिल हैं। ये कारीगर उनके दो कारखानों में काम करते हैं। पहला कारखाना महाराष्ट्र के पास दादरा-हवेली नगर में सिलवासा से लगभग 20 किलोमीटर दूर एक गांव में है। दूसरा कारखाना पुणे से 60 किलोमीटर दूर भोर तालुका में है। दोनों कारखाने मिलकर 2000 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैले हुए हैं। शुरुआत में सिर्फ तीन लोगों ने मिलकर हाथ से काते हुए प्लास्टिक के धागे से चादरें बनाना सीखा। रीचरखा न केवल पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करता है।

## ईरान-इजरायल युद्ध से कच्चे तेल की कीमत में तेजी, खड़े हो सकते हैं 5 बड़े संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान और इजरायल संघर्ष की वजह से पिछले दिनों क्रूड ऑयल के दाम में एक ही दिन में पिछले तीन साल की सबसे बड़ी तेजी आई। दोनों देश एक-दूसरे के ऊपर मिसाइल से हमला कर रहे हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच फिलहाल इस युद्ध के रुकने के कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। तेल की बढ़ती कीमतों ने भारत समेत दुनियाभर के लिए संकट पैदा कर दिया है।



**शिपमेंट में आ गई कमी–** क्रूड ऑयल की ग्लोबल डिमांड का 2 प्रतिशत ईरान से आता है है। यहां के खरग द्वीप से करीब 90 प्रतिशत तेल बाहर भेजा जाता है। सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि क्रूड शिपमेंट में कमी आई है। हालांकि ईरान ने खरग द्वीप टर्मिनल की परिधि को भी खाली कर दिया है। वहीं होर्मुज जलडमरूमध्य चालू है। यहां से वैश्विक तेल शिपमेंट का लगभग 20 प्रतिशत ऑयल बाहर भेजा जाता है।

**सप्लाई पर कब्जा–** इजरायल-अमेरिकी दबाव बढ़ने की सूरत में ईरान तेल सप्लाई रोक सकता है। खाड़ी के दूसरे तेल उत्पादक देश की महत्वपूर्ण साइट्स ईरानी मिसाइलों की पहुंच में हैं। वह उनको भी निशाना बना सकता है।

## 1 साल में 30 प्रतिशत गिरा टाटा ग्रुप का यह चर्चित स्टॉक, एक्सपर्ट दे रहे हैं दांव लगाने की सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले एक साल से स्टॉक मार्केट में संघर्ष कर रहे स्टॉक टाटा मोटर्स के प्रदर्शन को लेकर ब्रोकरेज हाउस ने बड़ी भविष्यवाणी की है। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि कंपनी के शेयरों में 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी प्राप्त करने की क्षमता है। बता दें, शुक्रवार को मार्केट की तेजी में टाटा मोटर्स के शेयरों में भी बढ़त देखने को मिली। बीएसई में यह स्टॉक 0.58 प्रतिशत की उछाल के बाद 676.10 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।




**ब्रोकरेज हाउस ने क्या कुछ कहा है अपनी रिपोर्ट में–** बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार टाटा मोटर्स लिमिटेड के शेयरों को बीएनपी पारिबा सिक्योरिटीज ने आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस की तरफ से इस टाटा ग्रुप के स्टॉक का टारगेट प्राइस 830 रुपये प्रति शेयर सेट किया गया है। ब्रोकरेज हाउस ने अपनी रिपोर्ट में टाटा मोटर्स के स्ट्रेटजिक डेवलपमेंट पर फोकस किया है।

# अमेजन पर शुरू हो रहे वर्ल्ड म्यूज़िक डे के शानदार ऑफर्स का लाभ उठाइए

● बोट, जेबीएल और नॉइस जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स पर पाएं 75 प्रतिशत तक की छूट ● कीबोर्ड, गिटार सहित कई म्यूज़िकल इंस्ट्रूमेंट्स पर शानदार डील्स

● एसबीआई क्रेडिट कार्ड ईएमआई ट्रांजैक्शन पर पाएं 10 प्रतिशत तक की तत्काल छूट, अधिकतम बचत 1,250 रुपये

**बेंगलुरु, एजेंसी।** इस वर्ल्ड म्यूज़िक डे पर अमेजन डाट इन पर कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर बेहतरीन डील्स के साथ अपने सुनने के अनुभव को अपग्रेड करें। ग्राहक हेडफोन्स, स्पीकर्स, साउंडबार्स और म्यूज़िकल इंस्ट्रूमेंट्स सहित कई प्रोडक्ट्स पर 75 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। ये ऑफर्स बोट, जेबीएल और नॉइस जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, ग्राहक एसबीआई क्रेडिट कार्ड ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10 प्रतिशत तक की तत्काल छूट भी प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें अधिकतम बचत 1,250 रुपये तक हो सकती है (नियम और शर्तें लागू)। इन शानदार डील्स का पूरा लाभ उठाइए और 21 जून 2025 से अमेजन डाट इन पर जरूर जाएं।

**बेहतरीन दामों पर टॉप हेडफोन और टीडब्ल्यूएस पिक्स** –बोट एयर ड्रॉप्स प्लस 311: 50 घंटे तक प्लेबैक और बोट के सिग्नेचर साउंड के साथ ग्लास डिज़ाइन में उपलब्ध, यह ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसे अमेजन डाट इन पर केवल 799 रुपये में पाएं।

**सोनी डब्ल्यूएच** -1000एक्सएम4 नॉइस कैंसलेशन वायरलेस ब्लूटूथ ओवर-ईयर हेडफोन: हर शब्द, सुर और धुन को शानदार स्पष्टता के साथ सुनें। इसमें हाई-रेज ऑडियो और 38 घंटे तक की प्लेबैक क्षमता है। इसे अमेजन डाट इन पर 20,990 रुपये में प्राप्त करें।

जेबीएल न्यू लॉन्च ट्यून बीम 2 टीडब्ल्यूएस हेडफोन: जेबीएल ट्यून बीम 2 हेडफोन के साथ पाएं बेहतरीन साउंड क्वालिटी। इसमें स्पैशियल साउंड, 48 घंटे तक का प्लेबैक, ट्रू नॉइस कैंसलेशन जैसे फीचर्स शामिल हैं। इसे अमेजन डाट इन पर 5,499 रुपये में पाएं। न ॉ इ स बड्स एन 1 प्रो इन-ईयर ईयरबड्स: 'ट्यून इन, स्टैंड आउट' ङ्क ये ईयरबड्स 30 डेसिबल तक एक्टिव नॉइस कैंसलेशन और 60 घंटे तक की बैटरी लाइफ के साथ आते हैं। इसे अमेजन डाट इन पर 1,499 रुपये में खरीदें।

बोस क्वाइट कम्फर्ट अल्ट्रा ब्लूटूथ हेडफोन: बोस क्वाइट कम्फर्ट अल्ट्रा हेडफोन के साथ अपने सुनने के अनुभव को नए स्तर पर ले जाएं। इसमें क्वाइट मोड, अवेयर मोड और 24 घंटे की बैटरी लाइफ मिलती है। इसे अमेजन डाट इन पर 28,699 रुपये में पाएं।

## पेरिस डायमंड लीग में

# नीरज चोपड़ा का साल का पहला खिताब

## 88.16 मीटर थ्रो किया, 6 में से 3 थ्रो फाउल रहे



**पेरिस (एजेंसी)।** दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने पहले ही राउंड में 88.16 मीटर का थ्रो फेंककर जीत सुनिश्चित कर ली। वहीं, इससे पहले उन्होंने 90.23 मीटर थ्रो किया था और दूसरे स्थान पर थे।झ्र वहीं पेरिस डायमंड लीग में जर्मनी के जूलियन वेबर 87.88 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ दूसरे नंबर पर रहे। ब्राजील के मौरिसियो लुइज डा सिल्वा ने 86.62 मीटर के थ्रो के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### नीरज के छह में से तीन थ्रो फाउल

नीरज चोपड़ा ने अपना पहला थ्रो 88.16 मीटर का किया था। वहीं उनके तीन थ्रो फाउल रहे। पहले राउंड में वेबर (87.88 मीटर) और त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट (80.94 मीटर) का नंबर था। दूसरा राउंड- वेबर ने 86.20 मीटर का थ्रो फेंका, जबकि नीरज ने 85.10 मीटर का थ्रो दर्ज किया और वालकॉट ने 81.66 मीटर के साथ सुधार किया। इसके बाद नीरज लगातार तीन बार फाउल कर बैठे। छठे और आखिरी प्रयास में वह 82.89 मीटर ही दूर फेंक पाए। इसके बाद भी नीरज ने पेरिस डायमंड लीग के भाला फेंक इवेंट को अपने नाम करने में सफलता हासिल की। वहीं, तीसरे राउंड में डा सिल्वा ने 86.62 मीटर का थ्रो फेंककर अपनी मौजूदगी दर्ज की। वेबर ने चौथे राउंड में 83.13 मीटर और पांचवें राउंड में 84.50 मीटर के थ्रो के साथ जोरदार कोशिश की, लेकिन वह 88 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके।

- **5 जुलाई को बेंगलुरु में क्लासिक थ्रो में भाग लेंगे** – दो बार के ओलिंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अब 5 जुलाई को होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे। यह आयोजन मूल रूप से 24 मई को होने वाला था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा तनाव के कारण इसे 5 जुलाई के लिए स्थगित कर दिया गया।
- **इस जीत से मेडल नहीं मिलता** – डायमंड लीग में जीत हासिल करने पर कोई मेडल नहीं मिलता है। हर स्थान पर रहने वाले एथलीट को पॉइंट मिलते हैं। इसी पॉइंट के आधार पर साल के अंतिम डायमंड लीग में जगह मिलती है। वहां फाइनल होता है। नीरज के अभी तक 15 पॉइंट हैं और जूलियन वेबर के साथ वह संयुक्त रूप से पहले नंबर पर चल रहे हैं। इस जीत का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि नीरज ने पिछले साल ओलिंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया था। ओलिंपिक में उन्होंने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता था।

### क्या है डायमंड लीग?

डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है।

डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है।

आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है।

हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पॉइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पॉइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पॉइंट्स काउंट होते हैं।

टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्रॉफी और कैश प्राइज मिलता है।




### नीरज के अचीवमेंट्स

**ओलिंपिक गेम्स**
गोल्ड – टोक्यो 2020
सिल्वर – पेरिस 2024

**वर्ल्ड चैंपियनशिप**
गोल्ड – टोक्यो 2020
सिल्वर – यूजीन 2022

**डायमंड लीग**
गोल्ड – 2022
सिल्वर – 2023 | 2024

**एशियन गेम्स**
गोल्ड – हांगझोऊ 2022
गोल्ड – जकार्ता 2018

**कॉमनवेल्थ**
गोल्ड – गोल्ड कोस्ट 2018

# हेडिंग्ले टेस्ट- 471 रन पर भारत की पहली सिमटी

**● ऋषभ पंत ने सिक्स लगाकर जड़ा शतक ● गिल 147, पंत 134 और जायसवाल 101 रन बनाकर आउट, स्टोक्स-टंग ने 4-4 विकेट लिए**



**लीड्स (एजेंसी)।** तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का पहला टेस्ट हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। शनिवार को मैच का दूसरा दिन है और पहला सेशन जारी था। टीम इंडिया ने पहली पारी में 471 रन आल आउट हो गई थी। कप्तान शुभमन गिल 147 रन बनाकर आउट हो गए थे। दोनों के बीच 200 रन से ज्यादा की पार्टनरशिप हो चुकी थी। पंत ने शोएब बसीर के ओवर में दो छक्के लगाकर शतक पूरा किया। भारतीय टीम ने 359/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। पहले दिन यशस्वी जायसवाल (101 रन) और केएल राहुल (41 रन) बनाकर आउट हुए। डेब्यूटेंट साई सुदर्शन शून्य रन बनाकर पवेलियन लौटे। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने 2 विकेट लिए। ब्रायडन कार्स को एक विकेट मिला।

**पंत ने छक्के से धोनी के बड़ा रिकॉर्ड टूटा** – आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत का बल्ला पूरी तरह शांत था। आखिरी मैच में उन्होंने शतक लगाया लेकिन उससे पहले जूझ रहे थे। अब इंग्लैंड में पहुंचते ही पंत ने शतक ठोक दिया है। लीड्स टेस्ट के दूसरे दिन पंत ने 146 गेंद पर शतक पूरा किया। 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से वह शतक तक पहुंचे। 44वां टेस्ट खेल रहे पंत का यह 7वां शतक है। इंग्लैंड की धरती पर वह तीसरी बार टेस्ट में शतक तक पहुंचे हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने भारत के लिए 90 टेस्ट मैच खेले थे। इस दौरान उनके बल्ले से 6 शतक निकले थे। इसमें एक शतक भी एशिया से बाहर नहीं आया था। अब पंत ने टेस्ट में 7 शतक पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही पंत टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज भी बन गए हैं।

### 93 साल में पहली बार हुआ ऐसा; गिल-यशस्वी खास क्लब में शामिल

भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में खेले जा रहे टेस्ट के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। यह इंग्लैंड में पहले दिन भारत द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। भारत ने इंग्लैंड में जून 1932 में पहला टेस्ट खेला था। तब से लेकर गुरुवार तक इंग्लैंड में किसी टेस्ट के पहले दिन भारत का सर्वश्रेष्ठ टोटल सात विकेट पर 338 रन का था, जो टीम इंडिया ने 2022 में एजबेस्टन टेस्ट के पहले दिन बनाए थे। 93 साल में पहली बार भारत ने इंग्लैंड में किसी टेस्ट के पहले दिन 350 रन का आंकड़ा पार किया। वहीं, ऋषभ पंत ने टेस्ट में 3000 रन भी पूरे कर लिए, लेकिन एडम गिलक्रिस्ट का एक रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। वहीं, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल दोनों ने शतक लगाया और खुद को एक खास क्लब में शामिल कर लिया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत-** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), करुण नायर, रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

**इंग्लैंड** -बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पॉप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

# सचिन ने पूछा- 2002 हेडिंग्ले टेस्ट की तरह कौन होगा तीसरा शतकवीर? दादा बोले- इस बार चार शतक लगेंगे




**लीड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ। यश, गिल और पंत ने शानदार शतक लगाए। भारत की बल्लेबाजी देखकर महान सचिन तेंदुलकर भी बेहद खुश हुए। उन्होंने इस युवा और नए टीम इंडिया की तारीफ की है। सचिन ने कहा कि उन्हें भारत की बल्लेबाजी देखकर 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई। साथ ही उन्होंने सवाल भी पूछा कि उस टेस्ट की तरह मौजूदा मुकाबले में भारत का तीसरा शतकवीर कौन होगा? इस पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का भी मजेदार जवाब आया और उन्होंने कहा कि इस बार तीन नहीं चार शतक लगेंगे।

**सचिन और गांगुली के बीच बातचीत** – दरअसल, भारत की बल्लेबाजी देखकर सचिन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, केएल राहुल और यशस्वी जायसवार द्वारा रखी गई ठोस नींव ने भारत को पहले दिन अच्छा स्कोर बनाने में सक्षम बनाया। यशस्वी और शुभमन गिल को उनके शानदार शतकों के लिए बधाई। ऋषभ पंत का योगदान टीम के लिए उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत की बल्लेबाजी ने मुझे 2002 में हेडिंग्ले टेस्ट की याद दिला दी, जब राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और मैंने पहली पारी में शतक बनाए थे और हम टेस्ट जीत गए थे। यशस्वी और शुभमन ने अपना काम कर दिया है। इस बार तीसरा शतक कौन लगाएगा? इस पर गांगुली ने जवाब दिया और लिखा, हाय चैंप! इस बार तीन नहीं चार शतक हो सकते हैं। सतह बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। अब पंत और शायद करुण शतक लगा सकते हैं। 2002 में पहले दिन की सतह इससे थोड़ी अलग थी। इस कमेंट पर सचिन ने फिर जवाब दिया और फिंगर्स क्रॉस्ड का इमोजी बनाया।

**युवराज सिंह ने भी गिल की तारीफ की** – वहीं, भारत के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी गिल की तारीफ की। युवी ने लिखा, कुछ चीजें आपके सितारों में साफ लिखी होती हैं। टेस्ट कप्तान के तौर पर पहले शतक और वह भी विदेशी धरती पर...इसके लिए शुभमन गिल को बधाई। आप साफ तौर पर समझते हैं कि यह कितनी बड़ी जिम्मेदारी है और आपने अपने बल्ले से ही सारी बातें कह दीं।



# भारतीय महिला पहलवानों का कमाल

### अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में टीम खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम) (एजेंसी)।** भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे।

# सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रिबाकिना को हराया

### ज्वेरेव हाले ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



**बर्लिन (एजेंसी)।** एरिना सबालेंका ने बर्लिन ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और चार मैच प्वाइंट बचाकर एलिना रिबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।

**अस्वस्थ होने के बावजूद जीते ज्वेरेव** – हाले टेनिस टूर्नामेंट में अस्वस्थ होने के बावजूद ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को 6-4, 7-6 से हराने में सफल रहे। ज्वेरेव ने पांचवीं बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। ज्वेरेव पांचवें ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में पांच या अधिक बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। उनसे पहले रोजर फेडरर, येवगेनी काफेलनिकोव, फिलिप कोहलश्राइबर और टॉमी हास ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

ज्वेरेव का सामना अपने सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वियों में से एक डेनिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने एलेक्स मिशेलसन को 6-4, 6-3 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल अलेक्जेंडर बुब्लिक और करेन खाचानोव के बीच खेला जाएगा। बुब्लिक ने टॉमस माचैक को 7-6, 6-3 से, जबकि खाचानोव ने टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 6-3, 6-2 से हराया था।

# किंग की राह पर प्रिंस, कप्तानी डेब्यू पर शतक से इंग्लैंड में रिकॉर्ड तक

**लीड्स (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने शतक जड़ मेजबान टीम को चौंका दिया। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने काफी उम्मीदों के साथ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, लेकिन गिल और यशस्वी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यशस्वी 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कप्तान गिल 147 रन बनाकर आउट हो गए। उनके साथ उपकप्तान ऋषभ पंत ने भी शानदार शतक बनाया। गिल और यशस्वी ने इस टेस्ट में काफी प्रभावित किया। 92 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी निभाई। यशस्वी जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो गिल ने प्लेमेकर की भूमिका निभाई और संभल कर शॉट्स खेले। जैसे ही यशस्वी आउट हुए तो गिल ने शॉट्स लगाने शुरू किए और टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। 'प्रिंस' के नाम से मशहूर गिल अब 'किंग' विराट कोहली के नक्शेकदम पर चल चुके हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि दोनों के स्टैट में समानता से पता चलता है।

**1. कप्तानी से पहले दोनों का औसत 40 से नीचे था** – इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट बतौर कप्तान गिल का पहला टेस्ट है। बतौर कप्तान अपनी डेब्यू पारी में ही गिल ने शतक जड़ दिया। गिल का टेस्ट में औसत 37.41 का है और इस टेस्ट से पहले उनका औसत 35.06 का था। ठीक उसी तरह जैसे कोहली का बतौर कप्तान डेब्यू से पहले औसत 40 से नीचे थे। कोहली का टेस्ट में बतौर कप्तान पहला मैच ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2014 में आया था। भारत ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एडिलेड में पहला मैच ही कोहली की कप्तानी में खेला था। इस टेस्ट की पहली पारी में कोहली ने 115 रन बनाए थे। इस मैच से पहले कोहली का टेस्ट में औसत 39.47 का था। इसके बाद कोहली ने टेस्ट में कई रिकॉर्ड्स बनाए। गिल से भी यही उम्मीद की जा रही है।

**2. कप्तानी डेब्यू पर शतक** – गिल ने बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच की पहली पारी में शतक जड़ दिया। किंग कोहली ने भी 2014 में ऐसा किया था। उन्होंने तब पहली पारी में 115 रन बनाने के अलावा दूसरी पारी में भी 141 रन बनाए थे। अब यह देखने वाली बात होगी कि अगर भारत को दूसरी पारी में खेलने का मौका मिलता है तो गिल कैसा प्रदर्शन करते हैं। एक चीज जो और देखने वाली रही, बतौर कप्तान डेब्यू पर शतक के वक्त दोनों के हाथ में एमआरएफ का ही बल्ला रहा।




**3. बल्लेबाजी क्रम बदलता रहा** – गिल ने टेस्ट करियर की शुरुआत ओपनर के तौर पर की थी। फिर पुजारा के हटने और यशस्वी के आने के बाद उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ी। अब वह भारत के नए नंबर चार हैं। ठीक इसी तरह कोहली के बल्लेबाजी क्रम में भी काफी बदलाव हुए थे। कोहली ने 2011 में टेस्ट डेब्यू छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए किया था। फिर उन्हें 2012 में पांचवें नंबर पर भेजा जाने लगा। 2012 के जनवरी में राहुल द्रविड़ के संन्यास के बाद तीसरा स्थान खाली हुआ तो बीच-बीच में उन्हें नंबर तीन पर भी बल्लेबाजी करनी पड़ी। हालांकि, 2013 में सचिन के संन्यास के बाद कोहली को पूरी तरह नंबर चार दे दिया गया। अब कोहली के संन्यास पर शुभमन को यह स्थान दिया गया है। सचिन से कोहली और कोहली से गिल तक यह परंपरा चली आ रही है।

**4. नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में ही शतक** – गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज तक तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। हालांकि, कोहली के संन्यास के बाद टीम मैनेजमेंट को उन्हें चौथे नंबर पर भेजने का कॉल लेना पड़ा और यह सही साबित हुआ। गिल ने नंबर चार पर अपनी पहली ही पारी में शतक जड़ दिया। कोहली ने भी 2013 में ऐसा ही किया था। 2013 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले कोहली ने कभी नंबर चार पर बल्लेबाजी नहीं की थी। वांडरर्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नंबर चार पर डेब्यू करते हुए कोहली ने अपनी पहली ही पारी में 119 रन बनाए थे।

**5. बतौर खिलाड़ी फेल, लेकिन कप्तान बनते ही बदला अंदाज** – गिल का इससे पहले न सिर्फ इंग्लैंड में बल्कि किसी सेना देश में अच्छा रिकॉर्ड नहीं था। इंग्लैंड में इस टेस्ट से पहले केवल बतौर बल्लेबाज खेलते हुए छह पारियों में उन्होंने केवल 88 रन बनाए थे। हालांकि, कप्तान बनते ही गिल का अंदाज बदल गया और उन्होंने इंग्लैंड में अपनी पहली ही पारी में शतक जड़ दिया। यह ठीक उसी तरह है जैसे किंग कोहली ने बतौर कप्तान बनते ही इंग्लैंड में धमाल मचाया था। 2014 में जुलाई में जब टीम इंडिया ने इंग्लैंड का दौरा किया था तो कोहली बतौर बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए थे। यह सीरीज उनके लिए डरावने सपने की तरह थी। वह तब 10 पारियों में 134 रन बना पाए थे। हालांकि, इसके बाद जब टीम इंडिया ने 2018 में कोहली के कप्तान रहते हुए इंग्लैंड का दौरा किया तो किंग के तेवर बदले हुए थे। यह बतौर कप्तान कोहली का पहला इंग्लैंड दौरा था और वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इस सीरीज में कोहली ने 10 पारियों में 593 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, कोहली ने बतौर कप्तान इंग्लैंड में अपनी पहली ही पारी में 149 रन (बर्मिंघम टेस्ट, 2018) बनाए थे। प्रिंस गिल से भी यही उम्मीद की जा रही है।

**6. कप्तान के रूप में अपने पहले ही मैच में पूरे किए 2000 टेस्ट रन** – गिल ने शुक्रवार को 127 रन की नाबाद पारी के दौरान टेस्ट में 2000 रन भी पूरे कर लिए। उन्हें ऐसा करने के लिए 107 रन की जरूरत थी। प्रिंस गिल की तरह साल 2014 में कोहली ने भी बतौर कप्तान अपना पहला मैच खेलते ही टेस्ट में 2000 रन पूरे किए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014 में एडिलेड टेस्ट से पहले कोहली के 1855 रन थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में 115 रन और दूसरी पारी में 141 रन बनाए। दूसरी पारी में 30 रन बनाते ही कोहली ने टेस्ट में 2000 रन पूरे कर लिए थे। इसे अब संयोग कहें या कुछ और, लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रिंस किंग की राह पर चलने को तैयार हैं। इतना ही नहीं, भारत को एक नया सितारा भी मिल गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अविवाहित मां ने प्रसव के तुरंत बाद मार डाला; गिरफ्तार

**पतनमथिट्टा, एजेंसी।** केरल के पतनमथिट्टा में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने एक 21 वर्षीय अविवाहित महिला को घर पर प्रसव के तुरंत बाद बच्ची की हत्या कर देने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस ने महिला की जानकारी उजागर किए बिना बताया कि उसे अस्पताल से गिरफ्तार किया गया है, जहां पर खून ज्यादा बह जाने की वजह से उसका इलाज किया जा रहा था। महिला की गर्भावस्था उसके प्रेम संबंध का परिणाम थी, उसके परिवार को इस बात की जानकारी नहीं थी कि वह गर्भवती थी। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, 17 जून की सुबह इलाथुमथिट्टा पुलिस थाना क्षेत्र के मेझुवेली गांव में अपने घर के शौचालय में उसने बच्ची को जन्म दिया। जन्म के बाद उसने बच्ची की कथित तौर पर हत्या कर दी और शव को अपने घर के पीछे सुनसान इलाके में फेंक दिया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में शिशु का शव घास के एक गट्ठर में लिपटा हुआ मिला। पोस्टमॉर्टम जांच में पुष्टि हुई कि बच्ची की मौत सिर पर चोट लगने से हुई। शुरुआत में पूछताछ के दौरान महिला ने अपने गुनाह से साफ इनकार किया और कहा कि वह बाथरूम में गिर गई थी इस वजह से उसके सिर में चोट लग गई थी। हालांकि बाद में पूछताछ और खोजबीन के बाद पुलिस को पता चला कि बच्ची की हत्या जानबूझकर की गई थी। पुलिस अब इस घटना में महिला के प्रेमी की भूमिका की जांच कर रही है। शुरुआती जांच के बाद महिला को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक अभी इस घटना की जांच जारी है।

### ऐसी रणनीति बनाए जिससे बीजेपी और उसके सहयोगियों को फायदा ना पहुंचेः उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को अपनी पार्टी के जिला इकाई अध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान, इस साल महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों पर चर्चा हुई। इन चुनावों में 29 नगर निगमों, 32 जिला परिषदों, 336 पंचायत समितियों और 248 नगर परिषदों के लिए मतदान होगा, जिनके लिए वार्ड परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उद्धव ने जिला अध्यक्षों से जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनावी तैयारियों को तेज करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा से डरने की बजाय ऐसी रणनीति बनाने को कहा जिससे बीजेपी और उसके सहयोगियों को फायदा ना पहुंचे। शिवसेना (यूबीटी) के सीनियर नेता अनिल परब ने बताया कि उद्धव ठाकरे ने जिला अध्यक्षों को मतदाता सूची संशोधन और वार्ड परिसीमन प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए कहा। बैठक में जिला संपर्क प्रमुखों और राज्यभर के अन्य पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। पूर्व लोकसभा सांसद विनायक राउत ने कहा कि कार्यकर्ताओं का मानना है कि स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़े जाने चाहिए, लेकिन इस पर अंतिम फैसला उद्धव ठाकरे लेंगे।

### एनकाउंटर में मारे जाने का डर, 12 नक्सलियों का सरेंडर, 26 लाख के इनामी माओवादी भी शामिल

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य तेलंगाना के कोठागुडेम में 26 लाख के इनामी समेत 12 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वालों में चार महिला नक्सली भी शामिल हैं। ये नक्सली छत्तीसगढ़ की कई घटनाओं में शामिल रहे हैं।आत्मसमर्पित नक्सलियों में 2 डीवीसीएम, 4 एसीएम, 2 पार्टी सदस्य, 2 मिलिशिया सदस्य, 2 आरपीसी सदस्य हैं। सभी नक्सलियों ने तेलंगाना के कोठागुडेम पुलिस मुख्यालय में एसपी रोहित राज के सामने सरेंडर किया है। तेलंगाना में इस साल अब तक 294 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। तेलंगाना से लगे छत्तीसगढ़ के बस्तर में लगातार एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है, जिससे घबराकर माओवादी सरेंडर कर रहे हैं या फिर मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। इधर शुक्रवार को कांकेर जिले के छोटेबेठिया इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। डीआरजी और बीएसएफ जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

# केरल के स्कूलों में पढ़ाए जाएंगे राज्यपाल के अधिकार- राज्य सरकार कर रही है तैयारी





**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में प्रदेश सरकार और राज्यपाल के बीच खींचतान जारी है। इस बीच यहां के शिक्षा मंत्री ने एक बड़ा ऐलान किया है। केरल के शिक्षा मंत्री वी सिवनकुट्टी ने कहाकि कहा वह बहुत जल्द ही स्कूल के पाठ्यक्रम में एक नया अध्याय जोड़ने वाले हैं। इसमें राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों और कर्तव्यों के बारे में बताया जाएगा। यह घोषणा उस घटना के बाद आई है, जिसमें शिक्षामंत्री राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम से निकल आए थे। यह कार्यक्रम प्रदेश की राजधानी तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया था। शिक्षामंत्री वी सिवनकुट्टी ने डायस पर आरएसएस से जुड़ी भारत माता के पोर्टेट का विरोध किया था।

किस क्लास में होगा लागू

मीडिया से बात करते हुए सिवनकुट्टी ने कहाकि भारत में राज्यपालों के संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों की व्याख्या करने वाला पाठ इस साल कक्षा 10 के छात्रों के लिए सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तकों के दूसरे खंड में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अध्याय कक्षा 11 और 12 के छात्रों के पाठ्यक्रम में संशोधन के हिस्से के रूप में पाठ्यपुस्तकों में जोड़ा जाएगा। मंत्री ने आगे कहाकि स्कूल लोकतंत्र के मूल्यों को सीखने के लिए आदर्श जगह हैं। स्कूल का पाठ्यक्रम संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखते हुए संशोधित किया जा रहा है। आज देश में, निर्वाचित राज्य सरकारों को अस्थिर करने के प्रयास बढ़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में यह स्पष्ट किया है कि राज्यपालों के संविधानिक अधिकार क्या हैं। मंत्री सिवनकुट्टी का इशारा 8 अप्रैल को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की ओर था। इस फैसले ने राज्य के बिल पर फैसले या उन्हें राष्ट्रपति के पास भेजने को लेकर राज्यपालों के लिए एक समय-सीमा निर्धारित की थी। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिए भी मंजूरी देने की एक समय सीमा निधारित की। राष्ट्रपति ने इस निर्णय पर प्रेसिडेंशियल रेफरेंस मांगा है। शीर्ष अदालत का यह फैसला तमिलनाडु के मामले में आया है। इसमें तमिलनाडु सरकार ने राज्यपाल आरएन रवि के व्यवहार का हवाला दिया था। कई अन्य प्रदेशों में, जहां भाजपा का शासन नहीं है सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव देखने को मिला है। गौरतलब है कि संविधान के तहत राज्यपाल की शक्तियां सीमित हैं।

जब मंत्री सिवनकुट्टी से पूछा गया कि क्या इस निर्णय का संबंध राजभवन के भारत माता चित्र के उपयोग के विवाद से है? इसके जवाब में उन्होंने कहाकि मुझे दृढ़ विश्वास है कि छात्रों को राज्यपालों के कर्तव्यों के बारे में सीखना और समझना चाहिए। इसलिए हमने इस अध्याय को शामिल करने का निर्णय लिया है। यह संविधान का एक हिस्सा है। यह सही है कि गवर्नर बहुत हस्तक्षेप कर रहे हैं। छात्रों को सही चीजें सिखाई जानी चाहिए।

## युवक ने लिव-इन पार्टनर को मार बेड के अंदर छुपाई लाश, फिर खुद भी फंदे से लटका

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के रेवाड़ी जिले में एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या कर उसका शव बेड में छिपा दिया। फिर उसी बेड के ऊपर पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पिता गुरुवार को जब बेटे का सामान लेने के लिए उसके कमरे में पहुंचा तो इस मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने महिला के ससुर को हिरासत में लिया है।

पुलिस के मुताबिक, पलवल के नांगल ब्राह्मण निवासी युवक योगेश धारूहेड़ा की आशियाना सोसाइटी के अस्पताल में ओटी सहायक के तौर पर काम कर रहा था। उसने 2017 में उत्तर प्रदेश की एक युवती से लव मैरिज की थी। उसके उसके दो बच्चे भी थे। अनबन के बाद पत्नी उसे छोड़कर बच्चों समेत मायके चली गई थी। इसके बाद योगेश रेवाड़ी आ गया। वहां उसकी जान-पहचान करनाल की एक महिला से हुई। दोनों के बीच प्रेम संबंध बने और वे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे।

इसी साल मार्च में होली के दिन योगेश धारूहेड़ा के सेक्टर-छह स्थित एक किराये के कमरे में शिफ्ट हुआ। महिला भी अपने तीन बच्चों के साथ उसके साथ रहने लगी। गर्मियों की छुट्टियां शुरू होने पर महिला ने बच्चों को बहन के पास छोड़ दिया। घर में योगेश और उसकी लिव-इन पार्टनर ही रह रहे थे।

2 जून से योगेश की बाइक घर के बाहर खड़ी थी। 6 जून को इलाके में तेज बदबू आने लगी। इसकी सूचना पड़ोसियों ने पुलिस को दी। पुलिस जब योगेश के कमरे पर पहुंची, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा तोड़ने पर योगेश पंखे से लटका मिला और उसके पैरों के नीचे बेड था। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। चौंकाने वाली बात यह रही कि पुलिस ने मौके से शव तो हटा दिया, लेकिन बेड के अंदर पड़े महिला के शव को नहीं देख पाई। बिना जांच किए कमरा मकान मालिक को सौंपकर चली गई। पुलिस ने योगेश के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## गुरुग्राम में 7 विदेशी नागरिकों समेत 8 ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार, 1 करोड़ का माल भी बरामद

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस को उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली जब उसने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में 7 विदेशी नागरिकों समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही उनके पास से लगभग 1 करोड़ रुपए मूल्य के ड्रग्स भी जब्त किए। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इस कार्रवाई को गुरुग्राम पुलिस की क्राइम यूनिट की एक टीम ने 16 जून को अंजाम दिया। इस दौरान उसने सेक्टर 39 से एक ड्रग्स स्मगलर को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान नेपाल के नागरिक बिमल पहाड़ी के रूप में हुई। पुलिस को उससे पास से 1.6 किलोग्राम सुल्फा और 116 ग्राम कोकीन भी बरामद हुई।

इस मामले में आरोपी के खिलाफ सदर थाने में एफआईआर दर्ज की गई और शहर की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान बिमल ने उसे ड्रग्स मुहैया कराने वाले अपने सात विदेशी साथियों के नाम बताए, इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि बिमल ने जिन सात सहयोगियों के नाम बताए उनमें से छह नाइजीरियाई नागरिक हैं और एक मिजोरम का रहने वाला शख्स है। इन सातों लोगों को बुधवार की रात और गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से 1.60 किलोग्राम सुल्फा और 3 किलोग्राम से ज्यादा मात्रा में कोकीन बरामद हुई है। जब्त किए गए नशीले पदार्थों की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 1 करोड़ रुपए है। इसके अलावा आरोपियों के पास से 7500 रुपए नकद, 42 मोबाइल फोन, नाइजीरियाई पासपोर्ट, तीन इलेक्ट्रॉनिक तराजू और अन्य सबूत भी बरामद हुए हैं।

## कंचनजंगा की चोटी पर चढ़ाई रोकने की मांग

**कंचनजंगा, एजेंसी।** सिक्किम के बहुसंख्यक भूटिया लेप्चा समुदाय ने दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी पर्वत चोटी कंचनजंगा पर नेपाल की ओर से चढ़ाई पर पाबंदी लगाने की मांग उठाई है.इस पर्वतीय राज्य के लोग कंचनजंगा पर्वत को बेहद पवित्र मानते हैं.राज्य के लोगों की आध्यात्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सिक्किम सरकार ने वर्ष 2001 में ही इस पर चढ़ने पर रोक लगा दी थी.लेकिन नेपाल की ओर से कंचनजंगा अभियान भी जारी है.अब सिक्किम भूटिया लेप्चा अपेक्स कमिटी ने नेपाल सरकार और नेपाल माउंटेनियरिंग एसोसिएशन को पत्र भेज कर इसे तुरंत बंद करने की अपील की है. भूटिया लेप्चा समुदाय की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखते हुए पहले कोई भी पर्वतारोही इसकी चोटी पर पैर नही रखता था.लेकिन बीते महीने सेना के एक अभियान के तहत इस पर तिरंगा फहराने और एक पाकिस्तानी पर्वतारोही के शिखर पर पहुंचने की खबरों से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है.हिमालय में बर्फबारी 23 साल के निचले स्तर पर, दो अरब लोगों पर खतराइससे पहले मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने भी केंद्र को पत्र लिख कर नेपाल सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाने की मांग कर चुके हैं.उन्होंने अपने पत्र में लिखा था कि दुनिया की यह तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए बेहद पवित्र और पूजनीय है.इसका धार्मिक और



आध्यात्मिक महत्व है.लेकिन अब यह मांग तेज क्यों हो रही है? अब यह मांग लगातार जोर पकड़ रही है. सिक्किम भूटिया लेप्चा अपेक्स कमिटी ने नेपाल के पर्यटन मंत्री बदरी प्रसाद पांडे और नेपाल माउंटेनियरिंग एसोसिएशन (एनएमए) को लिखे पत्र में इस पर्वतीय चोटी पर चढ़ाई को तत्काल बंद करने की अपील की है.कमिटी के संयोजक शेतेन टी.भूटिया डीडब्ल्यू से कहते हैं, हम लंबे समय से यह मांग उठा रहे हैं.लेकिन हाल की घटनाओं ने हमारी चिंता बढ़ा दी है. सांस्कृतिक भावनाओं से गहरे जुड़ा है,भूटिया बताते हैं, बीते महीने भारतीय सेना की टीम और उसके बाद एक पाकिस्तानी पर्वतारोही के शिखर पर चढ़ने की खबरों के बाद भूटिया लेप्चा समुदाय में भारी नाराजगी है.यह हमारी धार्मिक भावनाओं का अपमान है.इसलिए हमने इस पर तत्काल पाबंदी लगाने की मांग उठाई है.2001 में ही लगा कंचनजंगा की चढ़ाई पर पाबंदीइन खबरों के बाद कमिटी की ओर से कंचनजंगा के शुद्धिकरण के लिए हाल में काबी लुंगचोक में दो-दिवसीय धार्मिक समारोह भी आयोजित किया गया था.कमिटी के सदस्यों ने राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर से भी मुलाकात कर सिक्किम की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की रक्षा के लिए हस्तक्षेप की अपील की है.यहां इस बात का जिक्र प्रासंगिक है कि सिक्किम सरकार ने वर्ष 2001 में ही पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के तहत कंचनजंगा की चढ़ाई पर पाबंदी लगा दी थी. उससे पहले सिक्किम की ओर से अब तक महज तीन बार ही इस पर चढ़ाई की गई है.देशी-विदेशी पर्वतारोही अब नेपाल की ओर से ही इस पर चढ़ते हैं.नेपाल की ओर से जारीनेपाल के सांस्कृतिक, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल एक मार्च से 1 मई तक 78 लोगों को कंचनजंगा अभियान के लिए परमिट जारी किए गए थे.इससे नेपाल सरकार को प्रति पर्वतारोही दो से ढाई हजार अमेरिकी डालर की रायल्टी मिलती है.यह रकम यात्रा के दिनों और सुविधाओं पर निर्भर है.

## लॉस एंजिलिस हिंसा के लिए जेडी वेंस ने डेमोक्रेट्स को ठहराया दोषी

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में संघीय आव्रजन विभाग के छापों को लेकर हुई हिंसा के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम और लॉस एंजिलिस की मेयर करेन बास को दोषी ठहराया। इसके अलावा वेंस ने पहले लैटिन अमेरिकी सीनेटर एलेक्स पैडिला को जोस पैडिला कहा। जोस पैडिला राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के प्रशासन के दौरान अलकायदा आतंकवाद के एक दोषी साजिशकर्ता का नाम है। जिसे 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। सीनेटर जोस पैडिला को एक सप्ताह पहले अधिकारी जबरन जमीन पर ले गए थे और हथकड़ी लगाई थी। क्योंकि उन्होंने लॉस एंजिलिस में आव्रजन छापों पर होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम के एक समाचार सम्मेलन के दौरान अपनी बात रखी थी। वेंस ने कहा कि मुझे उम्मीद थी



कि जोस पैडिला यहां सवाल पूछने के लिए आएंगे। मुझे लगता है कि उन्होंने इसलिए नहीं आने का फैसला किया क्योंकि वहां कोई थिएटर नहीं था। और बस यही बात है।वेंस ने कहा कि पैडिला अपने वामपंथी समूहों में वापस जाना चाहते हैं और कहना चाहते हैं, देखो, मैं सीमा प्रवर्तन के खिलाफ खड़ा हुआ था। मैं डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ खड़ा हुआ था। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने लॉस एंजिलिस में मल्टीएजेंसी फेडरल जॉइंट ऑपरेशन सेंटर और मोबाइल कमांड सेंटर का दौरा किया। ट्रंप ने वेंस को लॉस एंजिलिस ऐसे समय में भेजा है जब इस्राइल-ईरान युद्ध और इससे अमेरिका की भावी भूमिका को लेकर उथल-पुथल मची हुई है। इससे साफ है कि ट्रंप अपनी कठोर आव्रजन नीतियों को राजनीतिक महत्व देते हैं। संघीय आव्रजन प्रवर्तन कार्यालयों का दौरा करने के बाद वेंस ने कहा कि गैविन न्यूसम और कैरेन बास ने शहर को एक अभयारण्य शहर के रूप में मानते हुए मूल रूप से कहा है कि यह संघीय कानून प्रवर्तन के लिए खुला मौका है। यहां जो हुआ वह एक त्रासदी थी। आपके पास ऐसे लोग थे जो कानून लागू करने का सरल काम कर रहे थे और उनके पास गवर्नर और मेयर द्वारा उकसाए गए दंगाई थे, जिससे उनके लिए अपना काम करना मुश्किल हो गया। यह शर्मनाक है। और यही कारण है कि राष्ट्रपति ने इतनी जोरदार प्रतिक्रिया दी है। जेडी वेंस के बयान के बाद गवर्नर न्यूसम के प्रवक्ता इजी गार्डन ने कहा कि उपराष्ट्रपति का दावा पूरी तरह से झूठा है। गवर्नर ने लगातार हिंसा की निंदा की है और अपना रुख स्पष्ट किया है। वहीं मेयर करेन बास ने कहा कि वेंस झूठ और बकवास फैला रहे हैं। संघीय सरकार ने एक स्टंट पर करोड़ों डॉलर बर्बाद कर दिए।

## ट्रंप ने तुलसी गबार्ड के बयान को किया खारिज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के बयान को खारिज किया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के परमाणु हथियार न बनाने के बारे में उनकी राय गलत थी। उन्होंने कहा कि युद्धविराम के लिए ईरान पर इस्राइल के हमलों को रोकना बहुत कठिन होगा। तुलसी गबार्ड ने कहा था कि अमेरिकी जासूसी एजेंसियों का मानना है कि ईरान परमाणु हथियारों पर काम नहीं कर रहा है। इसे लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने जवाब दिया कि मेरा खुफिया समुदाय गलत है। खुफिया समुदाय में किसने ऐसा कहा? जब ट्रंप को बताया गया कि गबार्ड ने ऐसा कहा था तो वे बोले कि वह गलत है। ट्रंप ने इस बात पर संदेह जताया कि बातचीत से इस्राइल और ईरान के बीच लड़ाई रुक सकती है। भले ही वे युद्ध विराम का समर्थन करते हों, लेकिन ईरान पर इस्राइल के हमलों को रोकना बहुत मुश्किल हो सकता है। ईरान के इस्राइली हमलों को रोकने में अमेरिका के हस्तक्षेप करने की अपील के बारे में ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि अभी यह अनुरोध करना बहुत कठिन है। ट्रंप ने कहा कि अगर कोई जीत रहा है, तो ऐसा करना किसी के हारने की तुलना में थोड़ा कठिन है। लेकिन हम तैयार, इच्छुक और सक्षम हैं और हम ईरान से बात कर रहे हैं और हम देखेंगे कि क्या होता है? ट्रंप ने कहा कि युद्ध के मामले में इस्राइल अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

# इजराइली हमले में ईरान के ड्रोन कमांडर की मौत, अब तक 12 अफसरों की हत्या

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 9वां दिन है। इस बीच इजराइल ने ईरान के ड्रोन कमांडर अमीन पोर जोदखी को हवाई हमले में मारने का दावा किया है। इससे पहले इजराइल ने 13 जून को ड्रोन यूनिट के चीफ ताहर फुर की हत्या कर दी थी। इसके बाद से जोदखी के पास ही ड्रोन यूनिट की जिम्मेदारी थी। इजराइल अब तक ईरान के 12 से ज्यादा सैन्य अफसरों की हत्या कर चुका है। इसमें ईरानी सेना के चीफ मोहम्मद बाघेरी, आईआरजीसी चीफ होसैन सलामी समेत कई और बड़े नाम हैं।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे इजराइल को जंग रोकने के लिए नहीं कहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर कोई जीत रहा है तो उसे रोकना मुश्किल है। ईरान और इजराइल के बीच शनिवार को भी जंग जारी है। ईरान ने सुबह इजराइल में तेल अवीव समेत दूसरे शहरों पर मिसाइल हमला किया। इससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, इजराइल ने भी जवाबी हमला करते हुए ईरान में कोम, इस्फहान में मिसाइल हमले किए। इसमें 2 लोगों की मौत हुई है और 4 घायल हैं। बीते 8



दिनों में इजराइल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं ईरान में 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। यह आंकड़ा वॉशिंगटन स्थित ईरानी ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दिया है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने बताया कि ईरान की कुद्स फोर्स में फिलिस्तीनी मामलों के प्रमुख सईद इजादी को इजराइली सेना ने ईरान के शहर कोम में एक अपार्टमेंट पर हमले में मार गिराया है। काट्ज ने कहा कि इजादी वही शख्स था जिसने 7 अक्टूबर 2023 हमले के लिए हमास को पैसा मुहैया कराया था। काट्ज ने इजादी के मारे जाने पर खुशी जताई और कहा कि इजराइल अपने दुश्मनों को कहीं से भी ढूंढ निकालने में काबिल है। काट्ज ने पुराने डॉक्यूमेंट का भी जिक्र किया जिसमें लिखा था कि 2021 में हमास नेताओं ने ईरानी सेना के एक बड़े अधिकारी को पत्र भेजकर इजराइल पर हमला करने के लिए 500 मिलियन डॉलर की मदद मांगी थी। इसमें लिखा है कि ईरान ने आर्थिक मुश्किलों के बावजूद हमास को पैसा देना जारी रखा।

**इस्राइल ने इस्फहान परमाणु केंद्र पर हमला किया:** ईरान ने कहा है कि इस्राइल ने उसके इस्फहान परमाणु केंद्र पर हमला किया है। हालांकि इस हमले में किसी तरह का लीकेज नहीं हुआ है। ईरान ने ये नहीं बताया कि परमाणु केंद्र को इस हमले में कितना नुकसान हुआ है। इस्राइल ने रातभर की ईरान में बमबारी, मिसाइल प्रोग्राम को बनाया निशाना

इस्राइली सेना आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया। दरअसल हिजबुल्ला ने ईरान के समर्थन की बात कही थी। इस हमले में हिजबुल्ला के एक ऑपरेटिव की मौत हुई है।

## ईरान-इस्राइल संघर्ष विराम के लिए यूरोप की पहल, फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने किया प्रस्ताव का खुलासा

**पेरिस, एजेंसी।** ईरान और इस्राइल के बीच संघर्ष विराम की कोशिशें शुरू हो गई हैं। यूरोप के देशों द्वारा इसे लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस प्रस्ताव का खुलासा किया है, जिसके अनुसार, ईरान को यूरेनियम संवर्धन का काम रोकना होगा। साथ ही ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को रोकना होगा और पूरे पश्चिम एशिया में सक्रिय उग्रवादी संगठनों को भी अपना समर्थन देना बंद करना होगा। ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर किए हुए हैं और ईरान यूरेनियम संवर्धन को अपना अधिकार बताता है। ईरान का कहना है कि उसका यूरेनियम संवर्धन करना अंतराष्ट्रीय कानून के तहत वैध है। लेकिन बढ़ते अंतराष्ट्रीय दबाव और खासकर इस्राइल के ताजा हमलों के बाद ईरान पर परमाणु समझौता करने का दबाव बढ़ गया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129